CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 07° C

लखनऊ, शुक्रवार 6 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 92 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 17 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



असमानता व असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा : खड़गे पेज 2



पाकिस्तान नहीं खेलेगा भारत के साथ टी-20 मैच: शहबाज शरीफ खेल टाइम्स



नेपाल : मधेश के हाथ में होगी सत्ता की चाबी सम्पादकीय



भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद: रूस पेज 12

# प्रधानमंत्री के साथ कुछ भी हो सकता था: लोकसभा स्पीकर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। इसलिए उनकी बुधवार शाम 5 बजे होने वाली स्पीच टालनी पड़ी। आशंका के चलते मैंने ही उनसे न आने का आग्रह किया था।

बुधवार को पीएम की स्पीच के दौरान कांग्रेस लोकसभा में उन पर हमला करने की योजना बना रही थी, इसी आशंका के चलते स्पीकर ने सदन स्थगित करने का फैसला लिया। दरअसल, पीएम मोदी 5 फरवरी को लोकसभा में शाम 5 बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित कर दी। इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया था। वहीं, धन्यवाद प्रस्ताव को हंगामे के बीच गुरुवार को पास कराया गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय में जो हुआ, वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंचकर कोई अप्रत्याशित घटना कर सकते थे। बिरला ने विपक्षी सांसदों से कहा कि आप पोस्टर लेकर आएंगे, तो सदन नहीं चलेगा। जिस तरह से महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची, उसे देश ने देखा। ये उचित नहीं था। ये सदन की गरिमा के अनुकूल भी नहीं था। इस बीच विपक्ष के सांसद हंगामा कर रहे थे, इसको देखते हुए स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा की कार्रवाई शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। बुधवार को शाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं। इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी। महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था– जो सही है, वो करो। ये सांसद मंगलवार को हंगामे के बाद 8 विपक्षी सांसदों के निलंबन का विरोध कर रही थीं। हंगामे के चलते स्पीकर ने कार्यवाही स्थगित कर दी। कुछ मंत्रियों ने विपक्षी सांसदों से जाने को कहा, इसके बाद उन्होंने घेराव बंद किया।



## ओम बिरला बोले-इसलिए मैंने लोकसभा में उनकी स्पीच टाली

### दावा: कांग्रेस ने हमले की प्लानिंग की थी

कांग्रेस ने पीएम पर हमला करने की योजना बनाई थी। प्रधानमंत्री सदन में मौजूद थे और जवाब देने के लिए भी आने वाले थे। इस दौरान स्पीकर को कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पर हमला किए जाने की योजना की जानकारी मिली थी। साथ ही कांग्रेस ने महिला सांसदों को ढाल के तौर पर आगे किया था। इसी वजह से सदन को स्थगित करने का फैसला लिया गया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में बुधवार को विपक्ष और भाजपा सांसदों के बीच भी बहस हुई थी। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है, इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम की कुर्सी का घेराव करने वालों में विपक्षी सांसद वर्षा गायकवाड़ और ज्योतिमणि भी शामिल थीं।

# यूपी में गुमशुदा लोगों की तलाश में नाकामी पर हाईकोर्ट सख्त

- कहा: एसीएस गृह और डीजीपी हाजिर हों, होगा जवाब-तलब

**लखनऊ।** उप्र में गुमशुदा लोगों की तलाश मामले में अफसरों के सुस्त रवैये पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए ब्योरे को देखकर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से निजी हलफनामे पर जवाब मांगा है।

कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई पर यह दोनों अफसर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अदालत के समक्ष पेश होंगे। उनसे पूछा है कि गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए क्या प्रक्रिया अपनाते हैं और दो साल में एक लाख गुम लोगों की तलाश में नाकामी की क्या वजह है। इसके लिए अगर कोई कार्यप्रणाली नहीं है, तो इसके लिए एसओपी बनाई जाए। खंडपीठ ने गुरुवार को यह आदेश राजधानी के चिनहट निवासी विक्रमा प्रसाद की याचिका पर दिया। याची ने जुलाई 2024 में गुम हुए अपने 32 साल के पुत्र की तलाश के निर्देश पुलिस को देने का आग्रह किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### धर्मशाला में जन्मी तिब्बती महिला भारतीय नागरिक घोषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जन्म के आधार पर नागरिकता की संवैधानिक गारंटी को बरकरार रखते हुए एक महत्वपूर्ण फैसले में 1966 में धर्मशाला में जन्मी तिब्बती मूल की महिला को भारतीय नागरिक घोषित किया है। न्यायालय ने अधिकारियों को उसे तुरंत भारतीय पासपोर्ट जारी करने का निर्देश भी दिया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने दो फरवरी को यांगचेन द्राकमार्ग्यापोन की एक रिट याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि उनका मामला नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 3(1)(क) के दायरे में आता है। यह कानून 26 जनवरी 1950 से एक जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्मे हर व्यक्ति को जन्म के आधार पर भारतीय नागरिकता प्रदान करता है।

### बिहार चुनाव को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंची जन सुराज पार्टी

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों में 'बड़े पैमाने पर अनियमितताओं' का आरोप लगाते हुए चुनाव को चुनौती दी है और पुन: चुनाव करवाने का आग्रह करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर की गई याचिका में बिहार सरकार पर आरोप लगाया गया है कि आचार संहिता लागू होने के बाद मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत महिला मतदाताओं के बैंक खातों में 10,000 रुपये डाले गए और इस योजना में नए लाभार्थियों के नाम भी जोड़े गए थे।

### अल-फलाह विवि चेयरमैन चार दिन की पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली।** एक निचली अदालत ने विवादों में घिरे अल-फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी और वित्तीय कदाचार के मामले में चार दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सिद्दीकी को दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। यह कार्रवाई यूजीसी द्वारा दर्ज कराई गई औपचारिक शिकायतों के बाद शुरू की गई है।

# पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

## मोदी ने कहा: कितने ही नारे लगा लो कब्र नहीं खोद पाओगे


शाह टाइम्स ब्यूरो

**रोज दो किलो गाली खाता हूं, मोहब्बत की दुकान वाले मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे, जो लोग थक गए, बेचारे चले गए, इनको जवाब देना पड़ेगा**

**देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी दुनिया का कोई भी देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था, कोई आपके साथ नहीं आना चाहता था**

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जवाब दिया। विपक्ष की ओर से जोरदार नारेबाजी के बीच उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि धन्यवाद प्रस्ताव पर समर्थन के लिए इस सदन में अपनी भावनाओं को व्यक्त करना मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। देश आज तेज प्रगति कर रहा है।

मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। क्या ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है, विपक्ष की नारेबाजी पर उन्होंने कहा कि कितने ही नारे लगा लो, कब्र नहीं खोंद पाओगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग थक गए, बेचारे चले गए, लेकिन इनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी कि दुनिया का कोई भी देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था। आपने कोशिश की होगी, लेकिन कोई आपके साथ नहीं आना चाहता था। दुनिया के देश अब भारत के साथ ऐसे ही समझौते नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे एक वजह यह है कि एक विकसित देश विकासशील देश के साथ समझौता करता है तो उसे बड़ा बाजार मिलता है। मेरे लिए यह नई बात नहीं है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन करता था। तब इस वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में राज्य का एक साझेदार देश जापान हुआ करता था। यह राज्य के लिए एक गर्व की बात थी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी की हुई गलतियों को ठीक करने में जा रही है। दुनिया के मन में उनके समय की जो छवि है, उसको धोने में मेरी ताकत लगती है। इस काम के लिए हमने भविष्य के लिए तैयार नीति पर बल दिया है। देश नीति के आधार पर चल रहा है। विश्व का विश्वास बन रहा है। हमने सुधार (रिफॉर्म), प्रदर्शन (परफॉर्म) और बदलाव (ट्रांसफॉर्म) पर जोर दिया और आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है। हम सबके लिए प्रेरणादायी है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की उम्र को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरी एक प्रार्थना है। आदरणीय खड़गे जी की उम्र को देखते हुए, अगर वे बैठकर भी नारे लगाना चाहें तो लगा सकते हैं। पीछे कई सारे युवा नेता हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश के मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, बहुत ही विस्तार से भारत के प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजा है। देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति भी भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि देश का हर व्यक्ति यह महसूस कर रहा है कि एक अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। न हमें रुकना है, न हमें पीछे मुड़कर देखना है। हम आगे ही आगे देखना है और लक्ष्य को प्राप्त करके ही हमें सांस लेनी है। उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत के भाग्य के लिए अनेक संयोग एक साथ हमें नसीब हुए हैं। ये अपने आप में बहुत ही उत्तम संयोग है। सबसे बड़ी बात है कि विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं।



### 2004 के बाद पहली बार लोकसभा में पीएम की स्पीच के बिना धन्यवाद प्रस्ताव पास

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 7वें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। इससे पहले 10 जून 2004 को विपक्ष ने तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह को धन्यवाद प्रस्ताव पर नहीं बोलने दिया था। गुरुवार को लोकसभा शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। इस पर स्पीकर ने पहली बार 65 सेकंड के भीतर, दूसरी बार 5 मिनट में, तीसरी और चौथी बार 2-2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। 3 बजे हंगामे के बाद लोकसभा शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं कांग्रेस के लोकसभा से निलंबित सांसद मणिकम टैगोर ने कहा था कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात रखने की इजाजत नहीं दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम नरेंद्र मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा।

# उप्र में चाइनीज मांझे से मौत को माना जाएगा हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मुख्यमंत्री योगी का रुख सख्त
- राज्य में चाइनीज मांझे के इस्तेमाल और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई



**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि अब से चाइनीज मांझे से मौत होने को हत्या माना जाएगा। इसका इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। सीएम योगी ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए यूपी पुलिस को सघनता से अभियान चलाने का निर्देश दे दिया है।

लखनऊ में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक युवक की मौत के बाद सीएम योगी ने बेहद सख्त फैसले लिए हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को इस पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने सख्त लहजे में कहा है कि चाइनीज मांझे की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चाइनीज मांझे की सप्लाई करने वाले अवैध नेटवर्क की पहचान करने और उन्हें खत्म करने का आदेश अधिकारियों को दिया है। लखनऊ हादसे और सीएम योगी के निर्देश के बाद यूपी पुलिस भी एक्टिव हो गई है। लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में चाइनीज मांझा बेचने वालों की पहचान करने के लिए छापेमारी की गई है। लखनऊ में चार फरवरी को मोहम्मद शोएब नाम के एक युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के चलते मौत हो गई।, वह बाइक से जा रहे थे। इस दौरान उनके गले में चाइनीज मांझा फंस गया और उनकी गर्दन कट गई। वह बाइक समेत नीचे गिर पड़े। खून से लथपथ वह तकरीबन 10 मिनट तक तड़पते रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। इस बीच इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव ने किया आत्मसमर्पण

- दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से कर दिया था इन्कार

**नई दिल्ली।** एक्टर राजपाल यादव ने गुरुवार को तिहाड़ जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस केस में उनकी सजा के सिलसिले में समय सीमा बढ़ाने से इन्कार कर दिया था। साथ ही उन्हें तिहाड़ जेल में सरेंडर का आदेश दिया था। जेल के एक सूत्र ने बताया कि राजपाल यादव ने गुरुवार को शाम 4 बजे जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। अब जेल अधिकारी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का पालन करेंगे। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने बीते दिन बुधवार को राजपाल यादव को जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर करने के लिए दी गई समय सीमा बढ़ाने से इन्कार कर दिया था।

## मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी। बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। नोंग्रांग ने कहा कि अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं।

# तेल खरीद पर भारत के रवैये में बदलाव नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

- स्रोतों में विविधता से ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता: विदेश मंत्रालय
- रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट की

**नई दिल्ली।** भारत ने रूस और वेनेजुएला से तेल खरीद को लेकर चल रही तमाम अटकलबाजियों के बीच गुरुवार को स्पष्ट किया कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत के पहले के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और वह अपने लोगों के हित में पहले की तरह की कदम उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाजार परिस्थितियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है। भारत के सभी कदम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं और आगे भी लिए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक वेनेजुएला का सवाल है वह ऊर्जा क्षेत्र में लंबे समय से भारत का साझेदार रहा है व्यापार के स्तर पर भी और निवेश के स्तर पर भी। उन्होंने कहा कि हम 2019-20 तक वेनेजुएला से ऊर्जा और कच्चा तेल आयात कर रहे थे, जिसके बाद हमें इसे रोकना पड़ा। इसके बाद 2023-24 में हमने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू किया, लेकिन प्रतिबंध दोबारा लगाए जाने के बाद हमें इसे फिर से रोकना पड़ा। प्रवक्ता ने कहा कि भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों की वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनी के साथ साझेदारी रही है और भारत की वहां 2008 से मौजूदगी बनी हुई है।



### ईरान में हिरासत में लिए गए 16 में से 8 भारतीय नाविक रिहा : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** ईरान में हिरासत में लिए गए 16 भारतीय नाविकों में से आठ को रिहा कर दिया गया है और उनके स्वदेश लौटने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि शेष नाविकों के संबंध में भारतीय दूतावास के अधिकारी ईरानी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमें ईरान में 16 नाविकों तक कांसुलर पहुंच मिली है। बंदर अब्बास में हमारे अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार इन 16 में से आठ को रिहा कर दिया गया है और वे भारत लौट रहे हैं। शेष आठ नाविकों के मामले में हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं और उन्हें समुचित सहायता देने के तरीकों पर काम कर रहे हैं।

# UPSC सेवा में रहते हुए बार बार परीक्षा देने का रास्ता बंद

- रैंक सुधारने का मौका सिर्फ एक बार, नए नियम 2026 से लागू

**नई दिल्ली।** संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है। आयोग ने इस बार 933 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है।

आवेदन की आखिरी तारीख 24 फरवरी है। परीक्षा केंद्र में फेस आथेंटिकेशन के बाद ही एंट्री दी जाएगी। इस बार प्रयास और पात्रता से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। इसके मुताबिक अब सिलेक्शन के बाद दोबारा परीक्षा देने की आजादी पहले जैसी नहीं रहेगी। नए प्रावधानों में सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद कर दिया गया है। वहीं, आईएएस और आईएफएस को लेकर पुराने नियम जस के तस रखे गए हैं। चयनित अफसर को एक बार परफॉर्मेंस बेहतर करने का मौका मिलेगा। जैसे किसी का 2026 में आईपीएस में सिलेक्शन हुआ, तो वह 2027 में परफॉर्मेंस बेहतर करने की परीक्षा देने का पात्र होगा। उसके बाद अगर वह परीक्षा देना चाहता है, तो उसे सेवा से इस्तीफा देना होगा। पहले से आईपीएस में चयनित या नियुक्त उम्मीदवार सीएसई 2026 से दोबारा आईपीएस नहीं पा सकेंगे। वहीं प्रीलिम्स के बाद, लेकिन मेन्स से पहले अगर आईएएस या आईएफएस बनते हैं, तो मेन्स लिखने की अनुमति नहीं मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पदाधिकारियों का निलंबन लोकतंत्र पर हमला: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पदाधिकारियों के निलंबन को छात्र लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि यह कार्रवाई जेएनयू के करीब 8,000 छात्रों के जनादेश का अपमान है, जिन्होंने अपने प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुना है। चौधरी ने आरोप लगाया कि जब 'सरकारी' छात्र संगठन चुनाव जीतने में असफल रहता है, तब सरकार और प्रशासन विरोधी छात्र संगठनों की आवाज दबाने के लिए निलंबन, जुर्माने और डराने-धमकाने जैसे हथकंडे अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पुस्तकालय में कथित अनधिकृत बायोमेट्रिक निगरानी के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध करने पर पदाधिकारियों को दंडित करना एक खतरनाक तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है।

### इंडिगो के खिलाफ करेंगे सीसीआई के महानिदेशक जांच

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने दिसम्बर 2025 में बड़ी संख्या में उड़ानों में व्यवधान के लिए इंडिगो को प्रथमदृष्टया नियमों के उल्लंघन का दोषी मानते हुए आयोग के महानिदेशक को उसके खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। इंडिगो ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि सीसीआई ने चार फरवरी के आदेश में उसके खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। सीसीआई के आदेश में कहा गया है कि जिन यात्रियों ने इंडिगो की उड़ानों के टिकट बुक कराए थे, उनके पास अंतिम समय में उड़ान रद्द होने की सच्चाई स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

# अखिलेश ने ईसी और भाजपा पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ भाजपाइयों के घरों पर अपना झंडा लगाने के साथ उनके घरों को बूथ बना दे चुनाव आयोग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधा है।

अखिलेश यादव ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर कड़ा बयान देते हुए कहा कि आज हालात ऐसे बना दिए गए हैं, मानो भारत निर्वाचन आयोग और भाजपा के बीच कोई फर्क ही न रह गया हो। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तो ऐसा लगता है जैसे चुनाव आयोग का झंडा भाजपाइयों को पीठासीन अधिकारी बनाने के साथ उनके घरों पर लगा दिया जाए और बूथ भी वहीं बना दिए जाएं। गुरुवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने पूछा क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को ठेके पर अपना काम दे दिया है या भाजपा ने चुनाव आयोग को संविदा पर रख लिया है। प्रशासनिक पर्यायवाची कोश में 'चुनाव आयोग' को 'भाजपा' के पर्यायवाची के रूप में जोड़ देना चाहिए। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मौजूदा शासनकाल में सरेआम वोट काटने-बढ़ाने जैसी गतिविधियां हो रही हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाएं आंख मूंदे बैठी हैं। आज जो लोग वोट छीन रहे हैं, वे कल जनता के बाकी अधिकार भी छीनेंगे।

# आसाराम के अहमदाबाद आश्रम पर चलेगा बुलडोजर

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में आसाराम आश्रम की 45,000 स्क्वायर मीटर से ज्यादा पब्लिक जमीन पर राज्य सरकार के अधिकार को बरकरार रखा है। कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले ने लंबे समय से चल रही कानूनी उलझन को खत्म कर दिया है और शहर के भविष्य के खेल और शहरी विकास का रास्ता साफ कर दिया है। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है। अब इस पर बुलडोजर चलाया जाएगा। यह विवादित जमीन मोटेरा जैसे बहुत ही अहम इलाके में है, जो नरेंद्र मोदी स्टेडियम और सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बगल में है। अहमदाबाद कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 और भविष्य में होने वाले ओलंपिक्स की तैयारी कर रहा है।

# असमानता, असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत सम्पत्ति सिमटी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में असहिष्णुता तेजी से बढ़ रही है और भाजपा आरएसएस असमानता को बढ़ावा दे रहे हैं। खड़गे ने कहा कि कि देश में असमानता लगातार बढ़ रही है और केवल एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत संपत्ति सिमट कर रह गई है। राज्यपाल केंद्र सरकार की एजेंट बनकर काम कर रहे हैं और जिन राज्यों में भाजपा का शासन है वहां असहिष्णुता तेजी से फैल रही है।

खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर उत्तराखंड की एक घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने एक युवक 'मोहम्मद दीपक' पर मुकदमा दर्ज किया। जो सद्भावना की रक्षा के लिए खड़ा हुआ था। अगर रक्षक ही भक्षक बन जाएगा, तो आम आदमी रक्षा के लिए कहां जाएगा। जो शख्स झगड़ा सुलझाने के लिए जाता है, भाजपा के लोग उसी को धमकाते और मारते हैं। इसीलिए मैं कहता हूं भाजपा के पास सहिष्णुता नहीं है। उन्होंने कहा कि गैर राजग शासन वाले राज्यों में राजभवन भाजपा आरएसएस के दफ्तर बन गए हैं। राज्यपाल केंद्र सरकार के एजेंट की तरह काम करते हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल, हर जगह राज्यपालों ने कैबिनेट से पारित भाषणों से इंकार किया और विधेयकों को रोकने जैसे कदम उठाए। श्री खड़गे ने कहा कि भाजपा आरएसएस के मन में बराबरी की बात कभी नहीं रही है। उनकी सोच अमीरों को और अमीर बनाना और गरीबों को और गरीब बनाना है। उन्होंने वैश्विक असमानता रिपोर्ट 2026 का हवाला दिया, जिसके अनुसार भारत में टॉप एक प्रतिशत लोगों के पास देश की लगभग 40 प्रतिशत कुल संपति सिमटी चुकी है, टॉप 10 प्रतिशत दो-तिहाई यानी 65 प्रतिशत हाउसहोल्ड एसेट के मालिक हैं, आय के स्तर पर भी टॉप 10 प्रतिशत अकेले 58 प्रतिशत राष्ट्रीय आय ले जा रहा है, जबकि सबसे नीचे के स्तर 50 प्रतिशत को सिर्फ 15 प्रतिशत पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि आपकी विकास की सोच पसंदीदा, चुनिंदा पूंजीपतियों के लिए है। मेहनतकश लोगों की दिक्कतों से आपका कोई मतलब नहीं। यही आपका विकसित भारत है। नौजवानों की पीड़ा से इस सरकार को कोई मतलब नहीं।

## यूपी में कृषि ऋण स्वीकृति प्रक्रिया पूरी तरह से बदली: योगी

# किसानों को अब पांच मिनट में ई-केसीसी से ऋण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 2026-27 के लिए कृषि ऋण लक्ष्य तीन लाख करोड़ रुपये तय किया गया, सरकार और किसान कर रहे हैं एआई का प्रयोग

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिए किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। योगी ने कहा कि आज सरकार और किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों द्वारा संचालित कसया मिल्क प्रोड्यूसर एफपीओ (1005 सदस्य) और मथुरा की 750 महिलाओं वाली सरसों उत्पादक कंपनी पूरे प्रदेश के लिए रोल मॉडल हैं। महिलाओं ने प्रोसेसिग और वैल्यू एडिशन के जरिए बेहतर मुनाफा कमाया है। सरकार ऐसे प्रयासों को हर स्तर पर सहयोग देगी।

योगी ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' के विजन के तहत सहकारिता क्षेत्र में डिजिटलीकरण से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले बंद होने की कगार पर खड़े 16 जिला सहकारी बैंकों में से 15 आज मुनाफे में हैं। एमएसएमई सेक्टर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) योजना ने उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स कार्यरत हैं और लगभग 3 करोड़ परिवार इससे जुड़े हैं। निर्यात 84 हजार करोड़ से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। योगी ने कहा कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को 2.14 लाख करोड़ का भुगतान हुआ, जबकि बीते 9 वर्षों में ही 3 लाख करोड़ का भुगतान किया गया है।

### 2017 के बाद गन्ना किसानों को तीन लाख करोड़ का भुगतान: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में गन्ना किसानों की स्थिति में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को कुल 2.14 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि वर्ष 2017 से 2025 के बीच केवल 8.9 वर्षों में 3 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री यह बातें राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आधे समय से भी कम अवधि में पिछली सरकारों की तुलना में 86 हजार करोड़ रुपये अधिक भुगतान गन्ना किसानों को किया गया है। योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार गन्ना किसानों को 400 रुपये प्रति क्विटल का भुगतान कर रही है। यह सरकार की किसान हितैषी नीतियों और ठोस निर्णयों का परिणाम है, जिससे अन्नदाता किसानों को सीधा लाभ मिला है।

# उत्तर मध्य भारत में कोहरा व बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ 8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिल्ली को सबसे ठंडा बताया गया

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान गिरने के बीच गुरुवार को दिल्ली में दृश्यता में सुधार हुआ। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पालम को 8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिल्ली में सबसे ठंडा जगह बताया और चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में कई पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर और मध्य भारत में कोहरा, बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

दिल्ली के बेस स्टेशन सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आया नगर में 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। सुबह तड़के पालम में न्यूनतम दृश्यता 1,100 मीटर दर्ज की गई। मौसम विज्ञान ने कहा कि दो पश्चिमी विक्षोभों के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने का अनुमान है, जिससे पांच-छह फरवरी और फिर नौ-दस फरवरी को छिटपुट बारिश और हिमपात हो सकता है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों और पश्चिम मध्य प्रदेश के अलग- अलग स्थानों पर सुबह और रात के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति छह फरवरी तक बने रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में सात फरवरी तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है, जबकि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तरपूर्वी राजस्थान, उप-हिमालई पश्चिम बंगाल और सिक्किम, झारखंड और मेघालय में अगले कुछ दिनों तक कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


सेंसेक्स 83313.93
निफ्टी 25642.80


सोना 154570
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश


चांदी रु. 300000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 504 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को चौतरफा बिकवाली रही और बीएसई का सेंसेक्स 503.76 अंक (0.60 प्रतिशत) टूटकर 83,313.93 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत फिसलकर 25,642.80 अंक पर आ गया। तीन दिन की तेजी के बाद बाजार में बिकवाली हावी रही है। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। धातु, ऑटो, आईटी, निजी बैंकों, रियलटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल, बीईएल, आईटीसी और इंफोसिस में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, इंडिगो, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। ट्रेंट का शेयर करीब तीन प्रतिशत और टाटा स्टील का एक प्रतिशत से अधिक चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर भी हरे निशान में रहा।

# सोना और चांदी की चमक फीकी पड़ी

**नई दिल्ली।** सोने की चमक लगातार दो दिनों की तेजी के बाद गुरुवार को फीकी पड़ी और चांदी भी आज सस्ती हुई है। आज 24 कैरट वाला सोना प्रति दस ग्राम 5020 और 22 कैरट की शुद्धता वाला सोना 4600 सस्ता हुआ है। अब चांदी की बात करें, तो एक किलो चांदी भी दिल्ली में आज सस्ती हुई है।

आज प्रति किग्रा यह 20,000 गिरी है। दिल्ली में आज 24 कैरट वाला सोना 1,54,570, 22 कैरट वाला सोना 1,41,700 और 18 कैरट वाला सोने की कीमत 1,15,970 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई में 24 कैरट वाला सोना 1,54,420, कोलकाता में 1,54,420 , चेन्नई में 1,56,220, बेंगलुरु में 1,54,420 , हैदराबाद में 1,54,420 , लखनऊ में 1,54,570, पटना में 1,54,470, जयपुर में 1,54,570 और अहमदाबाद में 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम है। दिल्ली में चांदी फिसलकर आज 3,00,000 प्रति किलो के भाव में बिक रही है। बाकी अहम महानगरों की बात करें तो मुंबई और कोलकाता में भी यह इसी भाव पर बिक रही है, लेकिन चेन्नई में इसका भाव प्रति किग्रा 2,99,900 है यानी कि चारों महानगरों में सबसे महंगी चांदी चेन्नई में ही बिक रही है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट-रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी और करेंसी) जतिन त्रिवेदी के मुताबिक रिकॉर्ड हाई से आई गिरावट, मार्जिन में बढ़ोतरी और मुनाफावसूली के चलते बाजार में फिलहाल काफी वोलैटिलिटी बनी हुई है। कमोडिटी एक्सपर्ट एनएस रामास्वामी के मुताबिक सोना और चांदी में आई हालिया गिरावट जरूरत से ज्यादा तेजी के बाद एक नेचुरल शशेकआउटश रही। उनका कहना है कि डक्लर में मजबूती ने कुछ बिकवाली को जरूर ट्रिगर किया।

# चावल, गेहूं सस्ता, दालें चीनी महंगी, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। वहीं चीनी और दालों में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये घटकर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी चार रुपये सस्ता हुआ और 2,871 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। वहीं आटा 11 रुपये महंगा हुआ। दाल- दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 53 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल में 50 रुपये और मसूर दाल में 38 रुपये की तेजी रही। उड़द दाल 34 रुपये और चना दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 17 रिंगिट टूटकर 4,208 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.23 प्रतिशत की गिरावट में 55.49 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 35 रुपये और पाम ऑयल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 20 रुपये और मूंगफली तेल की 10 रुपये गिर गई। वहीं वनस्पति 32 रुपये और सूरजमुखी तेल 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# देश में बनेगा उभयचर विमान एल्बेट्रोस 2-0 का पिछला हिस्सा

**नई दिल्ली।** पानी और जमीन दोनों पर उतरने में सक्षम उभयचर विमान बनाने में विशेषज्ञता रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई कंपनी एंफीबियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (एएआई) ने भारत में अपने एल्बेट्रोस 2-0 विमानों के एक हिस्से के निर्माण के लिए भारतीय कंपनी एपोजी एयरोस्पेस के साथ करार किया है।

साथ ही एएआई ने इन विमानों के रक्षा और सरकारी ग्राहकों को विमानों की बिक्री के लिए एपोजी एयरोस्पेस को भारतीय उपमहाद्वीप में अपना प्राधिकृत प्रतिनिधि सहयोगी भी घोषित किया है। इसके अलावा एल्बेट्रोस विमानों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिग (एमआरओ) सुविधा देने के लिए भी प्राधिकृत किया गया है। दोनों कंपनियों द्वारा गुरुवार को आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एपोजी एयरोस्पेस एल्बेट्रोस 2-0 विमान के लिए टेल सेक्शन (पिछले हिस्से) का निर्माण करेगी। एएआई की प्रवर्तक कंपनी एंफीबियन एयरक्राफ्ट होल्डिंग्स (एएएच) के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष ख्वा होंग ने कहा कि भविष्य में देश में असेम्बली लाइन लगाने की भी उनकी योजना है। उन्होंने कहा कि देश में उभयचर विमानों के लिए काफी बड़ा बाजार है। कंपनी ने एल्बेट्रोस 2-0 के तीन संस्करण लॉन्च किए हैं - सैन्य, सरकारी और वाणिज्यिक। एएएच के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपी रेड्डी ने बताया कि भारतीय नौ सेना ने चार उभयचर विमानों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं और कंपनी को विश्वास है कि उसे इसका ऑर्डर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को तत्काल 25-30 उभयचर विमानों की जरूरत है। रेड्डी ने कहा कि पहले चरण में तीन साल में 25-30 विमानों के भारत में आने की उम्मीद है। भारत इन विमानों का इस्तेमाल करने वाला एशिया का पहला देश होगा। उन्होंने बताया कि एल्बेट्रोस का डेमो विमान अगले चार-छह महीने में भारत में आ जाएगा जबकि ग्राहक के इस्तेमाल के लिए पहला विमान डेढ़ से दो साल में आ सकता है। उन्होंने बताया कि शुरुआती 15 विमान की कीमत 3,500 करोड़ रुपये के आसपास हो सकती है।

# प्लास्टइंडिया 2026 प्रदर्शनी शुरू, कई देश ले रहे हैं हिस्सा

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रमुख प्लास्टिक प्रदर्शनियों में से एक, प्लास्टइंडिया 2026, गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य तौर पर देश की प्लास्टिक का सामान बनाने में हुई प्रगति को दिखाया गया है। चार से 10 फरवरी तक चलने वाले इस वैश्विक कार्यक्रम का यह सालाना संस्करण रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस मेले का मुख्य फोकस विनिर्माण-आधारित विकास और बड़े पैमाने पर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक आत्मनिर्भर औद्योगिक आधार बनाने पर है। इसमें 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय स्टॉल लगे हैं और इनमें मशीनरी, कच्चे माल और अन्य चीजों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्लास्टइंडिया मेले में शून्य कचरा प्रौद्योगिकी को पहली बार ध्यान में रखा जा रहा है। साथ ही इसमें नई चीजों की खोज एवं स्टार्ट-अप को विशेष ध्यान दिया गया है।

# चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले आयोजित किया केंद्रीय पर्यवेक्षकों का सम्मेलन

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ 824 निर्वाचन क्षेत्रों में पारदर्शी चुनाव की भूमिका पर जोर

चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों के लिए दो दिवसीय सम्मेलन शुरू किया, जिसमें 824 निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

चुनाव आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सम्मेलन के लिए देश के विभिन्न राज्यों से कुल 1,444 अधिकारियों को बुलाया गया है, जिनमें 714 सामान्य पर्यवेक्षक, 233 पुलिस पर्यवेक्षक और 497 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये सत्र पांच और छह फरवरी को नई दिल्ली में भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ मिलकर पर्यवेक्षकों को संबोधित किया और चुनावी प्रक्रिया के दौरान उनसे आयोग की अपेक्षाओं के बारे में बताया। पर्यवेक्षकों को चुनाव आयोग के मार्गदर्शक बताते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में उनकी उपस्थिति पूरी चुनाव मशीनरी में नई ऊर्जा भर देगी। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करने के लिए चुना गया है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हों। लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं संधू ने पर्यवेक्षकों के लिए जमीनी स्तर पर सुलभ और सक्रिय रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों को क्षेत्र में चुनाव अधिकारियों के लिए एक दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में काम करना चाहिए। उनके आने की जानकारी अच्छी तरह से प्रचारित की जानी चाहिए और उन्हें आसानी से उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि मतदाताओं की शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके और पक्षपात की कोई भी आशंका न रहे। आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर देते हुए श्री जोशी ने कहा कि पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आयोग के निर्देशों को 'अक्षरश: और भावना से' लागू किया जाए। साथ ही निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखा जाए। उन्होंने वोटर सूचना स्लिप (वीआईएस) के समय पर वितरण के महत्व पर भी जोर दिया, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। आयोग ने पर्यवेक्षकों के साथ इंटरैक्टिव संदेह-निवारण सत्र भी आयोजित किए। वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें चुनावी सूची तैयार करने, पांच चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने, सूचना प्रौद्योगिकी एप्लिकेशन और प्लेटफॉर्म के उपयोग और चुनाव के दौरान मीडिया से संबंधित मामलों को संभालने के प्रमुख पहलुओं के बारे में जानकारी दी। यह दोहराते हुए कि केंद्रीय पर्यवेक्षक आयोग के 'आंखें और कान' होते हैं, आयोग ने उनसे चुनाव कानूनों, नियमों और दिशानिर्देशों से अच्छी तरह परिचित होने और उनके सख्त और निष्पक्ष अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सीधी प्रतिक्रिया देने को कहा।

# मतदाता जागरूकता सम्मेलन में वोट की रखवाली का आह्वान

### बिना साक्ष्य के फार्म-7 स्वीकार न करें बीएलओ, निर्वाचन अधिकारी, अन्यथा होंगे दोषी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/अयोध्या।** गोशाईंगंज विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मयाबाजार ब्लाक के आलापुर केवटहिया में सुरेंद्र कुमार मांझी और तारून ब्लाक के केशरुआ बुजुर्ग में रामसूरत निषाद के संयोजकत्व में मतदाता जागरूकता सम्मेलन आयोजित हुआ।बतौर मुख्य अतिथि मतदाता जागरूकता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व 276-गोशाईंगंज विधानसभा के प्रभारी/प्रत्याशी चौ.लौटनराम निषाद ने वोट की रखवाली का आह्वान किया। उन्होंने कहा की लोकतंत्र में सबसे बा अधिकार मताधिकार है।संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान के माध्यम से सभी को वोट का अधिकार दिया, महारानी का वोट हो चाहे मेहतरानी का, जमींदार का वोट हो या हरवाहा, चरवाहा,जलवाहा व करवाहा का,सबके वोट की कीमत बराबर है।उन्होंने कहा कि जिस तरह बहन-बेटी के आबरू की रक्षा की जाती है,

उसी तरह अपने वोट की रखवाली करनी चाहिए। उन्होंने कहा किभाजपा-आरएसएस ने पीडीए का वोट काटने के लिए एसआईआर लेकर आया और जब इसमें इनको सफलता नहीं मिली तो अब अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से फार्म-7 भरकर पीडीए विशेषकर मुस्लिम मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से कटवाने के षडयंत्र में लगाया है। जौनपुर, वाराणसी, अमेठी व सुल्तानपुर से खबरें आयी है कि भाजपा पदाधिकारी फार्म-7 पर बीएलओ व सुपरवाइजर पर हस्ताक्षर करने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब एसआईआर हो गया तो इतने बें पैमाने पर फार्म-7 भरने का औचित्य ही नहीं है।उन्होंने उप निर्वाचन अधिकारी/उपजिलाधिकारी व बीएलओ/सुपरवाइजर ऐसे किसी भी फार्म-7 को उचित दस्तावेज व निवास सम्बंधी प्रमाणपत्र और कोई किसी दूसरे का फार्म-7 भरकर देता है तो उसे कत्तई स्वीकार न करें अन्यथा इस तरह के फार्म पर हस्ताक्षर करने व स्वीकार करने वाले सहायक निर्वाचन अधिकारी/एसडीएम, बीएलओ,सुपरवाइजर दोषी माने जायेंगे।भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर संविधान व लोकतंत्र का गला घोंटने में जुटी हुई है। निषाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पीडीए के लोगों का नाम मतदाता सूची से कटवाने के लिए गलत तरीके अपना रही है।जब एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है तो एसआईआर फार्म न भरने वालों का नाम मतदाता सूची से स्वत: विलोपित हो जायेगा। इसीलिए हर मतदाता अपने वोट की जांच-पड़ताल करे। सभी पदाधिकारी, जोनल व सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, बीएलए, पीडीए प्रहरी सक्रियता से जुट जाएं और एफआईआर लिखवाएं या कानूनी मदद के लिए पार्टी कार्यालय से संपर्क करें। वोटरों के नाम काटनें में शामिल कोई भी गुनाहगार बचना नहीं चाहिए। मतदाता जागरूकता सम्मेलन को समाजवादी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव विजय बहादुर वर्मा, समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जगन्नाथ पाल,मयाबाजार ब्लाक अध्यक्ष विन्देश्वरी प्रसाद यादव, तारून ब्लाक अध्यक्ष अजीत पटेल,संदीप यादव सनी, आमिर उर्फ बब्लू खान जोनल प्रभारी, रविन्द्र वर्मा, अमरनाथ निषाद, स्वामीनाथ शर्मा, कांशीराम कन्नौजिया, दिनेश गौं पूर्व प्रधान, रामजग निषाद प्रधान, हरीराम निषाद, बब्बन भारती, रामदीन निषाद, रामनाथ निषाद पूर्व प्रधान, अभय नारायण शर्मा, रामबचन सैनी सेक्टर प्रभारी-महबूबगंज, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, राजेश मौर्य, पंकज कुमार रावत, अनिल विश्वकर्मा, जितेन्द्र प्रजापति, राजाराम शर्मा, महेश कुमार वनवासी, उदयभान यादव, केदारनाथ कोरी, रंजीत निषाद, मायाराम निषाद, हौसिला प्रसाद यादव, पंकज निषाद, सुरेश यादव सेक्टर प्रभारी-लालपुर, श्यामसुन्दर गुप्ता आदि ने सम्बोधित किया।

# 12 फरवरी की अखिल भारतीय हड़ताल को सफल बनाने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ट्रेड यूनियन सेंटर ऑफ इंडिया की केंद्रीय समिति ने देश के मजदूर वर्ग और सभी ट्रेड यूनियनों से 12 फरवरी की अखिल भारतीय हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाने की अपील की है। ट्रेड यूनियन सेंटर ऑफ इंडिया की केंद्रीय समिति ने इस हड़ताल में सभी राज्य समितियों, जिला समितियों तथा संब( ट्रेड यूनियनों की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

मोदी सरकार ने भारत की आलथक आत्मनिर्भरता को अमेरिकी साम्राज्यवाद के झुनझुने के बदले में गिरवी रख दिया है। इस समझौते के तहत अमेरिका को भारतीय उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने का अधिकार दिया गया है, जबकि भारत में अमेरिकी उत्पादों को शुल्क-मुक्त प्रवेश प्रदान किया गया है।

परिणामस्वरूप भारतीय उत्पादों की कीमतें घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गिर गई हैं। इसके विपरीत, भारत में अमेरिकी साम्राज्यवादी उत्पादों के लिए व्यापक बाजार और ऊंचे मुनाफे की गारंटी सुनिश्चित की गई है। यह एक खतरनाक परिस्थिति है, जो देश की पूरी अर्थव्यवस्था को हिला देगी।ेअमरीकी साम्राज्यवाद के प्रति फासिस्ट मोदी सरकार द्वारा किए गए इस विश्वासघात का बोझ मजदूर वर्ग और किसान वर्ग को उठाना पड़ रहा है। मजदूरों की मेहनत का अवमूल्यन किया जा रहा है और किसानों की उपज का दाम तथा बाजार दोनों नष्ट किए जा रहे हैं। इससे गंभीर आलथक अस्थिरता उत्पन्न हुई है और मेहनतकश वर्ग गहरे संकट में है। पहले से ही देश के अधिकांश हिस्सों में मेहनतकश वर्ग न्यूनतम मजदूरी, रोजगार की सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन के लिए जीवन-मरण का संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे समय में केंद्र सरकार कॉरपोरेट परस्त चार नए श्रम कानूनों के माध्यम से मजदूर वर्ग पर बड़ा हमला कर रही है। इसी प्रकार, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को समाप्त करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं। आज यह अत्यंत आवश्यक है कि 12 फरवरी की अखिल भारतीय हड़ताल को धुर दक्षिणपंथी गरीब मेहनतकश विरोधी मोदी सरकार की इन किसानख्रमजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एक व्यापक जनआंदोलन में परिवलत्तत किया जाए और मेहनतकशों की पूर्ण विजय तक संघर्ष जारी रखा जाए। अत: टीयूसीआई की केंद्रीय समिति देश के सभी मजदूरों, किसानों, प्रगतिशील संगठनों और लोकतांत्रिक शक्तियों से इस हड़ताल में सक्रिय भागीदारी करने और मोदी सरकार की धुर जनविरा.ेधी नीतियों के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध दर्ज करने की अपील करती है।

### उन्नाव में सड़क हादसे में पति-पत्नी व दो बच्चों की मौत

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चे शामिल हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी हसनगंज अरविद कुमार ने बताया कि रात करीब 11:30 बजे लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे एक ट्रक ने सड़क पार कर रहे दूसरे ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर कानपुर की दिशा में जा रहे बाइक सवार परिवार को कुचलता हुआ निकल गया। बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अजगैन थाना क्षेत्र के वीरेंद्र, उनकी पत्नी तथा 9 वर्षीय पुत्री और 6 वर्षीय पुत्र के रूप में हुई है।

# यूपी के गांव हो रहे हाईटेक, प्लास्टिक कचरे से बनाई 75 किलोमीटर लंबी सड़क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गांव अब स्वच्छता और नवाचार की नई पहचान गढ़ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण, घर-घर कूड़ा संग्रहण कर उससे खाद निर्माण और आय सृजन के अभिनव प्रयोगों ने प्रदेश के ग्रामीण परिख्रश्य को हाईटेक बना दिया है।

राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुरू कर वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। इस पहल से अब तक 3 करोड़ रुपये से अधिक की आय सृजित हो चुकी है। वहीं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों से 29 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई की गई है। इस योजना के तहत पंचायतीराज विभाग प्रदेश में 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल पर काम कर रहा है। पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ गांव महाभियान के तहत कूड़े को संसाधन में बदला जा रहा है। प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग कर सड़क निर्माण, जैविक कचरे से खाद उत्पादन और पंचायतों की आय बढ़ाने के ये प्रयोग प्रदेश के हर गांव को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस योजना के जरिए प्रदेश के हर गांव में अभिनव प्रयोग किए जाएंगे। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, विभाग ग्राम पंचायतों को नवाचार के माध्यम से मजबूत करने के लिए प्रतिब) है। गांव-गांव स्वच्छता अभियान के साथ प्लास्टिक वेस्ट के यूटिलाइजेशन से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि करोड़ों रुपये की आय भी सृजित हो रही है।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने लिखा मुख्य सचिव को पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल के पत्र दिनांक 02 फरवरी पर एक विस्तृत प्रतिवेदन मुख्य सचिव को भेजा गया है। जिसमें कर्मचारियों की समस्या में आपका कराया। नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के लिए कठोर से कठोर निर्णय लिए जाने के लिए एस पी गोयल जाने जाते हैं।

मानव संपदा पोर्टल पर चल अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराए जाने का प्रकरण इसी संदर्भ में लिया जाना चाहिए। वैसे तो यह कोई नई बात नहीं है, राज्य कर्मियों को प्रत्येक वर्ष चल अचल संपत्ति का विवरण दर्ज करना होता है। लेकिन इस बार जिस तरह से इस प्रकरण का अनुश्रवण मुख्य सचिव द्वारा स्वयं कर रहे है। इस बार मुख्य सचिव के निर्देश पर 47816 कर्मियों का जनवरी का वेतन इसलिए रोका गया है क्योंकि उन्होंने अपनी संपत्ति का विवरण मानव संपदा पर दर्ज नहीं कराया है। संपत्ति का विवरण हर साल दर्ज कराया जाता है लेकिन इस बार मुख्य सचिव इस प्रकरण में काफी सख्त हैं।

लेकिन अब डिजिटल ट्रैक के माध्यम से इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है, जिसका डर कलमयों को सता रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम श्रेणी के 18 परसेंट से अधिक अधिकारियों ने अपनी संपत्ति का विवरण दर्ज नहीं कराया है, जबकि तृतीय श्रेणी के 974 से भी अधिक कर्मचारी अपनी संपत्ति का विवरण दर्ज करा चुके हैं। 944 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भी अपना विवरण पोर्टल पर दर्ज करा दिया है। इस मामले में वरिष्ठ अधिकारी ही सबसे पीछे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों की संपत्ति का विवरण देना उनके लिए काफी जटिल होता है, वयं के नाम प्रॉपर्टी खरीदने के बजाय अपने रिश्तेदारों के नाम खरीद लेते हैं। ऐसे में सही विवरण दर्ज कराते हैं तो उनकी आय और संपत्ति में असंगति उत्पन्न हो जाएगी और निश्चित रूप से वर्तमान मुख्य सचिव के कार्यकाल में कार्यवाही हो जाएगी और यदि नहीं दर्ज कराते हैं तो मामला संज्ञान में आने पर भी कार्यवाही होगी। इसी दुविधा के चलते वरिष्ठ अधिकारी चल चल संपत्ति का विवरण दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। उनको वेतन रोका जाना मंजूर है लेकिन उनके खिलाफ कार्यवाही हो, यह मंजूर नहीं है। जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा, लोक निर्माण, राजस्व, पंचायती राज, गृह ,पशुधन, वित्त, वन, समाज कल्याण,सिंचाई ,बाल विकास, पुष्टाहार जैसे विभागों में अधिकाधिक अधिकारी है जिन्होंने अपनी चल अचल संपत्ति का विवरण नहीं दिया है। जहां तक तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा मानव संपदा पोर्टल पर चल चल संपत्ति का विवरण दर्ज नहीं कराए जाने का सवाल है, इनकी संख्या नगण्य है। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी को मिलाकर 104 से भी कम ऐसे कर्मचारी हैं जो अपनी संपत्ति का विवरण दर्ज नहीं करा पाए। इसका कारण यह है कि मानव संपदा पर संपत्ति लोड करने की प्रक्रिया बहुत ही जटिल है। कई बार पोर्टल लॉगिन की समस्या होती है। जे एन तिवारी ने तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का जनवरी माह का वेतन आहरित करने की अपील भी मुख्य सचिव से किया है।

### रुपयों के विवाद में भाई ने बहन को गोली मारकर हत्या की

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में रुपयों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में भाई ने अपनी बहन की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार रात थाना शाहगंज क्षेत्र के अयोध्या कुंज मोहल्ले की है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरा.ेपी मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार आरोपी रवि अपने दो साथियों के साथ बहन अनीता के घर पहुंचा था। रुपयों को लेकर दोनों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। गुरुवार रात भी कहासुनी के दौरान मामला बढ़ गया, जिसके बाद रवि ने तमंचा निकालकर अनीता को गोली मार दी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# समाजवादी युवजन सभा के अंजुम रईस बने राष्ट्रीय सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर लखीमपुर खीरी के थवरनगंज, कोर्ट रोड निवासी अंजुम रईस को समाजवादी युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है।



पार्टी पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि अंजुम रईस अपनी नई ज़िम्मेदारी का निर्वहन करते हुए समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे तथा संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए क्रांतिकारी अभिवादन प्रेषित किया है।

# उप्र के प्रत्येक सेक्टर में कुछ न कुछ नया कार्य हुआ व सम्भावनाओं को मिली नई उड़ान : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश है। हमारी कार्य क्षमता व दक्षता से अनलिमिटेड पोटेंशियल तब दिखाई देगी, जब विकसित भारत के साथ विकसित उत्तर प्रदेश तथा आत्मनिर्भर भारत के साथ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त होगा। इस प्रकार के सेमिनार इस लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री जी आज यहां उत्तर प्रदेश के प्राथमिक क्षेत्रों में ऋण सम्भाविता पर आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी 2026-27 में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने नाबार्ड द्वारा तैयार राज्य फोकस पेपर 2026-27 का विमोचन तथा ई-के0सी0सी0 पोर्टल का लोकार्पण किया। उन्होंने एफ0पी0ओ0, जिला सहकारी बैंक, महिला स्वयं सहायता समूह, पैक्स कम्प्यूटरीकरण तथा व्यावसायिक गतिविधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस राज्य क्रेडिट सेमिनार में प्रगतिशील किसानों, एफ0पी0ओ0, एम0एस0एम0ई0 सेक्टर में कार्य करने वाले उद्यमियों और को-ऑपरेटिव सेक्टर में पैक्स के माध्यम से सहकारिता आन्दोलन को धरातल पर उतारने वाले महानुभावों की सक्सेस स्टोरी को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अन्य लोग भी इस दिशा में कार्य करते हुए इनकी सक्सेस स्टोरी का लाभ उठाकर अपने कैरियर को नई ऊंचाई प्रदान कर सकते हैं। नाबार्ड ने आज यहां उत्कृष्ट कार्य करने वाले एफ0पी0ओ0, एस0एच0जी0, पैक्स, को-ऑपरेटिव बैंक्स को सम्मानित किया है। यह एक अच्छी पहल है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि दिव्यांगजन द्वारा संचालित कसया मिल्क प्रोडयूसर्स कुशीनगर में स्थित है। दिव्यांगजन को अपनी सक्सेस स्टोरी रखने के लिए प्लेटफार्म मिलना चाहिए। इस मिल्क प्रोडयूसर में 1005 सदस्य हैं। यह मिल्क प्रोडयूसर बुन्देलखण्ड में स्थित बलिनी मिल्क प्रोडयूसर की तर्ज पर कार्य कर रहा है। दिव्यांजन ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस सेक्टर को मजबूत करते हुए लोगों की आंखें खोलने का अभिनन्दनीय कार्य किया है। मथुरा में स्थित 750 महिला सदस्यों वाली मथुरा मॉंट मस्टर्ड उत्पादक कम्पनी मस्टर्ड ऑयल का प्रोसेसिंग कर अच्छा मुनाफा कमा रही है। हमें इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। यदि अन्नदाता व प्रगतिशील किसानों, एम0एस0एम0ई0 सेक्टर में कार्य करने वाले हस्तशिल्पियों, कारीगरों तथा सहकारिता के प्रति रुचि रखने वाले लोगों को थोड़ा भी हम प्रोत्साहित करेंगे तो इसके अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्वयं को स्थापित कर रहा है। आजादी के बाद पहली बार सहकारिता मंत्रालय कार्य कर रहा है। एफ0पी0ओ0 तथा महिला स्वयंसेवी समूहों को प्रत्येक स्तर पर प्रोत्साहन मिल रहा है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से लखपति दीदी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में तैयार प्रोडक्ट को मार्केट से ललक करने के लिए शी-मार्ट की स्थापना की व्यवस्था इस बार के यूनियन बजट में की गई है। अनेक प्रोत्साहनों तथा मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप सभी सेक्टर तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नीयत साफ हो तो उसके परिणाम भी स्पष्ट दिखाई देते हैं। सरकार ने एक जनपद एक उत्पाद योजना के माध्यम से एम0एस0एम0ई0 सेक्टर को प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप, आज उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जो अपने यहां एम0एस0एम0ई0 सेक्टर में 05 लाख रुपये की सुरक्षा बीमा का कवर प्रदान करता है। प्रदेश में 96 लाख एम0एस0एम0ई0 इकाईयां कार्य कर रही हैं। 03 करोड़ परिवार आजीविका के लिए इसी सेक्टर पर निर्भर हैं। यह तब सम्भव हो पाया, जब सरकार ने एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत स्थानीय उत्पादों की ब्रालण्डग, टेक्नोलॉजी, मार्केट, पैकेजिंग, डिजाइनिंग आदि से जोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक जनपद एक उत्पाद योजना' देश में ब्राण्ड बन चुकी है। प्रदेश में निर्यात 84,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 01 लाख 86,000 करोड़ रुपये हो चुका है। प्रधानमंत्री जब दुनिया के किसी देश में जाते हैं, तो वह वहां के राष्ट्राध्यक्षों को 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना से जुड़े उत्पादों को उपहारस्वरूप प्रदान करते हैं। विगत 03 वर्षों से प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में 'इण्टरनेशनल ट्रेड-शो' का आयोजन किया जा रहा है। गत वर्ष के आयोजन में प्रदेश के एफ0पी0ओ0 द्वारा किए गए बेहतरीन कार्य को सराहा गया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक सेक्टर में कुछ न कुछ नया कार्य हुआ तथा सम्भावनाओं को नई उड़ान मिली है। विगत दिनों सम्पन्न स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक में अवगत कराया गया।

# मांझे से हुई मौत पर मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी में मांझे से हुई दर्दनाक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय लो. कदल (रालोद) उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने स मुख्यमंत्री से पतंगबाज़ी को लेकर सख़्त कदम उठाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि मनोरंजन और शौक़ के नाम पर हो रही लापरवाही अब लोगों की जान ले रही है, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। मयंक त्रिवेदी ने कहा कि पतंग उड़ाने पर या तो पूरी तरह रोक लगाई जाए या फिर इसे केवल खुले और सुरक्षित मैदानों तक सीमित किया जाए, ताकि सड़क पर चलने वाले राहगीर, दोपहिया वाहन सवार और आम नागरिक इस तरह की जानलेवा घटनाओं का शिकार न हों। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। मयंक त्रिवेदी ने कहा कि मृतक अपने पीछे दो छोटी बेटियों को छोड़ गया है और उसका हंसता-खेलता परिवार पूरी तरह उजड़ गया है,

जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। रालोद मीडिया प्रभारी ने कहा कि यह घटना सिर्फ़ एक परिवार का नुकसान नहीं है,

बल्कि पूरे समाज और प्रशासन के लिए चेतावनी है। यदि समय रहते सख़्त फैसले नहीं लिए गए, तो ऐसे हादसे आगे भी होते रहेंगे। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से कठोर नियम लागू किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी और परिवार की खुशियां इस तरह न उजड़ें।

### मिर्जापुर में आपसी विवाद में युवक की हत्या, आरोपी की पिटाई

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिले में शहर कोतवाली क्षेत्र के पक्का पोखरा मोहल्ला में बुधवार रात शराब के नशे में हुए आपसी विवाद ने हिसक रूप ले लिया। धारदार हथियार से गले पर वार कर एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अपर पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार सिंह ने बताया कि पंचदेव नोनिया चौहान का मोहल्ले के ही रमेश बेनवंशी धरीकार से विवाद हो गया था। झगड़े के दौरान रमेश ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पंचदेव को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह भी घायल हो गया।

# फतेहपुर में ट्रैक्टर-कार की भिड़ंत, ससुर-दामाद की मौत, बेटा गंभीर

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गुरुवार दोपहर ट्रैक्टर और स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में कार सवार ससुर और दामाद की मौके पर मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पंजाब के लुधियाना जिले के सिरोली गांव निवासी राजकुमार शर्मा (50) अपने दामाद सतीश शर्मा (28) और बेटे मोहित (17) के साथ फतेहपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। असोथर थाना क्षेत्र के जरौली पंप कैनाल रोड पर उनकी कार की सामने से आ रहे ट्रैक्टर से तेज टक्कर हो गई, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ढाबे पर युवक के साथ जमकर मारपीट

## वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी चुंगी पर स्थित एक ढाबे में युवक के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ लोग एक युवक को घेरकर बेल्टों से पीट रहे हैं। युवक खुद को बचाने की कोशिश करता नजर आ रहा है, लेकिन हमलावर लगातार उस पर वार करते रहते हैं। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने की काफी कोशिश भी की।बताया जा रहा है कि यह घटना एक खाने के होटल के अंदर या उसके परिसर में हुई। फिलहाल मारपीट के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान ले लिया है।

कटघर थाना पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और ढाबे की पहचान कर ली गई है। मारपीट में शामिल लोगों की शिनाख्त के लिए वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित युवक की पहचान और मेडिकल जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि



दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ग्रामीण ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह के द्वारा पुलिस कार्यालय में स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने रिट सेल, फीडबैक सेल, जनशिकायत प्रकोष्ठ सहित अन्य संबंधित कार्यालयों का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ग्रामीण ने कार्यालयों में रखे अभिलेखों की जांच करते हुए उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव और समय-समय पर अद्यावधिक किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों और प्रकरणों का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर किया जाना चाहिए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो।कुंवर आकाश सिंह ने रजिस्टरों, फाइलों और कंप्यूटर रिकॉर्ड की स्थिति की समीक्षा करते हुए



कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रविष्टियां पूर्ण और सही तरीके से दर्ज हों। इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, व्यवस्था और अनुशासन पर विशेष ध्यान देने को कहा। एसपी ग्रामीण ने यह भी कहा कि जनशिकायत प्रकोष्ठ आम लोगों से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए यहां आने वाले फरियादियों से संवेदनशीलता और शालीनता के साथ व्यवहार किया जाए।निरीक्षण के अंत में उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस कार्यालय का उद्देश्य जनता को त्वरित और प्रभावी सेवा उपलब्ध कराना है।

## एक नजर

### केयरटेकर एसोसिएशन ने डीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की उठाई मांग




**मुरादाबाद।** समुदायिक शौचालय केयरटेकर एसोसिएशन ने गुरुवार को जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी विभिन्न लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत केयरटेकर लंबे समय से समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक उनका समाधान नहीं हो पाया है। ज्ञापन में मुख्य मांग रखी गई कि केयरटेकरों का मानदेय किसी माध्यम के बजाय सीधे प्रशासन द्वारा उनके बैंक खातों में भेजा जाए, जिससे भुगतान में होने वाली देरी और अनियमितताओं पर रोक लग सके। इसके साथ ही हर महीने समय से मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई।एसोसिएशन ने कहा कि केयरटेकर वर्षों से बेहद कम मानदेय में कार्य कर रहे हैं, जबकि उनके कार्य की जिम्मेदारी और मेहनत काफी अधिक है। ऐसे में मानदेय में वृद्धि की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।इसके अलावा कई केयरटेकरों का मानदेय महीनों से रुका हुआ है, जिसे तत्काल जारी करने की मांग की गई। एसोसिएशन ने यह भी मांग की कि केयरटेकरों को ईएसआईडी कार्ड की सुविधा दी जाए, ताकि उन्हें स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा से जुड़े लाभ मिल सकें।ज्ञापन सौंपते समय केयरटेकरों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की।

### जिला अस्पताल में राजकीय नर्सेस संघ के तत्वाधान में नर्सिंग कर्मियों ने काली पट्टी पहनकर किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन




**मुरादाबाद।** नर्सिंग पेशा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का मजबूत स्तंभ है। दिन-रात कठिन परिस्थितियों में मरीजों की सेवा करने वाले नर्सिंग कर्मियों ने अपने अधिकारों और सम्मान की मांग को लेकर एकजुट होकर आवाज बुलंद की। ऑल इंडिया गवर्नमेंट नर्सेस फेडरेशन के आह्वान पर 02 फरवरी से 05 फरवरी तक जिला चिकित्सालय में नर्सिंग कर्मियों ने काली पट्टी पहनकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।नर्सिंग कर्मियों का कहना है कि लंबे समय से ज्ञापन, वार्ता और शांतिपूर्ण संवाद के बावजूद उनकी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। समान कार्य के लिए समान वेतन, समयबद्ध पदोन्नति, लंबित भत्तों का भुगतान, आउटसोर्सिंग और संविदा प्रथा पर रोक, स्टाफ की भारी कमी दूर करने तथा 8वें वेतन आयोग में नर्सिंग से जुड़ी न्यायसंगत सिफारिशें लागू करने जैसी मांगें अब तक लंबित हैं।

इन समस्याओं के कारण न केवल नर्सिंग कर्मियों का शोषण हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।इसी क्रम में 06 फरवरी को जंतर-मंतर, नई दिल्ली पहुंचकर राष्ट्रव्यापी स्तर पर अपनी मांगें रखने का आह्वान किया गया है। इस आंदोलन में राजकीय नर्सेस संघ जिला अस्पताल की जिला अध्यक्ष पूनम मेसी, जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा, कोषाध्यक्ष सीमा भारती, उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री कामिनी सिंह, मंडल अध्यक्ष विलेम विक्टर सहित स्नेह ज्योति, माधुरी चौधरी, ऋचा, सपना पाल, सपना चौहान, निशात अंजुम, अंकिता गुप्ता, रेनू यादव, योजना चौहान, रितिका, आरती, नीलम, उमा प्रियंका, शालिनी, सरस्वती पूजा समेत अनेक नर्सिंग ऑफिसरों ने सक्रिय भागीदारी की।नर्सिंग कर्मियों ने सरकार से मांग की है कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वह पूरी निष्ठा से मानवता की सेवा करते रहें।

### मुरादाबाद की ऐतिहासिक उपलब्धि: 'मेड इन इंडिया' आईवीएल एंजियोप्लास्टी से बाईपास से इंकार कर चुके मरीजों को मिली नई उम्मीद

**मुरादाबाद।** शहर के उजाला सिग्नस ब्राइटस्टार हॉस्पिटल में हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है। अस्पताल में पहली बार भारत में बनी इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी प्टस तकनीक से



जटिल एंजियोप्लास्टी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। यह प्रक्रिया डॉ. प्रो. संदीप मिश्रा और डॉ. पंकज गोयल की टीम ने एक बुजुर्ग मरीज पर की, जो बाईपास सर्जरी कराने से मना कर चुके थे।डॉक्टरों के अनुसार मरीज की हृदय धमनियों में अत्यधिक कैल्सीफाइड ब्लॉकेज थी, जिसे आईवीएल तकनीक की मदद से सुरक्षित रूप से तोड़ा गया। इस प्रक्रिया में मेरिल लाइफसाइंसेज की स्वदेशी "मेसन" प्रणाली का उपयोग किया गया, जिसके बाद तीन ड्रग-एल्यूटिंग स्टेंट सफलतापूर्वक लगाए गए आईवीएल तकनीक हल्की सोनिक प्रेशर वेव्स से धमनियों में जमे कठोर कैल्शियम को तोड़ती है, जिससे एंजियोप्लास्टी अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनती है। डॉक्टरों ने बताया कि इससे उन मरीजों को भी राहत मिल सकती है, जिनके लिए पहले केवल बाईपास ही विकल्प था।अस्पताल प्रबंधन ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए कहा कि अब मोरादाबाद में भी विश्वस्तरीय, किफायती और अत्याधुनिक हृदय उपचार उपलब्ध है।

### पॉक्सो एक्ट में दोषी को 13 वर्ष का कारावास

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी द्वारा अपराधियों को लगातार दंडित किया जा रहा है। यदि आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य एवं दोष सिद्ध होता तो उसे दंड मिलना निश्चित है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह ने अपराध संख्या 235/2019 में अभियुक्त पप्पू पुत्र स्व. सोमपाल निवासी रुदायन मौहल्ला पछाया, थाना इस्लामनगर, जिला बदायूं को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 एवं 366 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। वादी ने 15 जून 2019 को कोतवाली चन्दौसी में तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री बुद्धनगर खण्डुवा से दवा लेने चन्दौसी आई थी, परंतु शाम तक घर नहीं लौटी। गुड्डू पुत्र वीरसिंह निवासी रुदायन थाना इस्लामनगर जिला बदायूं दो अन्य व्यक्तियों के साथ पीडिघ्ता को बहला-फुसलाकर ले गया और उसे पंजाब ले जाकर अभियुक्त पप्पू को बेच दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 363 के तहत तीन वर्ष का कारावास एवं 3,000 रुपये अर्थदंड, धारा 366 के तहत पांच वर्ष का कारावास एवं 6,000 रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत 13 वर्ष का कारावास एवं 50,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया, साथ ही आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। सजा कराये जाने में विशेष लोक अभियोजक आदित्य कुमार सिंह, एचएम रामकुमार सिंह, पैरोकार बृजपाल सिंह का सहयोग रहा।

# भैंस चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव तुरखेडा में भैंस चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास नकदी भी बरामद हुई। एक आरोपी की पुलिस को तलाश है। तुरखेड़ा गांव के राकेश पुत्र बीरबल ने 24 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 जनवरी की रात अज्ञात चोर उसके घर से बंधी हुई भैंस को चोरी करके ले गए। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। जिसके बाद पुलिस ने जिला रामपुर के थाना सैफनी के गांव ललवारा के महेंद्र पुत्र बुद्धा को गिरफ्तार किया। जिसने बताया कि उसने गोरा शाहगढ़ के विक्रम पुत्र मोती के साथ 21 जनवरी की रात में चोरी की थी। विक्रम ने भैंस को भेज दिया। उसके हिस्से में आए 20500 दे दिए। पैसा खर्च हो गया, बाकी 8050 बचे हैं। पुलिस ने रुपए बरामद करके आरोपी को जेल भेज दिया।

# राजकीय हाई स्कूल सफीलपुर में वार्षिक समारोह धूमधाम से सम्पन्न, छात्राओं की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम सफीलपुर स्थित राजकीय हाई स्कूल सफीलपुर में बुधवार (04 फरवरी 2026) को वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से जुड़ी अनेक विशिष्ट हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया। समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वय (समग्र शिक्षा) सुनीता चौधरी उपस्थित रहीं।

उनके साथ अलका (प्रधानाचार्या, राजकीय हाई स्कूल वीरपुर बरियार), स्वदेश (प्रधानाचार्य, राजकीय हाई स्कूल नागलिया मशकूला), नीलू तथा भूपेंद्र (राजकीय इंटर कॉलेज पकवाड़ा, मुरादाबाद) ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता चमोली द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय



की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसके बाद अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर वार्षिक समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया गया। स्वागत गीत पर छात्राओं के मनमोहक नृत्य ने उपस्थित जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने नृत्य, फनी कॉमेडी एवं नुक्कड़ नाटक जैसी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे सत्र में संचालित करियर गाइडेंस कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार की गई विद्यालय पत्रिका "पंखख्रप्रेरणा" का विमोचन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अतिथियों के हाथों सम्मानित भी किया गया। समारोह के अंत में प्रधानाचार्या अनीता चमोली ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्वाति ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में कंचन सिंह एवं लता देवी का विशेष सहयोग रहा। यह वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की उपलब्धियों के उत्सव, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

# सरकारी दुकानों पर खाद्यान्न का वितरण 8 से 26 के बीच कराए जाने के निर्देश

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सरकारी दुकानों पर निशुल्क खाद्यान्न का वितरण 8 से 26 फरवरी के बीच कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं कहा गया है की डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत 7 फरवरी तक दुकानों पर खाद्यान्न पहुंच जाना चाहिए जिन ब्लॉकों में सिंगल स्टेज डिलीवरी की व्यवस्था क्रियान्वित है वहां संबंधित पूर्ति निरीक्षक द्वारा जहां सिंगल स्टेज डिलीवरी वर्तमान में क्रियान्वित नहीं है वहां हार्ड गोदाम प्रभारी द्वारा उठान का रियल टाइम अपडेशन सुनिश्चित किया जाएगा। दुकान पर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन उप जिलाधिकारी द्वारा उक्त नोडल अधिकारी के माध्यम से वितरण आरंभ होने के पूर्व सुनिश्चित कराया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी उप जिला अधिकारी की होगी संबंधित पूर्ति निरीक्षक द्वारा खाद्यान्न एवं बाजार तथा ज्वार के उचित दर दुकान पर पहुंचने की सूचना नोडल अधिकारी को व्हाट्सएप के माध्यम से समय से दी जाएगी। जिससे गेहूं चावल बाजरा तथा ज्वार के भौतिक सत्यापन पर वितरण हेतु नोडल अधिकारी की उपस्थिति समय से सुनिश्चित की जा सके कहा गया की समस्त जनपदों में ई-पास मशीनों से आवश्यक वस्तुओं का वितरण कराया जाएगा खाद्यान्न निशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी विक्रेता अपने उपलब्ध स्टाक की सीमा तथा पोर्टेबिलिटी ट्रांजैक्शन कर सकेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वह उक्त दिवस को गेहूं व चावल का ई पास के माध्यम से निर्वाण निशुल्क वितरण सुनिश्चित करेंगे खाद्यान्न के वितरण की अंतिम तिथि 26 फरवरी होगी।आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त नहीं कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण संपन्न किया जा सकेगा खाद्यान्न वितरण सुबह 8:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं दोपहर 2:00 से शाम 6:00 बजे तक होगा कोशिश रहेगी की कोई भी पात्र लाभार्थी अनुमन्य वस्तुओं की प्राप्ति से वंचित न रह सके। इस कार्यक्रम का प्रचार प्रचार भी समय से कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# राजकीय हाईस्कूल वीरपुर बरियार खरक में हुआ वार्षिकोत्सव प्रतिभा सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ब्लॉक मुंडापांडे क्षेत्र की ग्राम पंचायत वीरपुर बरियार खरक में वार्षिक उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। इस वार्षिक उत्सव में अतिथिगण समग्र शिक्षा की जिला समन्वयक अधिकारी सुनीता चौधरी, ऋषिकुल इंटर कॉलेज मुरादाबाद से गजेंद्र सिंह व सनील कुमार महोदय जी, राजकीय हाई स्कूल सफीलपुर की प्रधानाचार्या अनीता चमोली जी की गरिमामय उपस्थिति रही।

वार्षिक समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया।छात्राओं ने स्वागत गीत, कव्वाली नृत्य, योगा आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसकी अतिथियों व अभिभावकों ने सराहना की। आदरणीय मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि युवा छात्र राष्ट्र निर्माण की नींव है। उनके उज्जवल भविष्य के लिए सभी छात्राओं को प्रेरित किया।

प्रधानाचार्या मती अलका राज ने विद्यालयों की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा विद्यालय छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है साथ ही मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया



।इस अवसर पर छात्रों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन व प्रतिभाओं के लिए पुरस्कार वितरण और उन्हें सम्मानित किया गया।

गत वर्ष के परीक्षा परिणाम में प्रथम द्वितीय व्यक्तित्व स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों खेल व विज्ञान व अन्य प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया साथ ही एल्युमिनाइ छात्रों को भी सम्मानित किया गया ।समारोह में विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं दीपिका, बिना ममता सुशील,शुभम शर्मा आदि उपस्थित रहे। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की प्रभारी वरिष्ट शिक्षिका दीपिका रही तथा मंच संचालन विद्यालय की शिक्षिका ममता सुशील ने किया।

# टीएमयू के फार्मेसी, एग्रीकल्चर और मेडिकल कॉलेजों की क्रिकेट मुकाबलों में जोरदार जीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित इंटर कॉलिजिएट चैंपियनशिप- 2026 के आधा दर्जन क्रिकेट मुकाबलों में फार्मेसी कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज और मेडिकल कॉलेज की टीमों ने धमाकेदार जीत दर्ज की। फार्मेसी कॉलेज ने फिजियोथैरेपी कॉलेज को 44 रनों, एग्रीकल्चर कॉलेज ने डेंटल कॉलेज को 115 रनों और मेडिकल कॉलेज ने फाइन आर्ट्स कॉलेज को 09 विकेट से मात देते हुए मुकाबले अपने नाम किए। फार्मेसी और फिजियोथेरेपी के मुकाबले में फार्मेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। फार्मेसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 151 रनों का पहाड़नुमा स्कोर बनाया। फॉर्मेसी की ओर से बल्लेबाज वीरेंद्र ने 31 गेंदों में 69 की तूफानी पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 2 बेहतरीन छक्के शामिल रहे। फिजियोथैरेपी की तरफ से सलमान ने 1 विकेट अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फिजियोथेरेपी की टीम 12





ओवर में महज 106 रन बना पाई। फिजियोथेरेपी की ओर से फैजल ने 4 चौके की मदद से 35 रनों की पारी खेली। फार्मेसी की तरफ से आदित्य ने 3 ओवरों में 3 विकेट चटकाए। फार्मेसी के वीरेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे और मुकाबलों में पैरामेडिकल कॉलेज ने नर्सिंग कॉलेज, एजुकेशन कॉलेज ने लॉ कॉलेज और मैनेजमेंट कॉलेज ने इंजीनियरिंग कॉलेज को हराया। एग्रीकल्चर और डेंटल कॉलेज के मुकाबले में डेंटल कॉलेज का टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय बहुत महंगा साबित हुआ। एग्रीकल्चर की टीम ने ये मुकाबला 115 रनों से अपने नाम किया।

एग्रीकल्चर ने 12 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 179 का विशाल स्कोर खड़ा किया। एग्रीकल्चर की तरफ से हर्ष राज ने 17 गेंदों में 5 चौके और 5 छक्के की मदद से 54 रनो की ताबड़तोड़ पारी खेली। हर्ष को बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए मन ऑफ द मैच चुना गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेंटल की टीम पूरे 12 ओवर खेलते हुए 9 विकेट के नुकसान पर महज 64 रनों पर ही ढेर हो गई। एग्रीकल्चर की ओर से अजहर ने 2 ओवर में 3 विकेट, जबकि डेंटल की ओर से अक्षित ने 18 रनों की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इस धमाकेदार जीत के साथ एग्रीकल्चर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई हुआ। फाइन आर्ट्स कॉलेज और मेडिकल कॉलेज के मुकाबले में मेडिकल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। 12-12 ओवर के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइन आर्ट्स की टीम 9 विकेट के नुकसान पर महज 59 रन ही बना सकी। फाइनआर्ट की तरफ से मुस्तफा ने 13 रन 11 गेंदों में 1 चौके की मदद से 13 रन बनाए और टीम के सबसे सफल बल्लेबाज साबित हुए। मेडिकल की तरफ से अभय सिंह ने 2 ओवर में 3 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेडिकल की टीम ने मात्र 6.1 ओवरों में 1 विकेट खोकर 60 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

फाइन आर्ट्स की ओर से 1 मात्र विकेट आकाश कोहली के नाम रहा। मेडिकल की ओर से शिवम ने 13 गेंदों में 18 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। इस दौरान शिवम ने कुल 2 चौके जड़े। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मेडिकल के अभय सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# अंतिम पंक्ति तक पहुंचे बेहतर इलाज की सुविधाः उपमुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य के तहत गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से भारत-नेपाल सीमा से सटे थारू बाहुल्य इलाकों में निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

गुरुवार को डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह यात्रा जनसेवा का सशक्त माध्यम बन रही है। इसके अंतर्गत महाराजगंज, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सि(ार्थनगर, पीलीभीत,



श्रावस्ती और बहराइच जनपदों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। 6 से 8 फरवरी तक चलने वाले इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सक जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क उपचार करेंगे।

इस अवसर पर चिकित्सकों के दल को संबंधित जिलों के लिए रवाना करने वाली बसों को हरी झंडी दिखाई गई। साथ ही डाक्टरों को विश्व की सबसे छोटी स्पंदन ईसीजी मशीनष भी वितरित की गई। ब्रजेश पाठक ने बताया कि यह मशीन बिना बैटरी और इंटरनेट के भी काम करती है, जिससे दूर-दराज क्षेत्रों में त्वरित और सटीक जांच संभव हो सकेगी। गौरतलब है कि कार्यक्रम का आयोजन नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (अवध एवं गोरक्ष प्रांत) तथा श्रीगुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के सहयोग से किया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा, समर्पण और नवाचार से जुड़ी यह पहल 'सबका स्वास्थ्य, सबका सम्मान' के संकल्प को और मजबूत करेगी। उन्होंने इस अभियान से जुड़े सभी चिकित्सकों, आयोजकों और स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं।

## मिर्जापुर में सरिया लदा ट्रैक्टर पलटा, दो लोगों की मौत

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिले के पंडरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आमघाट ओवरब्रिज के पास सरिया लदा ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया, जिससे उस पर सवार दो मजदूर युवकों की दबकर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उपाधीक्षक सुरेंद्र पाल ने बताया कि कोटवा गांव से एक ट्रैक्टर सरिया लादकर लौट रहा था। ट्रैक्टर पर गांव निवासी संजय (18) और अमन (19) भी सवार थे। बुधवार देर रात आमघाट ओवरब्रिज के पास वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे दोनों युवक सरिया के नीचे दब गए। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# उप्र में एक लाख ग्रामीण महिलाओं के जीवन में घुलेगी शहद की मिठास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने और खेती-किसानी को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक अहम पहल शुरू की है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मधुमक्खी पालन कार्यक्रम लागू किया गया है, जिसके माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को शहद उत्पादन से जोड़ा जाएगा।

योजना के अंतर्गत अगले तीन वर्षों में प्रदेश की एक लाख ग्रामीण महिलाओं को मधुमक्खी पालक के रूप में विकसित किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि इस पहल से प्रत्येक महिला उद्यमी की वार्षिक आय में लगभग एक लाख रुपये की वृद्धि हो सके। मधुमक्खी पालन से न केवल शहद उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि परागण के माध्यम से गेहूं, सरसों, दलहन, तिलहन और बाग. वानी फसलों की उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'मिशन विलेज' कार्यक्रम के तहत प्रदेश में उत्पादित शहद को




राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने की तैयारी है। योजना के तहत महिलाएं अपने स्तर पर शहद का ब्रांड विकसित करेंगी और विपणन के जरिए बाजार से सीधे जुड़ेंगी। महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और विपणन सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि यूपी का शहद गुणवत्ता और विश्वसनीयता के साथ वैश्विक मंच पर स्थापित हो सके। यह पहल न केवल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगी।

# कौशांबी में किसान हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र के कानेमई गांव में एक फरवरी की रात दरवाजे पर सो रहे किसान की कुल्हाड़ी से हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कानेमई गांव निवासी गणेश प्रसाद घर के बाहर चारपाई पर सो रहे थे, तभी अज्ञात व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी थी। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की, जिसमें गांव निवासी आकाश का नाम प्रकाश में आया।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आकाश ने हत्या की बात कबूल करते हुए बताया कि कुछ दिन पहले वह मृतक की पुत्री को भगाकर ले गया था, जिस पर गणेश प्रसाद ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी रंजिश में उसने एक फरवरी की रात कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।

# 'पशुपालन पखवाड़ा' के तहत राज्यपाल ने गोशाला में की गोसेवा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से 23 जनवरी से छह फरवरी तक आयोजित 'पशुपालन पखवाड़ा' के अंतर्गत गुरुवार को 14वें दिन जन भवन स्थित गौशाला में गायों को रोटी एवं गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के साथ जन भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने गौशाला की गायों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा स्वच्छता, समय पर चारे-पानी और समुचित देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। पखवाड़े के दौरान जन भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन गायों को रोटी और गुड़ खिलाकर गोसेवा कर रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और गौसंवर्धन को प्रोत्साहित करना है।

## पशुपालकों को सस्ती दवाएं देने के लिए हर ब्लॉक में खुलेंगे पशु औषधि केंद्र

**लखनऊ।** पशुपालकों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण पशु दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की तर्ज पर प्रत्येक विकास खंड में 'पशु औषधि केंद्र' स्थापित किए जाएंगे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. सुरेश कुमार ने बताया कि जिले के सभी विकास खंडों में एक-एक केंद्र खोला जाएगा, जिससे पशुओं के उपचार की दवाएं सुलभ और सस्ती दरों पर मिल सकें। डा. कुमार ने बताया कि केंद्र खोलने के इच्छुक आवेदकों को फार्मासिस्ट का नाम व वैध पंजीकरण, न्यूनतम 120 वर्गफुट दुकान का प्रमाण तथा ड्रग सेल लाइसेंस प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केंद्र और सहकारी समितियों से जुड़े पात्र आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जन भवन में छह से आठ फरवरी तक सजेगी फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी

**लखनऊ।** जन भवन प्रांगण, लखनऊ में 6 से 8 फरवरी तक 57वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन छह फरवरी को पूर्वा]न 11 बजे प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की उपस्थिति में किया जाएगा। उद्घाटन के बाद प्रदर्शनी आमजन के लिए खोल दी जाएगी। निदेशक उद्यान विभाग भानु प्रकाश राम ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी सदाबहार पौधे, शीतकालीन मौसमी पुष्प, बोनसाई, सक्यूलेंट्स, औषधीय व सुगंधित पौधे, बोगेनविलिया, जैविक शाकभाजी, विशिष्ट फल, कट फ्लावर, पान, शहद तथा फल संरक्षण उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। बच्चों, महिलाओं और मालियों द्वारा की गई आकर्षक सज्जा भी मुख्य आकर्षण रहेगी। प्रविष्टियों का मूल्यांकन विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा, जबकि अन्य दर्शकों के लिए 20 रुपये प्रति व्यक्ति का सांकेतिक शुल्क निर्धारित है। टिकटें जन भवन के गेट संख्या-01 पर स्थित काउंटर से नकद या क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त की जा सकेंगी। प्रदर्शनी से संबंधित विस्तृत जानकारी समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### रेलवे क्रॉसिंग पर गेटमैन से मारपीट: एसओजी प्रभारी समेत चार निलंबित

**मैनपुरी।** मैनपुरी में टिडोली रेलवे क्रॉसिग पर गेटमैन और उसके सहयोगी से मारपीट तथा सरकारी असलाह के दुरुपयोग के आरोप में एसओजी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। घटना के दौरान कालिंदी एक्सप्रेस को कुछ समय तक रोके जाने का भी मामला सामने आया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, रविवार को एसओजी प्रभारी और उनके साथ मौजूद पुलिसकर्मियों ने रेलवे गेट बंद होने पर गेटमैन से अभद्रता की और गेट जबरन खुलवाने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान सरकारी पिस्टल दिखाकर धमकाया गया। घटनाक्रम के चलते कालिंदी एक्सप्रेस काफी देर तक क्रॉसिग पर खड़ी रही। रेलवे की शिकायत और वायरल वीडियो के अवलोकन के बाद पुलिस अधीक्षक ने एसओजी प्रभारी जितेंद्र सिंह चंदेल, कांस्टेबल एमपी सिंह, मोहन चाहर और प्रदीप सोलंकी को निलंबित कर दिया। इसके अलावा चार अन्य पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। मामले की विभागीय जांच जारी है।

### यूपीपीएससी 2026 परीक्षा तिथि और एआरओ टाइपिंग टेस्ट को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा प्रस्तावित यूपीपीएससी 2026 परीक्षा और एआरओ भर्ती प्रक्रिया को लेकर प्रतियोगी छात्रों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच के बैनर तले अभ्यर्थियों ने आयोग अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा तिथि में बदलाव और टाइपिग टेस्ट की प्रक्रिया में सुधार की मांग उठाई। छात्रों का कहना है कि आयोग के कैलेंडर में यूपीपीएससी परीक्षा दिसम्बर 2026 में प्रस्तावित है, जिससे चयन प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब होगा और अभ्यर्थियों की तैयारी प्रभावित होगी। उन्होंने परीक्षा जुलाई-अगस्त 2026 तक आयोजित कराने की मांग की। साथ ही आरोप लगाया कि एआरओ भर्ती में मुख्य परीक्षा से ठीक पहले टाइपिग टेस्ट की तिथि घोषित कर दी जाती है, जिससे अभ्यर्थियों को पर्याप्त अभ्यास का समय नहीं मिल पाता और कई योग्य उम्मीदवार वंचित रह जाते हैं। मंच के संयोजक पंकज पांडेय ने कहा कि आयोग को न्यायसंगत रुख अपनाते हुए टाइपिग टेस्ट के लिए कम से कम 45 से 50 दिन का समय देना चाहिए, ताकि सभी को समान अवसर मिल सके। छात्रों ने उम्मीद जताई कि आयोग उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर सकारात्मक निर्णय लेगा।

### बीएचयू में छात्रों की मारपीट को जातिगत रंग न दिया जाए: चीफ प्रॉक्टर

**वाराणसी।** काशी हिदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में छात्रों के बीच हुई मारपीट को लेकर सोशल मीडिया पर उठे विवाद के बीच विश्व. विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घटना को जातिगत या यूजीसी की नई नियमावली से जोड़ना भ्रामक है। चीफ प्रॉक्टर प्रो- संदीप पोखरिया ने बताया कि 29 जनवरी और 3 फरवरी को यूजीसी से जुड़े मुद्दों पर रैलियां निकाली गई थीं, जिनकी अनुमति प्रशासन ने नहीं दी थी। मंगलवार शाम राजाराम छात्रावास में दो छात्रों के बीच मामूली मारपीट हुई, जिसे अनावश्यक रूप से जातीय विवाद का रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों छात्र एक ही जाति वर्ग से हैं, इसलिए घटना को जातिगत रंग देना पूरी तरह गलत है। डीसीपी काशी जोन गौरव बंशवाल के अनुसार, मेस में भोजन को लेकर शुरू हुआ विवाद पुरानी बातों और व्हाट्सएप ग्रुप में हुई बहस के कारण बढ़ गया। पीड़ित छात्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों छात्र ओबीसी श्रेणी के बताए गए हैं। एहतियातन परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### बदरीनाथ धाम की शोभायात्रा में शंकराचार्य को किया गया आमंत्रित

**वाराणसी।** काशी के शंकराचार्य घाट स्थित श्री विद्यामठ में गुरुवार को बदरीनाथ धाम के पुजारी समुदाय की शीर्ष संस्था श्री बदरीनाथ डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज से भेंट की। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने बताया कि बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने से जुड़ी महत्वपूर्ण परंपरा तेल कलश (गाडू घड़ा) शोभायात्रा में ऋषिकेश से बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान समारोह में शामिल होने हेतु आमंत्रण पत्र सौंपा और उनसे इस आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया। आमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए ऋषिकेश में गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा में शामिल होने की सहमति व्यक्त की। शंक. राचार्य के मीडिया प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि प्रयागराज के माघ मेला में ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य जी के साथ हुई घटना के बाद बदरीनाथ धाम से जुड़े इस महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव में उन्हें शंकराचार्य के रूप में आमंत्रित किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# प्रयागराज के प्राचीन इंद्री धाम को मिलेगा नया स्वरूप, 1.27 करोड़ रुपये से होगा सौंदर्यकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पर्यटन विभाग ने प्रयागराज जिले के फूलपुर क्षेत्र स्थित प्राचीन इंद्री धाम मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौंदईकरण का निर्णय लिया है। स्कंद पुराण एवं दुर्गा सप्तशती में वर्णित मां इन्द्री के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था को केंद्र में रखते हुए शासन स्तर से स्वीकृत कार्य योजना अंतर्गत 1.27 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का समग्र विकास किया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'तीर्थराज प्रयाग स्थित मां इन्द्री धाम श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र है।

यहां विशेष रूप से चैत्र एवं शारदीय नवरात्र के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। नवरात्र के आठवें दिन देवी के महागौरी स्वरूप में भव्य श्रृंगार और विधिवत पूजन की परंपरा श्रद्धालुओं को अलौकिक अनुभूति कराती है। महाकुंभ और माघ मेला-2026 के दौरान भी प्रयागराज पहुंचने वाले श्रद्धालु इन्द्री धाम में दर्शन-पूजन करने पहुंचे। फूलपुर स्थित पावन इंद्री धाम मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए पहली किस्त के रूप में 30 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है। परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर का सौंदईकरण, आकर्षक एवं आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, प्रवेश द्वार, श्रद्धालुओं के लिए यात्री शेड, स्टाम्प फ्लोरिग युक्त मार्ग, बैठने हेतु बेंच, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा, डस्टबिन, साइनेज तथा म्यूरल आर्ट जैसे कार्य किए जाएंगे। प्रयागराज में महर्षि दुर्वासा आश्रम के समीप स्थित इन्द्री धाम मंदिर को 'आनंदी मैया' के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यह स्थल अत्यंत प्राचीन है, जहां भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। विशेष रूप से नवरात्रि के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं भी भारी भीड़ उमड़ती है। अब पर्यटन विकास के माध्यम से इस प्राचीन धार्मिक स्थल को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि 'प्रयागराज आज धार्मिक पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर सशक्त पहचान बना चुका है।

# कतर्नियाघाट में तेंदुए के हमले से बालक की मौत, गांव में दहशत

**बहराइच।** बहराइच में कतर्नियाघाट वन क्षेत्र के चहलवा इलाके में बुधवार शाम तेंदुए के हमले में एक बालक की मौत हो गई।

निषाद नगर गांव में घर के बाहर खेल रहे अरुण (8) पुत्र सुभाष पर जंगल की ओर से आए तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया और उसे मुंह में दबाकर ले जाने लगा। बच्चे की चीख सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़े तो तेंदुआ घायल अवस्था में उसे छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। गंभीर रूप से घायल अरुण को तत्काल एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम ने गांव में बिजली न होने से अंधेरे का फायदा उठाकर तेंदुए के हमले की आशंका जताते हुए वन विभाग पर लाप. रवाही का आरोप लगाया है।

# कानपुर में इंजीनियरिंग छात्रों को पीटने वाले तीन प्रोफेसर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** कानपुर के मंधना क्षेत्र में स्थित एक इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों को अनुशासनहीनता के आरोप में पीटने वाले तीन प्रोफेसरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने गुरुवार को बताया कि बुधवार को महाराणा प्रताप इंजी. नियरिग कॉलेज में छात्रों व फैकल्टी के बीच विवाद हुआ,

जिसमें कुछ फैकल्टी ने छात्रों से मारपीट की जिसके बाद छात्रों ने प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की और पीड़ित छात्रों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। इस मामले में तीन प्रमुख अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब है कि बुधवार सुबह देर से संस्थान पहुंचने पर कुछ छात्रों को मुख्य द्वार बंद मिला जिस पर उन्होंने लगातार वाहन का हार्न बजा कर और शोर कर गेट खुलवाने का प्रयास किया। छात्रों का कहना था कि कोहरा के कारण उन्हे कालेज पहुंचने में विलंब हुआ। काफी देर बाद उन्हे प्रवेश दिया गया तो संकाय के बाहर मौजूद फैकल्टी और छात्रों के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते प्रोफेसरों ने छात्रों को डंडे से पीटना शुरु कर दिया। जानकारी मिलने ही संस्थान में मौजूद छात्र छात्राओं में रोष व्याप्त हो गया और उन्होंने हंगामा शुरु कर दिया। आक्रोशित छात्रों ने कक्षाओं में रखे फर्नीचर को नुकसान पहुंचाया। इस बीच सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारी छात्रों को समझाने का प्रयास कर रहे थे कि छात्रों का एक और गुट कॉलेज पहुंच गया और हंगामा बढ़ गया। पुलिस ने मामले को संभालते हुए मारपीट करने के आरोप में प्रो अनिल पाठक,पंकज सिंह और सुभाष मौर्या को हिरासत में ले लिया। संस्थान के निदेशक डा. विवेक सिंह ने बताया कि संस्थान ने प्रो अनिल पाठक,पंकज सिंह और सुभाष मौर्य को निलंबित कर दिया है।

# इटावा: फिशर वन में मजार की बेदखली पर 16 फरवरी को फिर सुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** इटावा के फिशर वन क्षेत्र में स्थित शमसुद्दीन की मजार को लेकर भूमि विवाद का मामला अब प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी की अदालत में पहुंच गया है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान वन विभाग और मजार के केयरटेकर पक्ष ने अपने-अपने तर्क रखे। अदालत ने केयरटेकर पक्ष को भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए 10 दिन का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 फरवरी को होगी।

वन विभाग का कहना है कि संबंधित मजार वन भूमि पर स्थित है और वन अधिनियम 1927 की धारा 61 के तहत बेदखली की कार्रवाई शुरू की गई है। विभाग की ओर से केयरटेकर फजले इलाही सहित अन्य संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर जमीन के स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज मांगे गए थे। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि राजस्व अभिलेखों में उक्त भूमि वन विभाग के नाम दर्ज है और अल्पसंख्यक विभाग ने भी इसे वक्फ संपत्ति नहीं माना है। वहीं केयरटेकर फजले इलाही के अधिवक्ता नदीम अहमद ने अदालत में कहा कि मजार पर वर्ष 1953-54 से उर्स का आयोजन होता रहा है और उनके मुवक्किल लंबे समय से इसकी देखरेख करते आ रहे हैं।

उन्होंने मजार के प्राचीन होने का दावा करते हुए ऐतिहासिक संदर्भों और एक पुरानी पुस्तक का हवाला भी दिया। उनका कहना है कि यदि वन विभाग भूमि पर दावा कर रहा है तो उसे भी अपने अभिलेख स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने चाहिए। सुनवाई के दौरान एक अन्य पक्ष की ओर से भी मजार की देखरेख को लेकर दावा पेश किया गया, जिससे मामला और जटिल हो गया है। संबंधित पक्षों ने आरोप लगाया कि मजार तक जाने का रास्ता बाधित किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। वहीं वन विभाग ने किसी भी अवैध निर्माण या अतिक्रमण पर नियमानुसार कार्रवाई की बात दोहराई है।

# सोनभद्र कारागार में कैदी की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिला कारागार में एनडीपीएस एक्ट के तहत निरुद्ध एक अभियुक्त की गुरुवार सुबह गंभीर बीमारी के चलते मौत हो गई। मृतक की पहचान राधेश्याम यादव (26) पुत्र ओमप्रकाश यादव, निवासी उरमौरा, थाना राबर्ट्सगंज के रूप में हुई है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने बताया कि राधेश्याम को कुछ दिन पूर्व हेरोइन बरामदगी के मामले में गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया था। गुरुवार सुबह जेल में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद जेल प्रशासन ने उसे तत्काल संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर आरपीएफ जवान ने बचाई महिला की जान

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में एक महिला प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच बनी दरार में गिरने लगी जिसे वहां मौजूद एक सिपाही ने खींच लिया और उसकी जान बच गई। दरअसल, स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच से गाड़ी संख्या 20802 रवाना हुई, उसी दौरान एक महिला यात्री चलती गाड़ी से चढ़ने का प्रयास कर रहीं थीं लेकिन वह गाड़ी से चढ़ने में सफल नहीं हो पाई और फिसलकर गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच के गैप में लाइन पर गिरने लगी। । पूछताछ करने पर महिला यात्री ने अपना नाम अनवर जहां बताया जो मिश्री बाजार मेस्टन रोड की निवासी हैं। उसने बताया कि उसे पटना जाना था। यात्रा करने के दौरान गाड़ी में चढ़ने के प्रयास के दौरान हादसा हो गया। यात्री व उनके बेटे आमिर ने उसके जीवन की रक्षा करने के लिए आरपीएफ स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि पिछली तीन फरवरी को भी सेंट्रल स्टेशन पर ऐसा ही एक नजारा सामने आया था जब प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़ी गाड़ी संख्या 12403 रवाना हुई, उसी दौरान एक व्यक्ति चलती गाड़ी से उतरने का प्रयास कर रहा था लेकिन गाड़ी से उतरने के प्रयास में वह फिसलकर गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच के गैप में लाइन पर गिरने लगा जिसे ड्यूटी पर तैनात स्टाफ कांस्टेबल संतोष कुमार ने हाथ खींचकर सुरक्षित बाहर निकाला। पूछताछ करने पर यात्री ने अपना नाम वीरेंद्र कुमार सिंह निवासी भदोकर, जिला रायबरेली बताया तथा यह भी बताया कि उसे रायबरेली जाना था, वह गलती से इस गाड़ी में चढ़ गया था।

# पुलिस ने पकड़े 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश

## दिल्ली नोएडा में दर्ज है 50 से ज्यादा मुकदमा, अगस्त में हुई मुठभेड़ के बाद से था फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम रखा गया था। दोनों ही बदमाश वांछित थे और घटना के बाद से फरार चल रहे थे। इनको पकड़ने के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी।

थाना फेज-1 पुलिस ने 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम गोलू उर्फ विनोद निवासी थाना कल्याणपुरी दिल्ली है। इसकी उम्र करीब 27 साल है। इसे नोएडा पुलिस ने सेक्टर-14ए से लोकल इंटेलिजेंस की सूचना पर पकड़ा है। इस पर 50 से ज्यादा मुक. दमा दर्ज है। पूछताछ के दौरान गोलू ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ चोरी और स्नैचिंग जैसी घटना करता है। अधिकांश मामले में दिल्ली में रजिस्टर्ड है। ये आमतौर पर



कंपनियों के बाहर या सड़क पर खड़े वाहनों की रैकी करता था और उन्हें चोरी कर फरार हो जाता है। इसके अलावा, चोरी किए गए वाहनों से ही स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देता है। गोलू उर्फ विनोद का साथी दानिश पुत्र मंजूर अली को 30 अगस्त 2025 को थाना फेस -1 पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। उसे जेल भेजा जा चुका है। जबकि गोलू मौके से फरार हो गया था। गोलू के खिलाफ दिल्ली और नोएडा में करीब 50 से अधिक मामले दर्ज है। वह थाना फेस -1, नोएडा के चोरी और पुलिस मुठभेड़ के मामलों में वांछित चल रहा है।

थाना सेक्टर-58 पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना पर 25,000 के एक इनामी बदमाश नितिन उर्फ विपिन कठेरिया को सेक्टर-60 से गिरफ्तार किया। इसने अपने साथियों के साथ 26 अप्रैल 2025 को साथियों के साथ मिलकर प्राधिकरण की सेक्टर-60 स्थित नर्सरी से महिन्द्रा अर्जुन यूवो एवं महिन्द्रा 265 डीआई दो ट्रैक्टर चोरी किए थे।

इस मामले में सेक्टर-58 पुलिस ने पहले 03 बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी गए दोनों ट्रैक्टरों के साथ एक अन्य चोरी का ट्रैक्टर, रैकी करने में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल, एक वैगनआर कार तथा एक अवैध तमंचा बरामद किया गया। इसी घटना के बाद से बदमाश फरार था।

# रेकी कर बाइक चुराने वाले बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने रेकी करने के बाद बाइक चुराने वाले गिरोह का गुरुवार को पर्दाफाश कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों की निशानदेही पर चोरी की बाइक और तमंचा बरामद हुआ। एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि बीते दिनों थाना क्षेत्र से एक बाइक चोरी हुई थी। मामला संज्ञान में आते ही थाना प्रभारी की अगुवाई में एक टीम वारदात करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए बनाई गई। टीम गुरुवार को जब सेक्टर-37 में गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि पास में ही चोरी की बाइक के साथ तीन युवक खड़े हैं।

सभी बाइक चोरी करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर तीनों संदिग्धों को दबोच लिया। पूछताछ में संदिग्धों ने बताया कि वे वाहन चुराते हैं। चोरी के बाइक से वे रेकी करने आए थे। आरोपियों की पहचान हरियाणा के गुरुग्राम निवासी 22 वर्षीय प्रदीप, 24 वर्षीय आकाश और 19 वर्षीय करन के रूप में हुई।

आरोपियों के पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद हुए, जिनका इस्तेमाल आरोपी वारदात का विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए करते थे। आरोपियों ने तीसरी से आठवीं तक की पढ़ाई की है। गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

## बिल्डर साइट पर कर्मचारी को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 22 डी स्थित चपरगढ़ गांव के पास एक बिल्डर साइट पर गुरुवार को एक कर्मचारी की पिटाई कर दी गई। असामाजिक तत्वों ने उसे निर्माण कार्य न करने की धमकी भी दी। पीड़ित ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

दिल्ली के रोहिणी निवासी अजय कुमार, जो रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में रहते हैं, ने बताया कि उनकी कंपनी को चपरगढ़ गांव के पास 10 एकड़ में हाईराइज बिल्डिंग बनाने का टेंडर मिला है। बुधवार को वह अपनी टीम के साथ साइट पर निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्व वहां पहुंचे और निर्माण कार्य रोकने की धमकी देने लगे।

# नोएडा प्राधिकरण की नई स्कीम लॉन्च, नीलामी से होगा आवंटन

**■ कॉर्पोरेट ऑफिस से लेकर होटल और ग्रुप हाउसिंग बनाने का मौका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने कॉर्पोरेट ऑफिस, होटल, कमर्शियल बिल्डर और ग्रुप हाउसिंग के लिए नई प्लाट स्कीम लॉन्च की है। स्कीम के तहत 5 फरवरी से आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 26 फरवरी शाम 5 बजे तक तय की गई है। सभी प्लाटों का आवंटन ई-ऑक्शन के जरिए किया जाएगा।

नोएडा में कॉर्पोरेट ऑफिस निर्माण के लिए 10 प्लाटों की स्कीम लाई गई है। इनमें 9 प्लाट 1000-1000 वर्गमीटर और एक प्लाट 4002.62 वर्गमीटर का है। ये




सभी प्लाट सेक्टर-153 में स्थित हैं। पंजीकरण प्राधिकरण की वेबसाइट पर 29,500 रुपए में कराया जा सकता है। इन प्लाटों की कीमत 1.08 करोड़ रुपए से लेकर 4.41 करोड़ रुपए तक रखी गई है।

**धार्मिक स्थल के लिए भी मौका:** धार्मिक उपयोग के लिए प्राधिकरण ने दो प्लाटों की स्कीम निकाली है। ये प्लाट सेक्टर-15ए और सेक्टर-93बी में स्थित हैं, जिनका उपयोग मंदिर निर्माण के लिए किया जा सकता है। इन प्लाटों के लिए 23,600 रुपए में पंजीकरण कराया जा सकता है। प्लाटों की कीमत 27.73 लाख और 41.85 लाख रुपए तय की गई है। इनका आवंटन साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा।

**छोटे और बड़े दोनों साइज के कमर्शियल प्लाट:** कमर्शियल बिल्डरों के लिए कुल छह प्लाटों की स्कीम लाई गई है। ये प्लाट सेक्टर-96 (एच-03), सेक्टर-98 (एच-08, एच-09), सेक्टर-62 (ए-06), सेक्टर-108 (कमर्शियल-01) और सेक्टर-132 (कमर्शियल-01) में स्थित हैं।

इन प्लाटों का साइज 22 हजार से 49 हजार वर्गमीटर तक है और इनका आवंटन ई-नीलामी के जरिए किया जाएगा।

इसके अलावा 5 हजार से 14 हजार वर्गमीटर तक के छोटे कमर्शियल प्लाट भी सेक्टर-61, 142, 135, 126 और 135 में उपलब्ध हैं।

**होटल बनाने का भी अवसर:** नोएडा में होटल निर्माण के लिए भी छह प्लाटों की स्कीम लॉन्च की गई है। इन प्लाटों का साइज 2 हजार से 24 हजार वर्गमीटर तक है। ये प्लाट सेक्टर-93बी, 105, 135 और 142 में स्थित हैं। इनका रिजर्व प्राइस 1.41 लाख रुपए प्रति वर्गमीटर से 1.83 लाख रुपए प्रति वर्गमीटर तक तय किया गया है। होटल प्लाटों के लिए भी 26 फरवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं और आवंटन ई-ऑक्शन के जरिए होगा।

**ग्रुप हाउसिंग के लिए दो प्लाट:** ग्रुप हाउसिंग के लिए सेक्टर-151 में जीएच-03 और जीएच-04 नाम से दो प्लाट निकाले गए हैं। दोनों प्लाटों का साइज 20 हजार वर्गमीटर है। इनका आवंटन भी ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 26 फरवरी तय की गई है।

## एक नजर

### 38वां बसंत उत्सव पुष्प प्रदर्शनी 19 से, नोएडा प्राधिकरण ने तेज की तैयारियां

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा शहर को हरा-भरा और सुंदर बनाने के उद्देश्य से पिछले 37 वर्षों से आयोजित की जा रही अंतरराष्ट्रीय स्तर की बसंत उत्सव पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन इस वर्ष भी भव्य रूप से किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग की ओर से 38वां बसंत उत्सव आगामी 19, 20, 21 और 22 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय इस आयोजन को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बसंत उत्सव के माध्यम से आमजन में पेड़-पौधों और फूलों के प्रति प्रेम व जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी नोएडा व आसपास के शहरों के नागरिकों को इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार है। बसंत उत्सव से जुड़े कार्यक्रमों और आयोजनों की जानकारी देने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा 6 फरवरी 2026 को प्रात: 11.30 बजे सेक्टर-6 स्थित बोर्ड रूम सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी करेंगी। उद्यान विभाग के निदेशक आनंद मोहन सिंह ने बताया कि इस वर्ष का बसंत उत्सव भी पहले की तरह आकर्षक और जनभागीदारी से भरपूर होगा, जिसमें नोएडा के निवासियों, औद्योगिक इकाइयों और संस्थानों का सहयोग लिया जा रहा है।

### गंदगी पर सख्त एक्शन, दो कंपनियों पर 1.50 लाख का जुर्माना

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण) द्वारा शहर में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत लापरवाही सामने आने पर कड़ा कदम उठाया गया है। सेक्टर-85 और ग्राम इलाहाबांस व याकूबपुर क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर दो एजेंसियों पर कुल 1.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के निर्देश पर नोएडा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों, सेक्टरों और गांवों में गहन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सड़कों से कूड़ा उठान, नालियों की सफाई, फ्लोटिंग मटेरियल हटाने और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सेक्टर-85 एवं ग्राम इलाहाबांस व याकूबपुर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कूड़े के ढेर मिले। नालियां ओवरफ्लो पाई गईं और उनमें सिल्ट व फ्लोटिंग मटेरियल जमा था। मुख्य मार्ग, सर्विस रोड और फुटपाथों पर भी भारी गंदगी देखने को मिली।

फुटपाथ के पास बने केचमेंट ड्रेन की नियमित सफाई न होने पर M/s New Modern Enterprises पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन पर्याप्त संख्या में न लगाए जाने से क्षेत्र में अत्यधिक गंदगी पाए जाने पर M/s AG Enviro Infra Projects Pvt- Ltd- पर 1 लाख रुपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा संबंधित स्वास्थ्य निरीक्षक (जन स्वास्थ्य) को चेतावनी जारी की गई है। क्षेत्र में तैनात सुपरवाइजर मनोज का एक माह का वेतन रोकने के भी आदेश दिए गए हैं। प्राधिकरण अधिकारियों ने साफ किया है कि सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी नियमित निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### फिल्म सिटी में इसी माह शुरू होगी शूटिंग

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यीडा सेक्टर-21 में प्रस्तावित प्रदेश की फिल्म सिटी में इसी माह या मार्च के शुरुआत में फिल्म की शूटिंग होगी। इसकी शुरुआत डवउ-2 से होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। फिल्म सिटी की विकासकर्ता कंपनी बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के संयुक्त कंपनी बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड ने जमीन की मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया है। मैपिंग के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिसके बाद फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। फिल्म सिटी के निर्माण के लिए बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रॉ. लि. ने यमुना प्राधिकरण यीडा के साथ अनुबंध किया है। प्राधिकरण फिल्म सिटी के लेआउट प्लान को जून में ही मंजूरी दे चुका है। बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी के महाप्रबंधक राजीव अरोड़ा ने बताया कि शूटिंग की तैयारियों के साथ-साथ फिल्म सिटी के निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। जमीन की मैपिंग पूरी होने के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिससे फिल्म निर्माण से जुड़ी गतिविधियां शुरू हो सकेंगी। फिल्म सिटी का निर्माण भी शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इसका शुभारंभ होने की संभावना है।

## पेड़ पर दर्जनों कबूतरों की मौत, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**नोएडा।** नोएडा के शहदरा एफएनजी रोड स्थित एक पेड़ से सटे बिजली के खंभे से आए करंट के चलते पेड़ पर मौजूद दर्जनों कबूतरों की मौत हो गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार विद्युत निगम की बड़ी लापरवाही के चलते इन कबूत. रों की मौत हो गई। इस वीडियो को लेकर जब स्थानीय लोगों से बात की तो सेक्टर 141 गढ़ी शहदरा के ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सुभाष भाटी ने बताया कि 31 जनवरी को एक पेड़ में करीब 30-35 कबूतर बैठे थे। दावा है कि अचानक से पेड़ से सटे खंभे के जरिए बिजली उतरने से उन दर्जनों कबूतरों की तत्काल मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया। वहीं जब उन्हें इस घटना के बारे में पता चला तो उन्होंने व्दियुत निगम के अधिकारियों को वीडियो भेजकर घटना के बारे में अवगत कराया। दावा यह भी है कि लगातार यही स्थिति पिछले काफी समय से बने रहने के कारण पेड़ भी सूख गया। वहीं इस घटना के बाद विद्युत निगम द्वारा पेड़ को वहां से हटा दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम का एक 14 सेकेंड का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जीपीएस लोकेशन के तहत जानकारी भी लिखी है। इससे साफ है कि वीडियो 31 जनवरी की सुबह 9:28 बजे का है। तब पीछे से वीडियो बना रहे एक स्थानीय व्यक्ति की आवाज आ रही है कि यहां पर सैकड़ों कबूतरों की मौत हो चुकी है, आय दिन यहां करंट लगने के मामले आते रहते हैं। हालांकि इन कबूतरों की मौत करंट की चपेट से हुई है, इसकी पुष्टि हम नहीं करते हैं। वहीं जब इस पूरे मामले को लेकर विद्युत निगम के अधिकारियों की राय जानने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# अंतरराष्ट्रीय शूटर पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कुलेसरा स्थित हिंडन पुस्ता पर कार सवार बदमाशों ने बुधवार की रात अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज की कार का करीब आधा किलोमीटर तक पीछा किया। उनकी कार में पीछे से दो बार टक्कर मारी। कार न रोकने पर फायरिंग की। पीड़ित खिलाड़ी ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। अंतरराष्ट्रीय शूटर शिवम ठाकुर नोएडा के सेक्टर-168 में रहते हैं। शिवम ठाकुर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग चौंपियनशिप में 30 से अधिक गोल्ड, सिल्वर और ब्रान्च मेडल हासिल कर चुके हैं। शिवम ठाकुर ने बताया कि वह रात करीब 12 बजे अपने माता-पिता से मिलने के लिए कुलेसरा अपने घर जा रहे थे।

वह हिंडन के पुस्ता पर पहुंचे तो एक कार में सवार कुछ बदमाश उनका पीछा करने लगे। शक होने पर उन्होंने अपनी कार की गति बढ़ा दी। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें रोकने के लिए उनकी कार में पीछे से दो बार टक्कर मारी। डर की वजह से उन्होंने कार नहीं रोकी तो बदमाशों ने उन पर फायरिंग की। हमलावरों ने करीब आधा किलोमीटर तक उनकी कार का पीछा किया। जैसे ही वह घर के करीब जाकर रुके तो बदमाश वहां से फरार हो गए। पीड़ित ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी अगले दिन कार्रवाई की बात कहकर चले गए। शिवम ठाकुर ने बताया कि इसके बाद भी पुलिस की तरफ से कोई मदद न मिलने पर गुरुवार को उन्होंने एसीपी से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। आपबीती का वीडियो साझा किया, सीएम तक शिकायत इस घटना के बाद अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम ठाकुर ने आपबीती का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। शिवम ने अपने साथ हुई घटना वीडियो के माध्यम से बयां की। इसके साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री, खेल मंत्री, डीजीपी, पुलिस महानिरीक्षक मेरठ, जिलाधिकारी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को लिखित शिकायत भेजी। एक अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में खोके मिले हैं, लेकिन पुलिस का कहना है कि फायरिंग नहीं हुई।

**सुरक्षा की गुहार लगाई:** अंत. रराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम ठाकुर का कहना है कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। बुढ़ापे में उनके मां-बाप का कोई सहारा नहीं है। यदि उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो प्रशासन जिम्मेदार होगा। शिवम ने भावुक होकर सरकार और पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

15 दिन पहले विवाद हुआ था अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम ठाकुर बुधवार की देर रात हुई घटना के बाद से काफी भयभीत हैं। वह डरे हुए हैं। उन्हें अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता सता रही है। शिवम ठाकुर ने बताया कि करीब 15 दिन पहले कुलेसरा में उनके घर के बाहर उनका किसी से झगड़ा हुआ था। शिवम ठाकुर को शक है कि इसी झगड़े की वजह से तो उन पर हमला नहीं किया गया। आशंका है कि उन्हीं लोगों ने हमला किया।

# गौड़ चौक-तिगरी के बीच दो यूटर्न बनाने का काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चारमूर्ति/गौड़ चौक और तिगरी के बीच 60 मीटर चौड़ी सड़क पर दो नए यूटर्न बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। सर्विस मार्ग को भी जल्द चौड़ा किया जाएगा। इस काम अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे वाहनों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। नोएडा एयरपोर्ट चालू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव और बढ़ जाएगा। यूटर्न के बनकर तैयार होने पर गौड़ सिटी और उसके आसपास की 20 से अधिक सोसाइटियों में रहने वाले डेढ़ लाख से अधिक लोगों को सबसे ज्यादा लाभ होगा। प्राधिकरण के परियोजना विभाग अधिकारी के मुताबिक दोनों तरफ के सर्विस मार्ग को चौड़ा किया जा रहा है।

इससे यह सड़क दो- दो लेन की हो जाएगी। अभी साढ़े तीन मीटर चौड़ी यानी एक लेन की है। गौड़ सिटी-वन व टू की सोसाइटी में रहने वाले लोगों के साथ क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद



> गौड़ चौक और तिगरी के बीच सर्विस मार्ग को चौड़ा करने के साथ दो यूटर्न बनाए जा रहे हैं। इससे वाहनों की आवा. जाही सुगम हो जाएगी। वहीं, गौड़ चौक पर अंडरपास का काम तेज कर दिया गया है।
>
> **- सुमित यादव, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा**

की तरफ जाने वाले लोग भी इस रास्ते से होकर आवाजाही करते हैं। सुबह से लेकर देर रात तक ट्रैफिक का दबाव होने की वजह से अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए यहां सर्विस मार्ग को चौड़ा करने के साथ तिगरी और गौड़ चौक के बीच मुख्य सड़क पर दो नए यूटर्न बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

यूटर्न के निर्माण पर तीन करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। खजूर चौक के पास तिगरी गोलचक्कर से पहले बनने वाले इस यूटर्न से गौड़ सिटी-टू की तरफ से आना-जाना आसान हो जाएगा। वाहन चालकों को अभी तिगरी गोलचक्कर से घूमकर आना पड़ता है। यूटर्न बनने से तिगरी गोलचक्कर पर भी ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग-24 गाजियाबाद की तरफ जाना आसान हो जाएगा। परियोजना विभाग के अधिकारी के मुताबिक सर्विस मार्ग को चौड़ा करने का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा। ग्रेनो वेस्ट में यूटर्न बनाने पर जोर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहे इसके लिए प्रमुख सड़कों को चौड़ा करने के साथ यूटर्न बनाए जा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। वाहनों के सुगम आवागमन के लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट क्षेत्र में पांच से अधिक यूटर्न बनकर तैयार हो गए हैं। इनमें गौड़ चौक-इटेड़ा गोलचक्कर के बीच दो, इटेड़ा-एक मूर्ति गोलचक्कर के बीच दो और एक मूर्ति-रोजा गोलचक्कर के बीच एक यूटर्न शामिल हैं। इसके अलावा चार यूटर्न पहले से ही बने हुए हैं।

# यमुना-हिंडन के किनारे खुलेंगी छह जल पुलिस चौकियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 स्थित बेसमेंट में गिरकर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के बाद जिले में जल सुरक्षा और जन सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा जिले में छह जल पुलिस चौकियों की स्थापना की योजना तैयार की गई है। इस पहल का उद्देश्य यमुना और हिंडन नदी, नहरों, घाटों एवं जल पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। साथ ही आपदा की स्थिति में त्वरित बचाव और राहत कार्यों को प्रभावी बनाना है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार श्रावण मास की कांवड़ यात्रा, छठ पूजा, दुर्गा पूजा समेत विभिन्न धार्मिक आयोजनों के दौरान घाटों पर भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में जल दुर्घटनाओं, अवैध गतिविधियों और कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों की आशंका बढ़ जाती है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले में रणनीतिक स्थानों पर जल पुलिस चौकियों की स्थापना प्रस्तावित की गई है। योजना के तहत नोएडा जोन में थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के अंतर्गत ओखला बैराज की पूर्व दिशा में कालिंदी कुंज यमुना पुल के नीचे एक जल पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी। सेंट्रल नोएडा जोन में थाना इकोटेक-3 क्षेत्र के कुलेसरा इलाके में हिंडन नदी के किनारे चौकी प्रस्तावित है। वहीं ग्रेटर नोएडा जोन में चार जल पुलिस चौकियां बनाई जाएंगी। जिनमें थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के गांव कामबक्शपुर यमुना तटीय क्षेत्र, थाना दादरी क्षेत्र की कोट नहर, थाना दनकौर क्षेत्र की खेरली नहर पुलिया और थाना रबूपुरा क्षेत्र के ग्राम चंडीगढ़ यमुना नहर शामिल हैं।

# बेकाबू डंपर से कुचलकर बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में बुधवार की रात तिगरी गोल चक्कर पर बेकाबू डंपर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। वहीं, चालक डंपर लेकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक गाजियाबाद के विजयनगर का रहने वाला आदेश शर्मा बुधवार को किसी काम से ग्रेटर नोएडा वेस्ट आया था। वह रात के समय बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था। तिगरी गोल चक्कर पर एक बेकाबू डंपर ने आदेश की बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे के बाद आरोपी चालक डंपर लेकर मौके से भाग गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में आदेश को नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि युवक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# डूब क्षेत्र में अतिक्रमण पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुल्डोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। बृहस्पतिवार को रोहिल्लापुर के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण का बुल्डोजर चला और करीब 18 हजार वर्ग मीटर डूब एरिया पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर परियोजना व भूलेख विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। कालोनाइजर प्लॉटिंग कर अवैध कालोनी बसाने के फिराक में थे। ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी रहेगी। एसीईओ ने अपील भी की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

दरअसल, रोहिल्लापुर के खसरा संख्या 22 व 33 की करीब 18000 वर्ग मीटर जमीन हिंडन के डूब क्षेत्र में है। यह प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण कर कालोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल 3 की टीम ने पुलिस के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। वर्क सर्किल-3 के प्रभारी राजेश कुमार निम के नेतृत्व में प्रबंधक लव शंकर भारती व टीम ने प्राधिकरण के



**बड़ी कार्रवाई:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने विगत 15 दिनों में अतिक्रमण के खिलाफ 5 बड़ी कार्रवाई की है।

सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में बुल्डोजर से करीब दो घंटे की कार्रवाई में इसे ध्वस्त कर दिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि डूब क्षेत्र में प्लॉटिंग होने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर यह कार्रवाई की गई है।

**अतिक्रमण पर 15 दिन में 5** बड़ी कार्रवाई: ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने विगत 15 दिनों में अतिक्रमण के खिलाफ 5 बड़ी कार्रवाई की है। विगत 20 जनवरी को भनौता में 11340 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। इसी तरह 28 जनवरी को हैबतपुर में 6000 वर्ग मीटर, 04 फरवरी को भनौता में 10 हजार वर्ग मीटर और अब बृहस्पतिवार को रोहिल्लापुर में 18 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। वहीं, 29 जनवरी को खेड़ा चौगानपुर में 8 टॉवरों के 100 से अधिक फ्लैटों को सील किया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए लगातार हो रही कार्रवाई से कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा है कि अधिसूचित एरिया में प्राधिकरण की अनुमति के बिना निर्माण नहीं किया जा सकता। अवैध निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण का ध्वस्तीकरण अभियान जारी रहेगा।

# साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल हुई सिमों का खुलासा

- पीओएस एजेंट के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** जनपद में साइबर फ्रॉड की रोकथाम को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। साइबर सेल द्वारा उपलब्ध कराई गई च्वै सिम धारकों की सूची की जांच के दौरान गलत तरीके से सिम जारी कर साइबर अपराध में सहयोग का मामला उजागर हुआ है।

कोतवाली नवाबगंज के उप निरीक्षक अभिषेक नागर द्वारा की गई जांच में सामने आया कि सिम विक्रेता दीपक गंगवार पुत्र देवीदास गंगवार ग्राम रिछोला किफायतुल्ला थाना नवाबगंज द्वारा नियमों के विपरीत तरीके से सिम जारी की गई थीं। जांच के मुताबिक गुजरे वर्ष 20 जनवरी 2024 को एक सिम विराम सिंह यादव पुत्र सियाराम यादव निवासी गुलशन नगर थाना नवाबगंज को जारी की गई थी। उक्त सिम को एनसीआरपी समन्वय पोर्टल पर जांचने पर इस पर एक साइबर अपराध की शिकायत दर्ज पाई गई, जिसमें दिल्ली के नजफगढ़ निवासी अनुज पुत्र नवीन ने 4 अप्रैल 2024 को 45 हजार रुपये की साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

इसी प्रकार उसी दिन एक अन्य सिम ठाकुर दास पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम गौटिया लाडपुर उस्मानपुर थाना हाफिजगंज को जारी की गई थी। इस सिम नंबर पर भी एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज मिली, जिसमें दिल्ली के बसंत नगर निवासी जगदीश कुमार ने 14 अप्रैल 2024 को 5 हजार रुपये की साइबर ठगी की शिकायत साइबर फ्रॉड पोर्टल पर दर्ज कराई थी। जांच में यह सामने आया है कि पीओएस एजेंट द्वारा उपभोक्ताओं को नियमों के विपरीत और गलत तरीके से सिम बेची गईं, जिनका उपयोग साइबर अपराधियों ने अवैध रूप से धन की मांग और ठगी के लिए किया। पुलिस उपनिरीक्षक अभिषेक नागर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि साइबर फ्रॉड से जुड़े ऐसे सिम विक्रेताओं पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# रोडवेज बस की टक्कर से मजदूर की मौत, दो गंभीर

- पीएमओ के आदेश के बाद भी बंद नहीं हुआ राधा कृष्ण मंदिर कट
- एनएचएआई की लापरवाही उजागर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र में गुरुवार सुबह दिल्ली नेशनल हाईवे पर राधा कृष्ण मंदिर के पास बने जानलेवा कट पर हुए सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के गांव गूला निवासी भगवानदास मौर्य (35) अपने साथियों बृजकिशोर और अजयपाल के साथ बाइक से रोज की तरह मजदूरी करने बरेली जा रहे थे।

सुबह करीब 9 बजे जैसे ही वे रबर फैक्ट्री स्थित राधा कृष्ण मंदिर कट पर पहुंचे, बरेली की ओर से आ रही रुहेलखंड डिपो की रोडवेज बस ने कस्बे की ओर मुड़ते समय सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस बाइक को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी खिरका पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने भगवानदास पुत्र नत्थूलाल को मृत घोषित कर दिया। बृजकिशोर और अजयपाल की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया गया, जिन्हें परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया कि मृतक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

हादसे के बाद रोडवेज बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस और क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। कुछ देर तक हाईवे पर यातायात भी बाधित रहा।

## कट बंद न होने से हुआ हादसा

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि राधा कृष्ण मंदिर के पास स्थित हाईवे कट समय रहते बंद कर दिया गया होता, तो यह हादसा टल सकता था। नवंबर 2025 में छात्र असद अंसारी की शिकायत पर पीएमओ कार्यालय से राधा कृष्ण मंदिर कट और एएनए कट बंद करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन केवल एएनए कट बंद कर खानापूरी कर दी गई। राधा कृष्ण मंदिर कट अब भी खुला है, जो लगातार हादसों का कारण बन रहा है।

## एनएचएआई पर गंभीर आरोप

स्थानीय नागरिकों ने एनएचएआई पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग ने केवल औपचारिक रिपोर्ट भेजकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि उन्होंने पूर्व में कट बंद कराने के लिए पत्र लिखा था, ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। भगवानदास अपने तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और राजमिस्त्री का काम करते थे। वे अपने पीछे पत्नी संगीता, 9 वर्षीय बेटी मधु और 6 वर्षीय बेटा आलोक को छोड़ गए हैं। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## एक नजर

### न्यायालय के आदेश पर फरार आरोपी के घर पुलिस ने चस्पा किया कुर्की नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** बरेली के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालय संख्याख्र4 के आदेश पर गुरुवार को थाना पुलिस ने लगातार फरार चल रहे आरोपी रामदुलारे निवासी ग्राम औंध के घर कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

पुलिस के अनुसार न्यायालय द्वारा जारी नोटिस की तामील के लिए कई बार प्रयास किए गए, लेकिन आरोपी रामदुलारे अपने आवास पर नहीं मिला। न्यायालय ने इसे जानबूझकर न्यायिक कार्रवाई से बचने की मंशा मानते हुए आरोपी को फरार घोषित कर कुर्की का आदेश जारी किया।गुरुवार को बरेली क्राइम इंस्पेक्टर रामसेवक ने स्थानीय पुलिस बल की मौजूदगी में आरोपी के आवास पर कुर्की आदेश चस्पा कराया। साथ ही गांव में मुनादी कराकर लोगों को अवगत कराया गया कि यदि निर्धारित तिथि तक आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है, तो उसके घर में मौजूद चल एवं अचल संपत्ति की कुर्की की जाएगी।पुलिस का कहना है कि न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा और आरोपी की तलाश जारी है।

### आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं त्यौहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** आगामी त्यौहार रमजान,महाशिव. रात्रि और होली शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने साफ साफ कहा कि त्योहारों पर कोई भी नई परम्परा नहीं डालने दी जाएगी।

त्यौहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। यदि किसी ने भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की कोशिश की तो उसको बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म पर अगर कोई आपत्तिजनक फोटो या धार्मिक टिप्पणी आती है तो उसे विना सोचे समझे आगे साझा न करें बल्कि उसकी जानकारी तुरन्त पुलिस को दें, ताकि समय रहते उस पर संज्ञान लिया जा सके। रमजान इबादत का त्यौहार है तो वहीं महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव की पूजा अराधना का त्यौहार है। वहीं होली का पर्व रंग गुलाल की मस्ती के साथ आपसी सौहार्द के साथ होली मिलन का त्यौहार हैं। त्योहारों को शान्ति पूर्ण माहौल में अपने मित्रों स्वजनों के साथ मनाएं। किसी समुदाय विशेष के व्यक्ति को जबरन रंग न लगाएं, जिससे अमन चैन बरकरार बना रहे। बैठक में धर्मगुरुओं के अलावा ग्राम प्रधान व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### तय शादी से पहले युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

परि. जनों को जान से मारने की धमकी

**नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम सने. कपुर पट्टी की रहने वाली एक महिला ने युवक पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के अनुसार क्षेत्र के एक ग्राम की एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री की शादी लगभग दो माह पूर्व थाना हाफिजगंज के गांव सिथरा के मनोज पुत्र गंगादीन के साथ तय की थी। गोद भराई की रस्म भी हो चुकी थी और होली के आसपास विवाह होना था। आरोप है कि तय समय से पहल ही मनोज व उसके परिजन जल्द शादी का दबाव बनाने लगे और मना करने पर युवती को जबरन भगा ले जाने की धमकी देने लगे। आरोप है कि 2 फरवरी 2026 को शाम करीब 5 बजे मनोज फोन कर युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। देर रात तक बेटी के घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की तो जानकारी हुई कि मनोज उसे अपने साथ भगा ले गया है।

जब परिजन मनोज के घर सिथरा पहुंचे तो वहां मौजूद मनोज, उसके पिता व अन्य लोगों ने गाली-गलौज की और झगड़ पर आमादा हो गए। आरोप है कि उन्होंने युवती को वापस भेजने से इनकार कर दिया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को बरामद करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### शिव प्राण-प्रतिष्ठा व भंडारे में पहुंचे जनप्रतिनिधि प्रसाद किया ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** ग्राम-सैदपुर सरौरा के अतिप्राचीन श्री राधाकृष्ण मन्दिर में शिव परिवार व शिवलिंग की विधि विधान से महायज्ञ आरती पूजा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ,तत्पश्चात महाविशाल भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें आस-पास के ग्रामों के लोगों के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने भी प्रसाद ग्रहण किया.

विधायक डॉ.एम.पी.आर्य,विधायक प्रतिनिधि बबलू गंगवार,रोहित गंगवार, भाजपा नेता विशाल केसर सिंह गंगवार,पूर्व विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र गंगवार राजू,मंडल अध्यक्ष सरजू गंगवार,तेजपाल गंगवार,अविनाश मिश्रा,उमाकांत जोशी,आशीष देवल,सेवाराम मौर्य, किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी छत्रपाल प्रजापति सहित इत्यादि गणमान्य लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। देवपाल, हरिशंकर, चन्द्रपाल, ब्रजलाल, वासुदेव, रुपचंद, पप्पू, हरपाल, सोमपाल,मोनूपाल आदि लोग रहे।

### 12 लाख न देने पर लड़का पक्ष ने तोड़ा रिश्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

21 फरवरी को होनी थी लड़की की शादी

**बहेड़ी।** एक लड़की के पिता ने लड़का पक्ष पर शादी के लिये 12 लाख की मांग करने और मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर रिश्ता तोड़ने का आरोप लगाया है। रिश्ता टूटने से उसकी व उसकी पुत्री की समाज में छवि धूमिल हो रही है। इस मामले में पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर पर दो महिलाओं सहित 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम पुनई थाना बहेड़ी जिला बरेली निवासी हरी सिंह गुर्जर पुत्र ख्यालीराम का कहना है कि उसने दिनांक 13-01-2025 को अपनी पुत्री का रिश्ता अनुज पुत्र कृष्णपाल निवासी संतोष गौटिया थाना बहेड़ी, जिला बरेली के साथ किया था। रिश्ता करने के दौरान उसने उपहार स्वरूप 2,50,000/- रूपये नकद व अन्य सामान दिया था। उसके बाद शादी की तिथि 21-02-2026 तय हुई थी जिसपर उसने सारा इंतजाम कर लिया। आरोप है कि अब लड़का पक्ष के अनुज व पिता कृष्णपाल व चाचा जुगेन्द्र फौजी व दादा हरपाल व चाची हीरा व बुआ शकुन्तला दहेज में नकद 12,00,000 रूपये की मांग कर रहे हैं। जब उसने कहा कि वह इतनी बढ़ी रकम नहीं दे सकता तो उक्त लोगों ने शादी करने से मना कर दिया। आखिरी समय पर रिश्ता टूटने से उसकी व उसकी पुत्री की छवि समाज में धूमिल हुई है। लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त सभी आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तीन संविदा विद्युत कर्मियों की सेवाएं समाप्त, दी गई भावभीनी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** विद्युत वितरण खंड मीरगंज के अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र में तैनात तीन संविदा कर्मचारियों की सेवाएं 55 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद समाप्त कर दी गई हैं। कंपनी द्वारा कर्मचारियों को औपचारिक रूप से इसकी सूचना दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑल सर्विसेज ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से संविदा पर कार्यरत भूपराम, माजिद खां और वीलपाल की आयु 55 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। कंपनी की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में यह निर्णय लिया गया है। निगम के पत्र संख्या 89, दिनांक 1 फरवरी 2025 के अनुसार 55 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद संविदा कर्मचारियों से कार्य नहीं लिया जाना है। सेवाएं समाप्त होने के उपरांत उपखंड कार्यालय मीरगंज ग्रामीण में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाइनमैन माजिद खां और भूपराम को शाल ओढ़ाकर एवं फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।विदाई समारोह में अवर अभियंता सोम प्रकाश, टीजीटू वाहिद हुसैन, एसएसओ पवन कुमार, राजेंद्र कुमार, लाइनमैन करन सिंह, रियाज अहमद, दिनेश कुमार शर्मा, महेश कुमार शर्मा, रवि राठौर, गुच्छन, शिव प्रकाश जोशी, मुजफ्फर हुसैन, हरिओम, जीशान हुसैन, आकाश कुमार, सूर्य प्रताप सिंह,राहुल गुप्ता, महिपाल गंगवार सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया तहसील मीरगंज का निरीक्षण

- लंबित वादों के निस्तारण में प्रगति पर जताया संतोष
- साफ-सफाई व जनसुनवाई पर दिया जोर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने गुरुवार को तहसील मीरगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर स्थित अभिलेखागार, तहस. ीलदार न्यायालय, नायब तहस. ीलदार न्यायालय सहित विभिन्न पटलों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने धारा 24, 34, 35, 38 एवं 80 के अंतर्गत लंबित वादों की समीक्षा की। समीक्षा में तहसील मीरगंज की स्थिति संतोषजनक पाई गई। पांच वर्ष से अधिक अवधि से लंबित मामलों के निस्तारण में भी तहसील की प्रगति अच्छी रही, जहां मात्र दो वाद ही लंबित पाए गए।अभिलेखागार के निरीक्षण में सभी पत्रावलियां सुव्यवस्थित पाई गईं। जिलाधिकारी ने अभिलेखागार में तहसील का नक्शा लगाए जाने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिए। तहसील परिसर में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं भी दुरुस्त मिलीं, जिस पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आय, जाति एवं मूल निवास प्रमाणपत्र निर्धारित समयावधि में जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे तक जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने भूमाफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मीरगंज आलोक कुमार, तहस. ीलदार आशीष कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विशेष रोल प्रेक्षक ने एसआईआर की वीडियो कार्फेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद बरेली के लिए नामित विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल, आईएएस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान दावे व आपत्तियों, नो-मैपिंग प्रकरणों, लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी वाले मतदाताओं को जारी नोटिस, नोटिसों की डाउनलोडिंग व प्रिंटिंग सहित विभिन्न बिंदुओं पर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जनपद के समस्त 09 निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

विशेष रोल प्रेक्षक ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के लिए निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्राप्त फार्म-6, 7 एवं 8 की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि इनका निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों से फार्म-6 प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से विशेष रोल प्रेक्षक को जनपद में संचालित एसआईआर कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि जनपद बरेली की कुल 09 विधानसभाओं में 04 नवंबर 2025 से एसआईआर का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य में 3499 बीएलओ, 359 सुपरवाइजर, 45 एईआरओ तथा 09 ईआरओ तैनात हैं। विधानसभा स्तर पर ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा बीएलओ व सुपरवाइजरों को बीएलओ ऐप एवं सम्पूर्ण एसआईआर प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त 11 नवंबर 2025 को जीआईसी ऑडिटोरियम, बरेली में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

बताया गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सितंबर 2025 से सभी बीएलओ की तैनाती कर 2003 व 2025 की मतदाता सूची उपलब्ध कराते हुए मैपिंग हेतु टेबल टॉप एक्सरसाइज प्रारंभ की गई। 04 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक सभी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण किया गया तथा बीएलओ ऐप पर ईएफ डिस्ट्रीब्यूशन की मार्किंग का कार्य पूर्ण किया गया। कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा की गई तथा कम प्रगति वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती की गई।

एसआईआर प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें कार्यक्रम की तिथियों से अवगत कराया गया तथा सभी बूथों पर बीएलए की तैनाती का अनुरोध किया गया। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न दलों द्वारा अब तक 12,732 बीएलए तैनात किए गए हैं। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद हिंदी भाषा में एएसडी सूची सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि 06 जनवरी 2026 को आलेख्य प्रकाशन के दिन प्रत्येक विधानसभा एवं जनपद स्तर पर मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। जनपद की सभी विधानसभाओं को मिलाकर कुल 7,14,753 एएसडी मतदाता चिन्हित किए गए हैं, जो कुल मतदाताओं का 20.99 प्रतिशत है। विशेष रूप से विधानसभा 124 बरेली में 35.25 प्रतिशत तथा विधानसभा 125 बरेली कैंट में 35.09 प्रतिशत एएसडी मतदाता पाए गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से फार्म-6 भरवाने पर जोर दिया जा रहा है। बताया गया कि जनपद की समस्त विधानसभाओं को मिलाकर कुल 8.20 प्रतिशत नो-मैपिंग प्रकरण हैं, जिनके सापेक्ष 2,20,711 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने की प्रक्रिया प्रचलित है। इसके लिए 88 अधिकारियों को एडिशनल एईआरओ के रूप में तैनात किया गया है। सभी बीएलओ, सुपरवाइजर एवं एईआरओ को इस संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। साथ ही बीएलओ ऐप के माध्यम से फार्म-6 फीडिंग एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में भी गहन प्रशिक्षण दिया गया है। समीक्षा में बताया गया कि सभी 09 ईआरओ एवं 133 एईआरओ के ईआरओ नेट पर लॉगिन बनाकर बूथ आवंटन कर दिया गया है। नो-मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी वाले मतदाताओं के नोटिस, हियरिंग शेड्यूल के साथ डाउनलोड व प्रिंट किए जा रहे हैं। प्रतिदिन प्रत्येक ईआरओ/एईआरओ द्वारा अधिकतम 150 मतदाताओं को सुनवाई हेतु नोटिस निर्गत किए जा रहे हैं, जिनमें न्यूनतम एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है।

उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित जनपद के समस्त ईआरओ एवं एईआरओगण उपस्थित रहे।

# लिंक पर क्लिक करते ही खाते से कटे 50 हजार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम बिथरी के एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

दर्ज की गई रिपोर्ट के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव विथरी के निरभान सिंह पुत्र रघुवीर सिंह के व्हाट्सऐप नंबर पर एक अज्ञात नंबर से लिंक भेजा गया था। उन्होंने भेजे गए लिंक पर क्लिक किया, क्लिक करते ही उनके खाते से 50 हजार रुपये कट गए। रूपए कट जाने का मैसेज आने के बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

घटना की शिकायत पीड़ित ने 27 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर दर्ज कराई।

पीड़ित का कहना है कि साईबर क्राइम द्वारा मदद न मिलने से बह थाना नवाबगंज पहुंचा और साइबर ठगी के आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने पुलिस से अनुरोध किया है कि मामले की गंभीरता से जांच कर साइबर अपराधियों के खिलाफ काफी कार्रवाई की जाए।

# पैनी नजर अध्यक्ष ने विधायक पर लगाया चीनी मिल की नीलामी रद्द करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष एड सुनीता गंगवार ने विधायक डॉक्टर एमपी आर्य पर ओसवाल चीनी मिल की जमीन की नीलामी रद्द किए जाने का आरोप लगाया है।

अपने आवास पर अखबार नवीसों को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों के करोड़ों रुपए के बकाया होने पर शासन ने मिल की आर सी जारी की थी उसके बाद उनके द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने के बाद तहसील प्रशासन ने ओसवाल चीनी मिल की साढ़े 52 बीघा जमीन को 22 जनवरी को एक करोड़ 45 लाख में सार्वजनिक रूप से नीलाम किया था। पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने बताया कि गुजरी 25 जनवरी को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने मंडल आयुक्त को पत्र देकर इस नीलामी को निरस्त किए जाने का अनुरोध किया है। उन्होंने विधायक पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

श्रीमती गंगवार ने चेतावनी दी है कि जल्द ही गन्ना किसानों की बकाया का भुगतान नहीं किया जाता है तो वह एक बार फिर किसानों के साथ धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी। इस मामले में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने मंडल आयुक्त को पत्र भेजा है जिसमें उन्होंने मिल की जमीन को कम कीमत पर नीलाम किए जाने का आरोप लगाते हुए नीलामी को निरस्त किए जाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि अगर खुली नीलामी की जाए तो जमीन और अधिक रुपए में नीलाम हो सकती है।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हुआ वार्षिक उत्सव का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या ऋषि जायसवाल ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित करके किया। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने शिरकत कर छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयास प्रशंसनीय हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यहां की छात्राएं भविष्य में बहेड़ी और देश का नाम रोशन करेंगी। सभासद ताहिर पप्पू ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। शिक्षा और संस्कार ही जीवन में सफलता की मजबूत नींव हैं। वार्षिक उत्सव में नृत्य, गीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्राओं की प्रतिभा देखकर परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का प्रभार रेखा रानी ने संभाला, संचालन गिरिजा गंगवार ने किया व सुनीता सक्सेना ने विद्यालय की प्रगति के बारे मे जानकारी दी। नंदिनी अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# मतदाता सूची में नाम कटने का मामला संसद पहुंचा

## सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में नाम कटने के मामलों को लेकर अब मामला संसद तक पहुंच गया है। नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर मतदाता सूची से कथित रूप से गलत तरीके से नाम हटाए जाने पर गंभीर चिंता जताई है। सांसद ने आरोप लगाया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान दावे-आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बिना पर्याप्त पारदर्शिता के काटे जा रहे हैं, जो लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है।

धामपुर विधानसभा क्षेत्र के टीचर्स कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों से सामने आई शिकायतों के बाद यह मुद्दा और गंभीर हो गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। कुछ घरों में ऐसे मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए हैं जो वहां रहते ही नहीं हैं, जबकि कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाने की बात कही जा रही है। इससे मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने पत्र में कहा है कि मतदाता सूची से किसी नागरिक का नाम हटाया जाना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह उसके संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय है। यदि यह प्रक्रिया पारदर्शी, जवाबदेह और सार्वजनिक निगरानी के दायरे में नहीं होगी तो इससे चुनावी निष्पक्षता और लोकतंत्र पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

पत्र में मांग की गई है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत दावे-आपत्तियों के निस्तारण के बाद प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर उन मतदाताओं की सूची सार्वजनिक की जाए, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। साथ ही नाम हटाने के स्पष्ट कारण भी बताए जाएं। इससे प्रभावित मतदाताओं को समय रहते जानकारी मिल सकेगी और वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए उचित कानूनी कदम उठा सकेंगे। इसके साथ ही सांसद ने यह भी मांग की है कि यदि किसी मतदान केंद्र पर यह पाया जाता है कि किसी मतदाता का नाम गलत तरीके से या नियमों के विरुद्ध काटा गया है, तो संबंधित उपजिलाधिकारी और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए। पत्र में दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश देने की मांग भी की गई है। धामपुर क्षेत्र में वोटर लिस्ट को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सांसद का यह पत्र प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मतदाता सूची की गड़बड़ियों को नहीं सुधारा गया तो आगामी चुनावों में बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। फिलहाल सभी की निगाहें चुनाव आयोग की कार्रवाई पर टिकी हैं कि वह इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ठोस निर्देश जारी किए जाते हैं।

## खुलेआम बिक रहा है चाइनीज मांझा

**नांगल सोती।** भले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के आदेश दिए हो लेकिन सोती क्षेत्र में चाइनीज मांझा पतंग उड़ाने के लिए खुलेआम दुकानों पर बेरोक टोक बेचा जा रहा है। नांगल सोती क्षेत्र में परचून और छोटी दुकानों पर जानलेवा चाइनीज मांझा खुलेआम बेचा देखा जा सकता है। यह चाइनीज मांझा देश में तमाम लोगों की जान ले चुका हैं, वही इसकी चपेट में आकर सैकड़ों लोग गंभीर घायल हो चुके हैं। इसके साथ ही यह चाइनीज मांझा बेजुबान पक्षियों के लिए किलर मांझा साबित हो रहा हैं। जानकार लोगों का कहना है कि यह मांझा स्ट्रेचेबल होता है जो खींचने पर बढ़ जाता है, तोड़ना और काटना बहुत ही मुश्किल है। यह देखने में प्लास्टिक जैसा लगता है। नायलान के मजबूत धागे पर कैमिकल और किसी मेटल की परत चढ़ाकर तेज धार बनाई जाती है। इसी तेज धार के चलते कई लोगों की देश भर में मौत हो चुकी है। इसके साथ ही पतंग उड़ाते समय कई बेजुबान पक्षी इसमें फंसकर अपनी जान गवा चुके हैं। नांगल क्षेत्र में बच्चे दुकानों से खरीदकर पतंग उड़ाते देखे जा सकते है। दुकानदार अधिक मुनाफे के चक्कर में इस मांझे को खुलेआम बेच रहे है।

# महाशिवरात्रि पर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भोले के भक्त भंडारे समिति की एक महत्वपूर्ण योजना बैठक समिति अध्यक्ष अंचल चौहान के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारे की तैयारियों, व्यवस्थाओं और संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

समिति अध्यक्ष अंचल चौहान ने बताया कि समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भव्य एवं सुव्यवस्थित भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी से प्रारंभ होकर तीन दिनों तक यह भंडारा एनएच-734 स्थित गढ़ी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान दूर-दराज से आने वाले शिवभक्तों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध एवं स्वच्छ भोजन की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही पेयजल, चिकित्सा सुविधा, रात्रि विश्राम और ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यात्रियों और भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति द्वारा सफाई व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।


बैठक में समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। भोजन व्यवस्था, जल व्यवस्था, चिकित्सा शिविर, भक्तों के ठहरने की व्यवस्था और सेवा कार्यों के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी व्यवस्थाओं को समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में विजय वर्मा, अरविंद वर्मा, विनीत दीक्षित, रिकू, सुमित वर्मा, मयंक भारद्वाज सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

समिति पदाधिकारियों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं और शिवभक्तों से महा. शिवरात्रि के पावन अवसर पर भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने तथा सेवा कार्यों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और सेवा भावना को बढ़ावा मिलता है।

## एक नजर

### दो दिन बाद निकली धूप



**बिजनौर।** दो दिन के घने कोहरे के बाद गुरुवार सुबह मौसम में बदलाव आया। धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली। कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना के अनुसार, गुरुवार को अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसमें बढ़ोतरी देखी गई। बिजनौर जिले में पिछले कई दिनों से मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। शनिवार से रविवार सुबह तक आसमान में बादल छाए रहे और बारिश हुई थी, जिससे ठंड बढ़ गई थी। सोमवार सुबह भी घना कोहरा छाया रहा, हालांकि दोपहर में धूप निकलने से थोड़ी राहत मिली। सोमवार देर रात एक बार फिर कोहरा छा गया, जो मंगलवार और बुधवार सुबह और घना हो गया। इस घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई थी, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ और सर्दी का प्रकोप बढ़ गया। बुधवार दोपहर में भी हल्की धूप निकली थी, जिससे कुछ राहत मिली। गुरुवार सुबह से ही तेज धूप निकलने लगी, जिससे सर्दी का असर कम हुआ। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों और हाईवे की सड़कों पर अभी भी हल्का कोहरा देखा गया।

### गौशाला में गायों को हरी सब्जियां खिलाई



**नजीबाबाद।** नगर में श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने स्थानीय गौशाला में गायों की देखभाल और सेवा का आयोजन किया। इस अवसर पर समूह के सदस्यों ने गायों को हरी सब्जियां खिलाई और उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा। यह सेवा कार्य नगरवासियों के सहयोग से संभव हुआ। स्थानीय लोगों ने गौशाला के लिए हरी सब्जियों का प्रबंध किया और सेवा कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि नगरवासियों में गौ माता के प्रति सम्मान और सेवा भाव आज भी जीवित है। श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्य न केवल गायों की भलाई के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज में सेवा और करुणा की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। समूह ने नगरवासियों से अपील की कि वे महीने में कम से कम एक या दो दिन गौशाला पहुंचकर गायों की सेवा करें और जहां संभव हो आर्थिक सहयोग भी प्रदान करें। नगर के सम्मानित लोगों ने इस अवसर पर गौशाला के लिए आर्थिक योगदान भी किया। इससे न केवल गायों की दैनिक देखभाल में मदद मिलेगी, बल्कि भविष्य में गौशाला की सुविधाओं और संसाधनों के विस्तार में भी सहायता होगी। श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे इस प्रकार की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करेंगे और नगरवासियों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्रदान करेंगे। उनका कहना है कि सेवा और सहयोग से ही समाज और प्राकृतिक जीवन के बीच संतुलन और सामंजस्य बना रहता है।

### महिलाओं की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी

**नजीबाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान तथा नारी सम्मान तथा नारी स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वरिष्ठ शिक्षक नेता मोबीन हसन की उपस्थिति में सब इंस्पेक्टर सुभाष राणा तथा सब इंस्पेक्टर प्रीति रानी ने विद्यालय के बालक/बालिकाओं को महिलाओं की सुरक्षा, सहयोग एवं संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ ही सायबर क्राइम तथा उससे बचाव तथा पुलिस के सहयोग, अपातकालीन पुलिस सेवा, अग्निशमन, वीमेन हेल्पलाइन चाइल्ड लाइन, गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं के लिए हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के संबंध में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा प्रधानाध्यापिका शहनाज, शाहजहां, प्रतिज्ञा, नजमा, कुमुद, राधा, शीरीन, मदीहा, विनीत आदि उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश में युवक पर हमला

**धामपुर।** थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम उदयपुर में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक के अनुसार वह गांव की दुकान से सामान लेने गया था, तभी गांव के ही कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। हमले के दौरान मौके पर पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर युवक की जान बचाई। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उप निरीक्षक को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## खुर्शीद मंसूरी को टिकट देने की मांग



**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक भागूवाला के पूर्व प्रधान अब्दुल अंसारी के आवास पर आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता मुफ्ती आसिफ ने की, जबकि मौलाना खालिद ने निजामत की जिम्मेदारी संभाली। इसमें क्षेत्र के कई जिम्मेदार लोगों ने शिरकत की। श्यामिवाला के पूर्व प्रधान शमशीद अहमद, सराय आलम के प्रधान शहजाद अहमद, मंडावली के पूर्व प्रधान वाजिद मकरानी, पूर्व प्रधान साबू, मोहनपुर के पूर्व प्रधान इसरार अहमद, मन्नू मंसूरी, शमीम मंसूरी, आफताब, शमीम अंसारी, अब्दुल समी, इमरान, जीशान अहमद और फैजान अहमद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की सराहना की। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद देश के उन गिने-चुने नेताओं में से हैं जो बिना डरे और बिना झुके संविधान, सामाजिक न्याय तथा दबे-कुचले वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बैठक में मौजूद लोगों ने सर्वसम्मति से कहा कि यदि 2027 के विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी साहनपुर से चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को टिकट देती है, तो क्षेत्र की जनता एकजुट होकर उन्हें विधायक बनाकर विधानसभा भेजेगी। वक्ताओं का मानना था कि खुर्शीद मंसूरी ही ईमानदारी से क्षेत्र का विकास करा सकते हैं। बैठक में वर्तमान विधायक पर भी तीखा हमला बोला गया। लोगों ने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में वर्तमान विधायक ने जनता को केवल छलने का काम किया है और क्षेत्र में विकास पूरी तरह ठप रहा है। बैठक के अंत में क्षेत्र में बदलाव लाने और एक मजबूत नेतृत्व स्थापित करने का संकल्प लिया गया।

# वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 को

## आरजेपी कालेज में होगा आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिविल जज (सी. डि.) प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंशुमन्न धुन्ना की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों के साथ आज मेगा /वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की सफलता के दृष्टिगत सिविल कोर्ट परिसर स्थित एडीआर भवन स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में 22 फरवरी को जिला बिजनौर में मेगा/ वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इण्टर कालेज, बिजनौर में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उक्त मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सन्दर्भ में आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से उ.प्र. शासन के अन्तर्गत संचालित समस्त विभागों द्वारा आम जनमानस के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की जन-कल्याणकारी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार पैम्पलेट, पोस्टर, बैनर इत्यादि प्रचार समाग्री के माध्यम से किए जाने एवं अपने-अपने विभाग से अधिक से अधिक संख्या में लाभार्थियों को चिन्हित किये जाने के अपेक्षा की गयी।

सिविल जज (सी.डि.) प्रभारी सचिव/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर अंशुमन्न धुन्ना द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, (नालसा) नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में दो जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-2.0 चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। जिसमें वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले सम्पत्ति के बंटवारे से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले व अन्य उपयुक्त दीवानी मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चैक बाउन्स के मामले, आपराधिक मामले आदि का निस्तारण करा सकते हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, परियोजना निदेशक डीआरडीए, तहसीलदार सदर सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# महासम्मेलन सफल बनाने का निर्णय

## आईटीआई कर्मचारी संघ के सभी कर्मचारी करेगें प्रतिभाग: दीपक गुप्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा के तत्वावधान में होने वाले 15 फरवरी को पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर आईटीआई कर्मचारी संघ की संघ भवन में राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं आईटीआई कर्मचारी संघ के जिला मंत्री आशीष सक्सेना के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने सभी कर्मचारियों से महासम्मेलन में प्रतिभाग करने का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन का संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर है। संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। आईटीआई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है, जिसके लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने कहा पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होने की आवश्यकता है। 15 फरवरी को मिलकर ऐतिहासिक बनाना है। सभी शिक्षक एवं कर्मचारी महासम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज करें। अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से महासम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर करतार सिंह, कुलदीप जखमोला, अमित शर्मा, मनोज कुमार, प्रकाश सिंह, संजीव कुमार चौधरी, अबरार, ज्योत्सना त्यागी, कपिल अग्रवाल, प्रेम सिंह, सतवीर सिंह, शशिकांत, अशोक कुमार, ओमकार आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की तैयारियां पूर्ण

## भीड़ को देखते हुए प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों शिव भक्तों की निर्बाध आवाजाही और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने रूट डायवर्जन सहित आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। पर्व के अवसर पर चांदपुर-नहटौर मार्ग से अलीगढ़, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, स्याना, गजरौला सहित विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़ लेकर गुजरते हैं। संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात सुचारु रखने के लिए भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। चांदपुर से पैजनियां होते हुए नहटौर की ओर जाने वाले भारी वाहन अम्हेड़ा मार्ग से सीसीएस चौकी बालकिशनपुर चौराहा होते हुए नहटौर जाएंगे। इसी प्रकार नहटौर से पैजनियां एवं चांदपुर की ओर जाने वाले वाहनों के लिए भी यही मार्ग निर्धारित किया गया है।

इसके अलावा बिजनौर से नूरपुर एवं मुरादाबाद की ओर जाने वाले वाहन बालकिशनपुर सीसीएस चौकी-नहटौर मार्ग से होकर संचालित होंगे। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से निर्धारित रूट का पालन करने तथा शिव भक्तों की सुविधा एवं सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की है।

प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर और जाली मुहर से जालसाजी का भंडाफोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शासन और प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर ग्राम प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर और जाली मुहर के जरिए जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।

ग्राम पंचायत हीमपुर बुजुर्ग के ग्राम प्रधान अली वारिस की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही दो युवकों के विरुद्ध जालसाजी और धमकी देने के आरोप में प्रभावी कानूनी कार्रवाई की है। प्रधान अली वारिस के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव बिपिन कुमार ने एक आवेदन पत्र पर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर और मुहर की पुष्टि करनी चाही। उन्होंने उक्त दस्तावेज पर कोई हस्ताक्षर नहीं किए थे। जांच में सामने आया कि गांव के ही जिशान पुत्र अहसान ने कथित रूप से प्रधान की फर्जी मुहर तैयार करवाई और उनके जाली हस्ताक्षर कर अपनी पुत्री का जन्म प्रमाणपत्र बनवाने का प्रयास किया। पुलिस को सौंपी गई शिकायत में बताया गया है कि इस पूरे षड्यंत्र में जिशान का साथ गांव का ही मुर्तजा पुत्र बाबू खान दे रहा था। आरोप है कि मुर्तजा ही उन फर्जी दस्तावेजों को लेकर पंचायत सचिव के पास पहुंचा था, जिसकी संदिग्ध गतिविधियां कार्यालय में लगे कैमरे में भी दर्ज हुई हैं। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि जब प्रधान अली वारिस ने इस धोखाधड़ी का विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। ग्राम प्रधान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना चांदपुर पुलिस ने आरोपी जिशान और मुर्तजा के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, आपराधिक षड्यंत्र और धमकी देने के संगीन आरोपों में मुक. दमा पंजीकृत कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेरणा एप से प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण

## बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए किया प्रेरित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खण्ड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत उमरपुर आशा, हादकपुर, जमालपुर उदयचंद में स्थित प्राथमिक विद्यालयों का एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने प्रेरणा 5 एप के माध्यम से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय उमरपुर आशा में 52 बच्चे पंजीकृत पाए गए, जिसमें मौके पर 40 बालक-बालिकाएं उपस्थित मिले। ग्राम पंचायत हादकपुर में 53 बच्चे पंजीकृत मिले तथा 35 बालक बालिकाएं उपस्थित मिली। उधर ग्राम पंचायत जमालपुर उदय चंद के प्राथमिक विद्यालय में 107 बच्चे पंजीकृत पाए गए तथा 52 बालक बालिकाएं उपस्थित मिले। ग्राम पंचायत जमालपुर उदयचंद के प्राथमिक विद्यालय में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया।

प्राथमिक विद्यालय उमरपुर आशा को 2025 -26 में 25 हजार तथा हादपुर प्राथमिक विद्यालय को 21 हजार एवं प्राथमिक विद्यालय जमालपुर उदय चंद को 50 हजार कंपोजिट ग्रांट प्राप्त हुई, जिसको खर्च कल लिया गया है। एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने अध्यापकों को बच्चों की उपस्थितियों को बढ़ाने के प्रेरित किया। उन्होंने अध्यापकों से

उन्होंने कहा कि वह बच्चों के माता-पिता से उन के घर जाकर मिले और स्कूल आने के लिए उन्हें प्रेरित करें और बच्चों को खेलकूद एवं संस्कृति कार्यक्रमों के लिए जागरूक और उनका सहयोग करें।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीशचंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# महंगाई और बेरोजगारी के दौर से गुजर रहा देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कांग्रेस पार्टी के नेता एहसान जमील ने आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल की उपलब्धियों को विस्तार से रखते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने शासनकाल में कभी भी किसी जाति धर्म या वर्ग के साथ भेदभाव नहीं किया और सभी को साथ लेकर चलने की राजनीति की है।

एहसान जमील ने कहा कि देश की तरक्की, खुशहाली, एकता और अखंडता को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने हमेशा समावेशी राजनीति की है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में लगभग सभी राजनीतिक दलों ने किसी न किसी रूप में कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को अपनाकर राजनीति की, लेकिन वर्तमान समय में राजनीतिक माहौल पूरी तरह बदलता हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश बेरोजगारी, महंगाई और अन्य गंभीर समस्याओं से गुजर रहा है। आम नागरिकों के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना कठिन होता जा रहा है, जबकि युवा वर्ग रोजगार के अभाव में हताश और निराश दिखाई दे रहा है। ऐसी परिस्थितियां पहले कभी देखने को नहीं मिलीं। कांग्रेस नेता ने कहा कि वर्तमान सरकार आम जनता की मूल समस्याओं से ध्यान भटका रही है, जबकि जमीनी स्तर पर लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसा विकल्प है, जो देश को फिर से विकास और सामाजिक समरसता की राह पर ले जा सकती है। एहसान जमील ने देश और प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत किया जाए, ताकि देश की एकता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

इस अवसर पर मौजूद नगर निवासियों ने भी कहा कि बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी समस्याओं ने आम आदमी को परेशान कर रखा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले चुनावों में जनता सोच-समझकर ऐसा निर्णय लेगी जो देश और समाज के हित में हो।

# रूबी हत्याकांड का खुलासा, प्रेम संबंध में दरार बनी हत्या की वजह

## मृतका व हत्यारोपी के बीच थे चार साल थे अवैध संबंध, मृतका द्वारा बात बंद करना बना खूनी खेल का कारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अवैध संबंधों के चलते रूबी की हत्या की गयी थी। मृतका व आरोपी के बीच करीब तीन-चार साल से अवैध संबंध थे। लेकिन चार माह पहले मृतका द्वारा प्रेमी से बात. चीत पूरी तरह बंद कर दी गई थी। बार-बार प्रयासों के बावजूद संपर्क न होने से आहत धीरज ने गुस्से व जुनून में आकर इस जघन्य कांड को अंजाम दे डाला। पुलिस ने आज आरोपी धीरज व उसके भाई को जेल भेज दिया।

गौरतलब है कि बुधवार दोपहर कैलसा रोड स्थित गांव पचोकरा इस हत्याकांड से बवाल में घिर गया था। दरअसल, गांव के रहने वाले दलित समाज के मजदूर नरेंद्र सिंह की पत्नी रूबी गांव में ही गुड्डू के बेटे कोशिन्द्र के लग्न कार्यक्रम में दावत खाकर घर लौट रही थी। रास्ते में खड़े मिले बाल्मिकी समाज से ताल्लुक रखने वाले पड़ोसी राशन डीलर बृजपाल के बेटे धीरज ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर रूबी को सरेराह मौत के घाट उतार दिया था। मामला दो अलग-अलग जाति से जुड़े होने के कारण गांव में तनाव बन गया था। गुस्साई भीड़ ने हत्यारोपी के घर और घेर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की थी। बेकाबू होते हालात संभालने में पुलिस अफसरों का भी पसीना छूट गया था। मौके पर छह थानों की फोर्स और पीएसी को बुलाना पड़ा था। एसपी अमित कुमार आनंद और एएसपी अखिलेश भदौरिया समेत अन्य पुलिस अफसर भी भीड़ को समझाने में नाकाम रहे थे जबकि जनप्रतिनिधि व समाजिक व राजनैतिक संगठनों के लोगों को भी ग्रामीणों के गुस्से के आगे गांव से मायूस होकर लौटना पड़ा था। वहीं, हत्या के बाद घटनास्थल से अपनी जान बचाकर भागे धीरज ने घर में जाकर खुद को कमरे में बंद कर लिया था। खून का बदला खून को लेकर मचने शुरू हुए शोर से बने तनावपूर्ण माहौल में पुलिस अफसरों ने नाटकीय ढंग से धीरज को वर्दी पहनाकर बमुश्किल गांव से बाहर निकाला था। गांव में छह घंटे तक चलते रहे बवाल के बाद देर शाम करीब साढ़े छह बजे पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज सकी थी। दोनों जाति के लोगों में बने तनाव को देखते हुए गुरुवार को भी गांव में पुलिस बल व पीएसी तैनात रही। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मामले में मृतका रूबी के पति नरेंद्र सिंह की तहरीर पर मुख्यारो. पी धीरज कुमार, उसके भाई नीरज, मां अनीता, पिता बृजपाल और परिरि. चत मनिराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पांच अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। वहीं, मुख्यारोपी धीरज और उसके भाई नीरज को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है। एसपी के मुताबिक हत्यारोपी धीरज और मृतका रूबी के बीच प्रेम संबंध थे। चार महीने से रूबी और धीरज की बातचीत बंद थी। इसी बात पर गुस्से में धीरज ने रूबी की हत्या की है। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद हो गया है।



### कड़ी सुरक्षा के बीच शव का अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। पोस्टमार्टम के बाद मृतका रूबी के शव का कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार कराया गया। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा, जबकि अधिकारियों की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया।

### खूनी वारदात ने उजाड़ दिये दो परिवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। अवैध संबंधों की इस खौफनाक कहानी ने दो परिवारों को पूरी तरह बिखेर कर रख दिया। एक तरफ मजदूर नरेंद्र सिंह का घर, जहां मां की सरेआम हत्या के बाद तीन मासूम बच्चे हमेशा के लिए अपनी ममता से जुदा हो गए। मां के बिना सूना पड़ा आंगन, सहमे हुए बच्चों से इस वारदात ने उनके बचपन से मुस्कान छीन ली। वहीं दूसरी ओर आरोपी धीरज का परिवार भी इस घटना के बाद टूट चुका है। हत्या के जुर्म में युवक जेल चला गया, जिससे उसके घर पर भी सन्नाटा और बदनामी का साया छा गया है। एक गलत रिश्ते और बेकाबू गुस्से ने दो घरों की खुशियां छीन लीं। एक परिवार मामता के आंचल से वंचित हो गया, तो दूसरा अपना बेटा खो बैठा। यह वारदात समाज के लिए एक कड़वी सीख छोड़ गई कि अवैध संबंध किस तरह पूरे परिवारों को तबाह कर देती हैं।

### दूसरे दिन भी गांव में तैनात रही पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। हत्या के बाद हुए बवाल के दूसरे दिन भी गांव पचोकरा में तनाव का माहौल बना रहा। हालात को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को भी गांव में भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात रखी। अधिकारियों ने लगातार पैदल गश्त कर ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की तथा गांव में अफवाहों को रोकने के लिए पुलिस सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर निगरानी करती रही। पुलिस की सख्ती और सतर्कता के बीच धीरे-धीरे हालात सामान्य होने की कोशिश करते दिखे, हालांकि दोनों पक्षों के बीच बने तनाव को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना बना रहा।

# प्रबंधक समेत तीन बैंक कर्मियों पर रिपोर्ट के आदेश

## वकील की मां के खाते से 70 हजार उड़ाये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रबंधक, फील्ड आफिसर ने धोखाधड़ी कर वकील की मां के खाते से 70 हजार रूपये निकाल लिये। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्रबंधक समेत तीन बैंक कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये हैं।

जानकारी के मुताबिक रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव तुगल. काबाद में किसान स्व.श्यामलाल का परिवार रहता है। उनकी बेटी ममता जिला न्यायालय परिसर में विधिक व्यवसाय करती हैं। उनका आरोप है कि उनकी माता राम किशोरी का खाता गांव देहरा मिलक की उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा में खुला था। 15 मई 2025 को मां रामकिशोरी को लेकर ममता खाते से 10 हजार रुपये निकालने के लिए गई थीं। उन्होंने वाउचर भरकर कैश काउंटर पर दे दिया। इस दौरान बैंक कर्मियों ने खाता बंद होने की बात कही। कारण पूछने पर शाखा प्रबंधक शुभम कुमार भारद्वाज के पास भेज दिया। ममता जब अपनी बीमार मां रामकिशोरी को लेकर शुभम कुमार भारद्वाज के पास पहुंची तो वह भड़क गए, अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गालियां देने लगे। खाता चालू करने से इंकार कर दिया। दो जुलाई की सुबह लगभग दस बजे ममता ने जन सेवा केंद्र के माध्यम से खाते की स्थिति चेक कराई तो पता चला कि शाखा प्रबंधक व अन्य कर्मियों ने धोखाधड़ी से उनकी मां के खाते से 70 हजार रुपये बिना बताए काट लिए हैं। ममता का आरोप है कि शाखा प्रबंधक शुभम कुमार भारद्वाज, फील्ड ऑफिसर मिंटू और कार्यालय सहायक रेवंत रमनिक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए धनराशि निकाल ली। मामले की शिकायत थाना पुलिस से की गई तो पीड़ित पक्ष की कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने कोर्ट की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेकर सीजेएम ने सैदनगली थाना पुलिस को शाखा प्रबंधक शुभम कुमार भारद्वाज, फील्ड ऑफिसर मिंटू और कार्यालय सहायक रेवंत रमनिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने की आदेश दिया है।

# पति के दोस्तों ने किया महिला से दुष्कर्म

- घटना के बारे में बताने पर भी पति ने नहीं जताया विरोध
- पति व उसके दो दोस्तों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। एक महिला के साथ पति के दो दोस्तों ने डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घर जाकर पति को सारी घटना के बारे में बताया लेकिन इसके बाबजूद भी पति ने आरोपितों के प्रति न तो कोई विरोध जताया बल्कि पत्नी को चुप रहने की नसीहत दी। जिसके बाद पीड़िता ने अपने भाई को घटना के बारे में बताया। भाई की तहरीर पर थाना पुलिस ने महिला के पति समेत तीन आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव का एक युवक नशेड़ी और जुआरी है। उसकी शादी नौगावां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से हुई थी। उसके दो दोस्त फरजन्द व फजरू उसकी पत्नी पर गलत नीयत रखते हैं। सब कुछ जानकर भी वह अपने दोस्तों की हरकत का विरोध नहीं करता था, इस कारण दोस्तों के हौंसले दिन-ब-दिन बढ़ते रहे। आरोप है कि 25 जनवरी की रात को करीब नौ बजे पति अपने दोस्त फरजन्द व फजरू को बाइक पर लेकर आया और पत्नी को उनकी बाइक पर बैठकर किसी के पास जाकर पैसे लेकर आने की बात कही। पत्नी ने उनके साथ बैठने को मना किया तो पति ने कहा कि वह दूसरी बाइक से आ रहा है। एक बाइक पर तीन लोग नहीं बैठ सकते इसलिए फरजन्द व फजरू के साथ बैठकर चलो। इसके बाद वह पति के दोस्तों के साथ बाइक पर बैठ गई। कुछ दूर पहुंचने के बाद भी जब महिला का पति नहीं आया तो उसने बाइक रोकने को कहा मगर दोनों युवकों ने बाइक नहीं रोकी। जिस पर वह बाइक से कूद गई। इसके बाद फरजन्द व फजरू ने उसे पकड़ लिया और डरा धमकाकर दुष्कर्म किया और फरार हो गए। महिला यहां से रोते हुए अपने घर पहुंची और पति को पूरी घटना के बारे में बताया, मगर पति ने उसकी बात सुनकर भी आरो. पित दोस्तों के प्रति कोई विरोध जताने के बजाए पत्नी को ही चुप रहने की नसीहत दी। जिसके बाद पीड़िता ने अपने भाई को घटना के बारे में बताया। भाई ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपित फरजन्द व फजरू के साथ साथ पीड़िता के पति नौशाद के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## चचेरे-तहेरे भाईयों में मारपीट, सिर पर हथौड़ा लगने से अधिवक्ता का भाई घायल

# ग्राहक को लेकर आपस में भिड़े फर्नीचर कारोबारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ग्राहक को लेकर फर्नीचर कारोबा. री चचेरे-तहेरे भाई आमने-सामने आ गए। जिनमें बीच सड़क जमकर लात घूंसे चलने से अफरातफरी मच गई। हथौड़ी से हमले में सिर पर गंभीर चोट लगने से अधिवक्ता का भाई लहूलुहान हो गया। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कराकर बमुश्किल बिगड़ते हालात को संभाला। मारपीट की घटना घर के बाहर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दानिशमंदान की है। यहां रहने वाले वसीम अकरम पेशे से अधिवक्ता हैं। उनके द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक मोहल्ले में उनकी फर्नीचर की दुकान है। जिसका नाम अमरोहा शोरूम है। आरोप है कि चाचा शहाबुद्दीन व उनके बेटे काफी समय से परिवार से रंजिश रखते हैं। जिसके चलते उन्होंने उनकी दुकान के बराबर में उसी नाम से एक दूसरी दुकान खोल रखी है। घटना बुधवार शाम करीब चार बजे की है। वसीम अकरम, उनके पिता मोहम्मद अमीन व भाई नईम अकरम दुकान में मौजूद थे। उसी दौरान पहुंचे एक ग्राहक को दुकान पर काम करने वाला युवक फहीम सामान दिखाने लगा, आरोप है कि तभी चाचा शहाबुद्दीन अपने बेटे सलाहुद्दीन व एहतेशाम तथा रिश्तेदार आदिल व अनवर को लेकर दुकान पर आ गए। सभी ने ग्राहक को लेकर गाली-गलौज करते हुए अचानक हमला कर दिया। हथौड़ी से किए गए वार में सिर में गंभीर चोट लगने से नईम अकरम लहूलुहान होकर गिर गया जबकि मारपीट में वसीम अकरम व उनके पिता मोहम्मद अमीन गंभीर घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा बीच-बचाव कराए जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। अधिवक्ता वसीम अकरम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को शहर सीएचसी में भर्ती कराया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने घटना की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। वहीं, बीच सड़क दोनों पक्षों में चली मारपीट की एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है।

# कुत्ता लेकर टहल रहे युवक पर फायर झोंका

## पुलिस घटना की जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। स्कॉर्पियो सवार युवकों ने गांव में कुत्ता टहला रहे किसान के बेटे पर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली शरीर के पास से गुजर गई। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। किसान ने मामले में आरोपियों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी है। फिलहाल, पुलिस अभी घटना की जांच कर रही है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर पट्टी की है। यहां पर किसान सोनू कटारिया का परिवार रहता है। उनके द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक गुरुवार शाम में लगभग चार बजे उनका बेटा लक्ष्य कटारिया पालतू कुत्ते को घर के आगे टहला रहा था। उसी दौरान नौगावां सादात की तरफ से एक स्कॉर्पियो वहां आकर रूकी, जिसमें सवार युवकों ने अंदर बैठे हुए ही लक्ष्य पर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली उसके शरीर से सटकर गुजर गई। फायर की आवाज सुनकर सहमे लक्ष्य ने वहां से दौड़ लगाकर अपनी जान बचाई। उधर, मंसूबा नाकाम होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए बाईपास रोड से कांठ की तरफ भाग गए। बेटे पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सोनू कटारिया ने थाने में तहरीर दी है, साथ ही एक सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दिखाई है, जिसमें घटना में इस्तेमाल स्कॉर्पियो का नंबर दिखाई दे रहा है। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

# बच्चों को दी जंक फूड न खाने की सलाह

## आबिदी प्लेवे स्कूल को मिला एजुकेशनल अवार्ड



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शिक्षाविद खामसा जबीं सलमी नकवी (सेवानिवृत अध्यापिका, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली) और सादेकेन मेमोरियल ट्रस्ट दिल्ली के चेयरमैन मौहम्मद अली हैदर नकध्वी ने आज आबिदी प्लेवे स्कूल का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने आबिदी प्लेवे स्कूल की प्रधान अध्यापिका शाजिया इमदाद आबिदी को अफजाल अहमद मेमोरियल एजुकेशल अवार्ड देकर सम्मानित किया।

उन्होंने नन्हें मुन्ने बच्चों से मुलाकात की, उनको जंक फूड न खाने और मोबाइल से दूर रहने का संदेश दिया, साथ ही गत माह क्वेस्ट इवेंट में सम्मिलित बच्चों की सराहना करते हुए उनको उपहार दिए। आले अहमद एजुकेशनल सोसाइटी की चेयरपर्सन खामसा नकवी ने शिक्षा की महत्वपूर्णता बताते हुए कहा कि उनके दादा आले अहमद नकवी ने शहर अमरो. हा की बच्चियों के लिए आले अहमद स्कूल की स्थापना की, उनके पिता अफजाल अहमद शिया कालेज लखनऊ में प्रधानाचार्य थे, उन्होंने खुद राष्ट्रीय राजधानी में 35 वर्ष तक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने का सही हमें शिक्षित होने के बाद ही मिलता है। इसके द्वारा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की नींव रखी जाती है। शिक्षा हमें आलोचनात्मक सोच और समस्याओं को सुलझाने का कौशल प्रदान करती है। यह हमें सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाती है।

# वेब मिल ने 93 प्रतिशत किया गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। वेव शुगर मिल मलेशिया ने गन्ना भुगतान के मामले में तेजी दिखाते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है। मिल द्वारा अब तक 70.63 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की जा चुकी है, जिसके सापेक्ष कुल भुगतान 312.15 करोड़ रुपये बनता है। नियमों के अनुसार 14 दिन में देय 267.68 करोड़ रुपये की राशि में से सोमवार को 18.98 करोड़ रुपये का और भुगतान किसानों के खातों में भेजा गया। इसके साथ ही वेव शुगर मिल द्वारा 16 जनवरी 2026 तक आपूर्ति किए गए गन्ने का कुल 249.27 करोड़ रुपये भुगतान कर दिया गया है, जो कुल देय राशि का लगभग 93 प्रतिशत है। समय पर भुगतान होने से क्षेत्र के गन्ना किसानों में संतोष देखा जा रहा है और मिल के प्रति भरोसा भी बढ़ा है।

# हीरा इंटरनेशनल की बेटियों ने बढ़ाया मान



## इंग्लिश ओलम्पियाड में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। धनौरा। हीरा इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने एक बार फिर अपने हुनर का लोहा मनवाया है। स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा यशिका और कक्षा 12 की छात्रा वाणी सिंह ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से कराई गई इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्रधानाचार्य भगवान शरण ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें देश-विदेश के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोनों छात्राओं ने अपनी मेहनत और पढ़ाई के दम पर यह सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है और अन्य बच्चों में भी आगे बढ़ने का उत्साह देखने को मिल रहा है। छात्राओं की सफलता में स्कूल की शिक्षिका सुमन भाटिया का अहम योगदान रहा। उन्होंने बच्चों को लगातार मार्गदर्शन दिया और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता की तैयारी कराई। विद्यालय के प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने छात्राओं की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे स्कूल के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों की लगन से ही ऐसे अच्छे नतीजे सामने आते हैं। स्कूल प्रबंधन आगे भी बच्चों को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का पूरा अवसर देता रहेगा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी गई और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## पुलिस ने किया पेड़ चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। पुलिस चौकी के पास से पोपलर के पेड़ चोरी होने का मामला, जो कुछ समय पहले चर्चा में आया था, अब उसका पुलिस ने सफल खुलासा कर दिया है। थाना पुलिस ने इस मामले में चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 37 गट्टे पोपलर लकड़ी और वारदात में इस्तेमाल किया गया महिंद्रा छोटा हाथी वाहन बरामद किया है। गौरतलब है कि बीते दिनों पुलिस चौकी क्षेत्र के पास जंगल से पोपलर के पेड़ काटकर चोरी किए जाने की घटना सामने आई थी, जिसे लेकर क्षेत्र में चर्चाएं थीं और सवाल भी उठ रहे थे। इस संबंध में 7 जनवरी को मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस लगातार मामले की जांच और सुरागरसी में जुटी हुई थी।

# महाकुम्भ में ड्यूटी करने वाले होमगार्ड सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। महाकुंभ मेला 2025 की ड्यूटी में तैनात रहे जनपद के होमगार्ड्स जवानों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदत्त मेडल व प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. मामराज सिंह रहे। जिला कमांडेंट होमगार्ड्स डॉ. वेदपाल सिंह चपराना ने बताया कि महाकुंभ मेला ड्यूटी में जनपद अमरोहा से 100 होमगार्ड्स गए थे, जबकि पूरे प्रदेश से करीब 15 हजार होमगार्ड्स की तैनाती रही। होमगार्ड्स ने दिन-रात कड़ी मेहनत कर 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को संगम में सुरक्षित और सुगम स्नान कराने में सहयोग किया। मुख्य अतिथि डॉ. मामराज सिंह ने होमगार्ड्स की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए सभी जवानों को शुभकामनाएं दीं।

# पंचवक्ता नमाज को बनाएं अपनी जिंदगी का हिस्सा: मुफ्ती तैयब

## मदरसा जामिया नूरिया में दस्तारबंदी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आलिमेदीन मुफ्ती तैय्यब अहमद कादरी नईमी ने फरमाया कि इबादतों में सबसे अजीम इबादत नमाज है। लिहाजा, गुमराही से बचते हुए मुसलमान पंचवक्ता नमाज को अपनी रोजाना की जिंदगी का हिस्सा बनाएं। दुनिया और आखिरत की जिंदगी को कामयाब बनाने का सिर्फ ये ही एक जरिया है।

शब-ए-बरआत की रात मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी ने ये सीख शहर में ईदगाह रोड पर आयोजित हुए जलसे को खिताब करते हुए लोगों को दी। दाऊद सराय रोड स्थित मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम के संयोजन में हुए जलसा-ए-दस्तारबंदी की शुरूआत कलाम-ए-इलाही से कारी जमशेद ने की जबकि बारगाहे रिसालत में नात के नजराने कारी मोहम्मद फुरकान रजा मुरादाबादी और मौलाना सुब्हान रजा संभली ने पेश किए। मदरसे से फारिग पांच तालिबेइल्मों की दस्तारबंदी की गई। तकरीर में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी ने आगे फरमाया कि नमाज हर बालिग और आकिल पर फर्ज की गई है। सिर्फ दो हालत में माफ है, एक तब जब तुम्हारे जिस्म में जान ना रहे यानी तुम मर जाओ दूसरा तब जब तुम्हारी अक्ल खत्म हो जाए यानी तुम पागल हो जाओ। कहा कि अब ना आप पागल हो ना आप मर चुके हो तो इस सूरत में नमाज हर हाल में पढ़नी ही पढ़नी है। क्योंकि, नमाज हमें बेहयाई से रो. कती है, चेहरे पे नूर अता करती है, दिल को सुकून देती है, रिज्क में बरकत होती है, सेहत ठीक रहती है। नमाज से ही अल्लाह का कुर्ब भी हासिल होता है। उत्तराखंड के काशीपुर से आए अल्लामा हाशिम नूरी ने दिलों में मोहब्बत-ए-रसूल बसाने की बात लोगों से कही। वहीं, मदरसे के उस्ताद मुफ्ती नसीम मंजरी ने जामिया की 20 साल की खिदमात पर रौशनी डाली। सलात-ओ-सलाम के बाद मुल्क में अमन चौन और कौम की सलामती की दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ। इस दौरान मुफ्ती अरकान अजहरी, मौलाना मोहमद अकरम आफाकी, कारी मुज्जफर, कारी फुरकान रजा, मुफ्ती अब्दुल जब्बार अमजदी, मुफ्ती नूर मोहम्मद, कारी दाऊद, हाफिज इमरान, हाफिज फैजान, इरफान, मंसूरी, रिजवान मंसूरी, आसिफ मंसूरी, शजर आलम शाही, सलीम घोसी, अतहर अंसारी, यासिर अंसारी, फिरोज कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुंबई को बड़ा झटका सरफराज खान अस्पताल में भर्ती

**मुंबई, वार्ता।** नॉर्टक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से पहले मुंबई को बड़ा झटका लगा, क्योंकि मिडिल-ऑर्डर बैट्समैन सरफराज खान बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हो गए और वह अहम नॉकआउट मैच नहीं खेल पाएंगे। सरफराज को बुधवार को तेज बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। टीम सूत्रों ने कहा कि उनकी हालत स्थिर है लेकिन ठीक होने में कुछ दिन लगने की उम्मीद है, जिससे क्वार्टर फाइनल के लिए उनके उपलब्ध होने की संभावना बहुत कम है। 28 साल के सरफराज इस रणजी सीजन में मुंबई के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, उन्होंने मिडिल ऑर्डर में खूब रन बनाए और बैटिंग लाइनअप को स्थिरता दी। उनकी गैरमौजूदगी से कर्नाटक की मजबूत टीम के खिलाफ मुंबई की बैटिंग कमजोर होने की उम्मीद है।

### ओमान ने जिम्बाब्वे को 4 विकेट से रौंदा

**कोलंबो, वार्ता।** सुफियान महमूद (तीन विकेट) के बाद जतिंदर सिंह (55), हम्माद मिर्जा (35) और जितेन रामानंदी (नाबाद 34) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ओमान ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप अभ्यास मैच में चार गेंदें शेष रहते जिम्बाब्वे को चार विकेट से हरा दिया। यहां ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट (56) और ताशिंगा मुसेकिवा (नाबाद 54) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 187 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। ब्रेंडन टेलर और डिओन मेयर्स ने 26-26 रनों का योगदान दिया। ब्रैड एवंस 11 रन बनाकर आउट हुए। ओमान की ओर से सुफियान महमूद ने तीन विकेट लिए।

# भारत के साथ मैच नहीं खेलेगा पाक

**पाक पीएम शहबाज शरीफ ने कहा : फैसला सोच समझकर व बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखते हुए लिया**



**कराची, वार्ता।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की है कि पाकिस्तान आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ नहीं लेगा, और कहा कि यह फैसला बांग्लादेश के साथ बहुत सोच-समझकर और एकता में लिया गया है।

एक फेडरल कैबिनेट मीटिंग को एड्रेस करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि स्पोर्ट्स को पॉलिटिकल असर से दूर रहना चाहिए, साथ ही 20-टीम के टूर्नामेंट पर पाकिस्तान का स्टैंड भी बताया। जियो न्यूज के अनुसार शहबाज शरीफ ने कहा कि स्पोर्ट्स के फील्ड में पॉलिटिक्स की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, और कहा कि इंडिया के खिलाफ टी-20 मैच का बॉयकॉट करने के मामले में पाकिस्तान को बांग्लादेश के साथ खड़ा होना चाहिए। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद पाकिस्तान ने प्रोटेस्ट के तौर पर 15 फरवरी को अपने कट्टर दुश्मन इंडिया के खिलाफ होने वाले मैच का बॉयकॉट करने का फैसला किया है। आईसीसी ने यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की उस रिक्वेस्ट को ठुकराने के बाद लिया, जिसमें उन्होंने टूर्नामेंट के 7 फरवरी से शुरू होने के इतने करीब लॉजिस्टिक दिक्कतों का हवाला देते हुए अपने मैच भारत के बाहर किसी जगह पर शिफ्ट करने की रिक्वेस्ट की थी।

इसके बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड ने ले ली, और आईसीसी ने कहा कि इतनी देर से शेड्यूल में बदलाव करना मुमकिन नहीं है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान के फैसले पर कई वजहों का असर था, जिसमें उन्होंने आईसीसी का बांग्लादेश के प्रति पक्षपाती रवैया भी बताया। जियो न्यूज के मुताबिक, सूत्रों ने यह भी कहा कि पाकिस्तान टीम को विरोध के तौर पर भारत के खिलाफ मैदान में न उतरने का निर्देश दिया गया था। जवाब में, आईसीसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आपसी सहमति वाले समाधान की दिशा में काम करेगा। राष्ट्रीय सरकारों के अधिकार को मानते हुए, आईसीसी ने पीसीबी से अपने रुख पर फिर से सोचने की अपील की, और चेतावनी दी कि इस बायकॉट से खेल और इसके ग्लोबल फैनबेस को नुकसान होगा। काउंसिल ने कहा कि यह फैसला ग्लोबल खेल या दुनिया भर के फैंस, जिसमें पाकिस्तान के लाखों लोग भी शामिल हैं, की भलाई के लिए नहीं है, और सभी स्टेकहोल्डर्स के हितों की रक्षा के लिए लगातार बातचीत को बढ़ावा दिया। इस बीच, पाकिस्तान की नेशनल टीम अभी आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका के कोलंबो में है, जिसे 7 फरवरी से 8 मार्च तक श्रीलंका और भारत मिलकर होस्ट करेंगे।

# भारत को पाक के खिलाफ खेलने में कोई परेशानी नहीं: सूर्यकुमार यादव

**● कहा: हम आईसीसी के निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से यात्रा करेंगे, कोई भी अनिश्चितता पाक के फैसले पर निर्भर करती है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को कहा कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है और वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि मैच को लेकर कोई भी अनिश्चितता पाकिस्तान के फैसले पर निर्भर करती है।

मुंबई में कैप्टन डे प्रेस मीट के दौरान सूर्यकुमार ने कहा कि हमारी सोच बहुत स्पष्ट है। हमने खेलने से मना नहीं किया, उन्होंने मना किया। आईसीसी ने मैच की तारीखें घोषित कर दी हैं, हमारी फ्लाइट बुक हो गई हैं, और हम जा रहे हैं। बाकी हम वहां पहुंचने के बाद देखेंगे। भारतीय कप्तान ने इस बात पर बल दिया कि टीम को 15 फरवरी को होने वाले मैच के बारे में आधिकारिक तौर पर बता दिया गया है और उसी के हिंसाब से तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके फैसले पर मेरा नियंत्रण नहीं है। हमें 15 तारीख को मैच खेलने के लिए कहा गया है। सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि भारत ने तटस्थ जगहों पर पाकिस्तान का कई बार सामना किया है। उन्होंने कहा कि हमने एशिया कप के दौरान एक तटस्थ जगह पर उनसे तीन बार खेला। अगर हमें कोलंबो में खेलने का एक और मौका मिलता है तो हम फिर से खेलेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरा फैसला नहीं है। यह आसान काम नहीं है, वे जरूर इस पर काम कर रहे होंगे। क्योंकि यह सरकार की ओर से आया है, इसलिए यह एक मुश्किल स्थिति है जिससे निपटना है।

## आयुष म्हात्रे ने वैभव सूर्यवंशी के 'पावर' को सराहा



**हरारे, वार्ता।** भारत के अंडर-19 कप्तान आयुष म्हात्रे ने युवा ओपनर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की, जिनकी विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने बुधवार को हरारे में अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक सात विकेट से जीत हासिल कर आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई। अंडर-19 वर्ल्ड कप में अब तक के सबसे बड़े टोटल का पीछा करते हुए, भारत ने टॉप ऑर्डर से शानदार शुरुआत की, जिसमें 14 साल के वैभव ने सिर्फ 33 गेंदों में तेज 68 रन बनाकर लय तय की। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने चार छक्के और पांच चौके लगाए, टूर्नामेंट में अपना तीसरा अर्द्धशतक बनाया और पावरप्ले के अंदर ही अफगान गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया। जबकि ओपनिग पार्टनर एरन जॉर्ज ने 115 रनों की शांत पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, म्हात्रे ने पारी की शुरुआत में दबाव कम करने में वैभव के प्रभाव पर जोर दिया। म्हात्रे ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि 10 ओवर के बाद हमारे पास 90 रन थे और यह हमारे लिए शानदार था।उसने बस दबाव कम किया, और हम बस पारी को आगे बढ़ाना चाहते थे। इसलिए हमारे लिए भी पारी को आगे बढ़ाना बहुत आसान हो गया। भारत ने पहले 10 ओवर में 90 रन बना लिए, जिसके बाद म्हात्रे (62) और जॉर्ज ने मिलकर एक स्थिर शतकीय साझेदारी की और लक्ष्य का पीछा करने को स्थिर किया। फिर विहान मल्होत्रा ने नाबाद 38 रन बनाकर एक आसान फिनिश सुनिश्चित किया, क्योंकि भारत ने आठ से अधिक ओवर शेष रहते ही जीत हासिल कर ली। शानदार शुरुआत के बाद बल्लेबाजी के तरीके के बारे में बताते हुए, म्हात्रे ने कहा कि योजना चीजों को सरल रखने की थी।

# भारत अंडर-19 की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर

**● अंडर-19 में भारत का मुकाबला आज इंग्लैंड से होगा**



**हरारे, वार्ता।** शुक्रवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2026 का फाइनल एक रोमांचक मुकाबले का वादा करता है, जिसमें भारत अंडर-19 का मुकाबला इंग्लैंड अंडर-19 से होगा, जिसने पहले ही दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों की कल्पना पर कब्जा कर लिया है। ऑनलाइन वायरल हो रही कहानी साफ है: भारत का रिकॉर्ड तोड़ सेमीफाइनल प्रदर्शन बनाम इंग्लैंड का अजेय अभियान, जिसमें हरारे की धीमी, स्पिन के अनुकूल पिच यह तय करेगी कि प्रतिष्ठित ट्रॉफी कौन उठाएगा। भारत की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर होंगी। भारत अंडर-19 सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 41.1 ओवर में रिकॉर्ड 311 रन का पीछा करने के बाद आत्मविश्वास की लहर पर फाइनल में पहुंचा है। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने छह मैचों में 148 के स्ट्राइक रेट से 264 रन बनाए हैं, और भारत को मजबूत शुरुआत देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मध्य क्रम के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा और आयुष म्हात्रे, विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ, स्थिरता और आक्रामक बल्लेबाजी प्रदान करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत की बल्लेबाजी में उच्च दबाव वाली स्थितियों को संभालने की गहराई है। हरारे की टर्निंग ट्रैक पर भारत का स्पिन आक्रमण उनका तुरुप का इक्का है। हेनिल पटेल 4-19 की इकॉनमी से 11 विकेट लेकर गेंदबाजी लाइनअप का नेतृत्व करते हैं, जिन्हें आरएस अंबरीश और खिलन पटेल का समर्थन प्राप्त है। स्पिन ऑलराउंडरों के शामिल होने से यह सुनिश्चित होता है कि भारत के पास कई आक्रामक विकल्प हैं, जो इंग्लैंड के बल्लेबाजों की किसी भी गलती का फायदा उठाने में सक्षम हैं। विश्लेषकों का मानना है कि धीमी, सूखी परिस्थितियां फाइनल में स्पिन को निर्णायक कारक बना सकती हैं। इस बीच, इंग्लैंड अंडर-19 टूर्नामेंट में सबसे लगातार प्रदर्शन करने वाली टीम रही है, जो फाइनल में अजेय रहते हुए पहुंची है। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पर उनकी सेमीफाइनल जीत, जिसका नेतृत्व थॉमस रेव के 110 और बेन मेयस की शानदार रन-स्कोरिग ने किया, उनके लचीलेपन को रेखांकित करता है। तेज गेंदबाज मैनी लुम्सडेन, राल्फी अल्बर्ट और सेबेस्टियन मॉर्गन ने पैठ बनाई है, जिससे इंग्लैंड को एक अच्छी तरह से संतुलित आक्रमण मिला है जो भारत के शीर्ष क्रम को चुनौती देने में सक्षम है। टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने की भविष्यवाणी की गई है, दोनों कप्तान जानते होंगे कि पहली पारी में लगभग 260-280 का स्कोर प्रतिस्पर्धी होने की संभावना है। भारत का हालिया रिकॉर्ड पीछा करने का प्रदर्शन दबाव को संभालने की उनकी क्षमता को दर्शाता है, जबकि इंग्लैंड की अजेय लय मैचों में उच्च प्रदर्शन बनाए रखने की उनकी क्षमता को दर्शाती है।

# ओलंपिक मशाल वाहक के रूप में सम्मानित हुए ब्रिंदा



**● अभिनव ब्रिंदा ने मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए मशाल वाहक चुने जाने पर गर्व व्यक्त किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिद्रा ने मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए मशाल वाहक चुने जाने पर गर्व व्यक्त किया, और इस पल को एकता और मानवीय भावना का उत्सव बताया। बिद्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मिलानो कोर्टिना 2026 में ओलंपिक लौ ले जाने का सम्मान मिला।

यह एकता, दृढ़ता और साझा मानवीय आकांक्षा का प्रतीक है। बिद्रा को पिछले साल अक्टूबर में मशाल वाहक के रूप में चुना गया था। 25वें शीतकालीन ओलंपिक आधिकारिक तौर पर शुक्रवार को शुरू होंगे। पहले पदक शनिवार को दिए जाते हैं, जबकि खेल 22 फरवरी को वेरोना ओलंपिक एरिना में समापन समारोह के साथ समाप्त होंगे। मिलानो कोर्टिना 2026 चौथी बार होगा जब इटली शीतकालीन ओलंपिक की मेजबानी करेगा।

इस आयोजन में 16 खेलों में 116 पदक कार्यक्रम होंगे, जो बीजिंग 2022 संस्करण की तुलना में सात कार्यक्रम और एक खेल का विस्तार है। मुख्य समारोह मिलान के प्रतिष्ठित सैन सिरो स्टेडियम में होगा, जो फुटबॉल क्लब एसी मिलान और इंटर मिलान का घर है, जिसमें प्रेडाजो, लिविग्नो और कोर्टिना डी' एम्पेजो में अतिरिक्त समारोह आयोजित किए जाएंगे। यह प्रारूप एथलीट प्रतिनिधिमंडलों को अपने संबंधित प्रतियोगिता स्थलों के करीब परेड करने की अनुमति देगा। उद्घाटन समारोह में प्रमुख इतालवी और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के प्रदर्शन शामिल होंगे, जिसमें अमेरिकी पॉप स्टार मारिया कैरी भी शामिल हैं, जो खेलों के लॉन्च में एक प्रमुख मनोरंजन आयाम जोड़ेंगे। शीतकालीन ओलंपिक दो मुख्य शहरों में फैले होंगे।

## भारत के सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में उज्बेकिस्तान से मामूली अंतर से पीछे रहते हुए रजत पदक जीता। आज यहां भारतीय जोड़ी ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में फाइनल में 479-6 अंक हासिल किए, जबकि उज्बेकिस्तान की निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालव ने 481-3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पहले दो सीरीज के आखिर में सम्राट और सुरुचि आगे थे, लेकिन उज्बेक खिलाड़ियों की लेट रैली ने उन्हें पीछे कर दिया। चीनी ताइपे के चेंग एन-चिग और हसिंह हसिआंग-चेन ने 412-2 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में, सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने 583 अंक के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। दूसरी भारतीय टीम, जिसमें ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और श्रवण कुमार शामिल थे, 571 अंक के साथ नौवें स्थान पर रही। आज मिली इस जीत के साथ स्पर्धा में भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई है। भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता है।

# सुजीत ने जागरेब ओपन में जीता सोना

**● क्रोएशिया में कुश्ती टूर्नामेंट सुजीत कलकल ने 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईरान के पेमैन अली को हराया**



**क्रोएशिया, वार्ता।** भारतीय पहलवानों ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। सुजीत कल्कल ने 65 किग्रा में स्वर्ण, अमन सहरावत ने 61 किग्रा रजत और अभिमन्यु ने 70 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीते।

बुधवार को क्रोएशिया में जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट सुजीत कल्कल ने 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईरान के पहलवान पेमैन अली नेमाती को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं पेरिस 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किलोग्राम कैटेगरी में रजत जीता, जबकि अभिमन्यु को 70 किलोग्राम कैटेगरी में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत 65 किलोग्राम कैटेगरी में शानदार रहे और बिना कोई अंक गंवाए खिताब जीता। 23 साल के भारतीय पहलवान ने फाइनल में ईरान के पेमैन अली नेमाती को 3-0 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला खत्म किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खमजात अरसामरजोएव को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर हराया और फिर सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमेरिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना को 11-0 से हराया। इस बीच, नॉर्डिक सिस्टम के जरिए अमन सहरावत ने जाग्रेब ओपन में अपने करियर का तीसरा पदक जीता। ओलंपिक पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय अमन ने ईरान के रेजा हुसैन मोमेनिजोउजादेह (12-2) और जॉर्जिया के जियोर्गी गोनियाश्विली (10-0) को हराया और फिलिस्तीन के अली अबुरमैला से वॉकओवर मिला। अमेरिका के ऑस्टिन डेसैंटो से 8-0 की हार का मतलब था कि भारतीय पहलवान दूसरे स्थान पर रहा। 70 किलोग्राम भार वर्ग में, अभिमन्यु ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टायलर कासक को 10-0 से हराकर शानदार शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में ईरान के सीना खलीली से 10-0 से हार गए।

## नेपाल ने कनाडा को छह विकेट से हराया

**चेन्नई, वार्ता।** आसिफ शेख (58) और संदीप जोरा (44) की शानदार पारियों की बदौलत नेपाल ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप से पहले खेले गए अभ्यास मैच में कनाडा को 12 गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। यहां टॉस जीतकर कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 161 का स्कोर बनाया। नवनीत ने 36 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 41 रनों की पारी खेली। कंवरपाल (25), कीरटॉ (10), हर्ष (आठ) और जसकरण (21) रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस ने 19 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 38 रनों की पारी खेली। नेपाल के लिए संदीप लैमिछाने और कुशल भुर्तेल ने दो-दो विकेट लिए। सोमपाल कामी और नंदन यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम ने 18 ओवर में 162 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया।

# विनेश फोगाट ने चयन मानदंडों की आलोचना की



**● भारतीय पहलवान विनेश ने हरियाणा कुश्ती संघ के फेडरेशन कप 2026 के लिए चयन मानदंडों को पहलवानों के भविष्य के लिए हानिकारक बताया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने गुरुवार को हरियाणा कुश्ती संघ के फेडरेशन कप 2026 के लिए चयन मानदंडों की आलोचना करते हुए इसे अनुचित और युवा और उभरते पहलवानों के भविष्य के लिए हानिकारक बताया। एक्स पर एक तीखे पोस्ट में, विनेश ने केवल 2025 सीनियर स्टेट पदक विजेताओं और 2025 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों तक ट्रायल सीमित करने के फैसले पर सवाल उठाया, और कहा कि यह उन हजारों योग्य एथलीटों को बाहर करता है जिन्होंने सालों तक ट्रेनिंग ली है। विनेश ने लिखा कि केवल 2025 सीनियर स्टेट पदक विजेताओं और उन पहलवानों को ट्रायल का मौका देना जिन्होंने 2025 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया, हजारों मेहनती पहलवानों के साथ धोखा है। कई तीखे सवाल उठाते हुए, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की पदक विजेता ने पूछा कि क्या 2024 के राष्ट्रीय पदक विजेता अचानक अयोग्य हो गए हैं, क्या सब जूनियर राष्ट्रीय पदकों का कोई मूल्य नहीं रह गया है, और क्या घायल खिलाड़ियों को उन परिस्थितियों के लिए दंडित किया जा रहा है जो उनके नियंत्रण से बाहर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई पहलवान जो उम्र की पाबंदी के कारण 2025 सीनियर नेशनल में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सके, वे 2026 में पूरी तरह से योग्य हैं, फिर भी उन्हें अवसर नहीं दिए जा रहे हैं। विनेश ने चेतावनी दी कि ऐसी चयन नीतियों के दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं, खासकर ऐसे साल में जिसमें एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजन होने हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट में खेलना और देश के लिए पदक लाना हर खिलाड़ी का सपना होता है। लेकिन इन नियमों के कारण, आप उन्हें अभी ही बाहर कर रहे हैं और व्यावहारिक रूप से उनके भविष्य पर स्थाई रोक लगा रहे हैं,ष उन्होंने इस स्थिति को षखिलाड़ियों के जीवन और संघर्षों का खुला मजाक बताया। पूर्व विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ने राज्य स्तर पर भी निष्पक्ष ट्रायल की कमी पर चिंता व्यक्त की, और तर्क दिया कि यह माहौल नई प्रतिभाओं के उभरने को असंभव बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि अगर निष्पक्ष चयन की जरूरत है, तो ओपन ट्रायल होने चाहिए। प्रतिभा की पहचान मैट पर होती है, और किसी खिलाड़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका न देना बहुत बड़ा धोखा है। सीधे राज्य नेतृत्व से अपील करते हुए, विनेश ने सीएम से हस्तक्षेप करने और राज्य के पहलवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## चयनकर्ताओं को सुंदर पर सीओई के फीडबैक का इंतजार

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रीय चयन समिति वाशिंगटन सुंदर का इंतजार करने के लिए तैयार दिख रही है। टी 20 वर्ल्ड कप शुरू होने में सिर्फ दो दिन बचे हैं और अजीत अगरकर एंड कंपनी अभी तक किसी रिप्लेसमेंट की तलाश में है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। पता चला है कि चयनकर्ता बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से और जानकारी मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन गुरुवार (5 फरवरी) तक सुंदर टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं की वर्ल्ड कप की योजनाओं का हिस्सा लग रहे हैं। 26 साल का ऑलराउंडर, जो पिछले महीने लगी साइड स्ट्रेन से उबर रहा है, बुधवार रात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वार्म-अप मैच में टीम से गायब था। क्रिकबज को पता चला है कि सुंदर को फिटनेस हासिल करने के लिए कुछ और समय चाहिए। टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ता कब तक इंतजार करेंगे, यह साफ नहीं है, लेकिन अभी वे तमिलनाडु के ऑलराउंडर को बदलने की जल्दी में नहीं हैं। जाहिर है, अंतिम फैसला सीओई के ट्रेनर और फिजियो की सलाह पर निर्भर करेगा और ऐसा लगता है कि उन्होंने अभी तक सुंदर के इस बड़े इवेंट के लिए तैयार होने की उम्मीद नहीं छोड़ी है।

# रोनाल्डो ब्राजील के विश्व कप जीतने की संभावनाओं को लेकर आशावादी



**● पांच बार की विश्व विजेता ब्राजील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी**

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने कहा कि उन्हें इस साल के फीफा वर्ल्ड कप में एक नई ऊर्जा से भरी ब्राजील टीम देखने की उम्मीद है, और उन्होंने मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के सकारात्मक प्रभाव की तारीफ की। पांच बार की वर्ल्ड कप विजेता ब्राजील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में पांचवें स्थान पर रही, जो लीडर और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से 10 अंक पीछे थी। लेकिन रोनाल्डो ने कहा कि पिछले साल मई में अपनी नियुक्ति के बाद से एंसेलोटी ने राष्ट्रीय टीम में नया आत्मविश्वास जगाया है। दो बार के वर्ल्ड कप विजेता ने पत्रकारों से कहा कि मैं बहुत आशावादी हूं।हमने कुछ बार मुलाकात की है और छठे खिताब पर विश्वास करने के लिए ब्राजीलियाई फैंस से अपील करते हुए एक मजेदार विज्ञापन भी फिल्माया है। मैं उन्हें जानता हूं, मैं उनके काम करने का तरीका जानता हूं, इसलिए जब वह राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए थे, उससे कहीं ज्यादा मैं अब उत्साहित हूं। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ब्राजील 13 जून को मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड का सामना करेगा। रोनाल्डो, जिन्होंने 2002 में ब्राजील को आखिरी वर्ल्ड कप जीत दिलाई थी, जब उन्होंने आठ गोल किए थे, जिसमें जर्मनी के खिलाफ फाइनल में दो गोल शामिल थे, उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट देश को एकजुट करेगा। पूर्व बार्सिलोना व रियल मैड्रिड स्टार ने कहा कि यह (वर्ल्ड कप) एक ब्राजीलियाई के लिए सबसे बड़ी खुशी है। यह एक ऐसा आयोजन है जो हमारे छठे खिताब की तलाश में ब्राजीलियाई लोगों को एक साथ लाएगा। मुझे लगता है कि हमें इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। रोनाल्डो ने कहा कि उन्होंने 2024 और 2025 में क्रमशः ब्राजील के क्रूजेरो और स्पेन के वलाडोलिड में अपनी अधिकांश हिस्सेदारी बेचने के बाद फुटबॉल क्लब के स्वामित्व से एक कदम पीछे हटने का फैसला किया है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम की सुरक्षा

गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिडला ने सदन में पीएम की सुरक्षा को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ लोकसभा में बड़ी घटना हो सकती है। इसलिए बुधवार की शाम पांच बजे होने वाली पीएम मोदी की स्पीच टालनी पड़ी। उनके अनुसार पीएम सदन में मौजूद थे, उन्होंने ही उन्हें न आने का आग्रह किया था। गुरुवार को पीएम मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोले जरूर, लेकिन हंगामा बढ़ता देख उनका भाषण पूरा नहीं हो सका। लोकसभा स्पीकर का यह भी कहना था कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय में जो हुआ वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। ओम बिडला का यह भी कहना था कि जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो विपक्षी सांसद पीएम की सीट के पास पहुंच गए थे, विपक्ष की कई महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची। यह बिल्कुल संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। गुरुवार को पीएम मोदी के भाषण के समय लोकसभा स्पीकर ने पहली बार 65 सेकेंड में, दूसरी बार 5 मिनट में, तीसरी और चौथी बार 2-2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। विपक्षी मांग कर रहे थे कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात नहीं रखने दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा। इस तरह बजट सत्र के सातवें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया और 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव पीएम के भाषण के बिना पास हुआ। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी सदन में यह कहने से नहीं चूके कि विपक्ष चाहे कुछ भी कहे, लेकिन उनकी विकास यात्रा को नहीं रोक सकता। उन्होंने विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी गलतियों को ठीक करने में जा रही है। पीएम मोदी का कहना था कि देश का हर व्यक्ति महसूस कर रहा है कि अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि आज विकसित देश भारत के साथ ट्रेड समझौते कर रहा है। यह काम भारत अपनी शर्तों पर कर रहा है, लेकिन विपक्ष को यह सब रास नहीं आ रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि जब वह 2014 में आए थे तो भारत अर्थव्यवस्था में विश्व पर छठें नंबर पर था। आज तीसरे नंबर पर आने को आतुर है। अच्छा होता कि सदन में चर्चा के लिए वातावरण बनाया गया होता। अगर सरकार सच में इतनी आवश्वस्त है और उसके फैसले भारत के पूरी तरह हित में हैं, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है, तो यह तो और भी जरूरी हो जाता है कि सरकार इस सच को देश के सामने रखे। इससे सरकार को ही लाभ होगा और बिना वजह का संदेह भी समाप्त होगा, लेकिन हो इसके उलट रहा है। सरकार भी नहीं चाहती कि सदन के भीतर कोई स्वस्थ चर्चा हो।

## सरकार और किसान एआई पर काम कर रहे



डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिये किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं, वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है, आज सरकार और किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उप्र इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

# आर्थिक लाभ या जोखिम





**रजनीश कपूर**

केंद्रीय बजट के बाद जिस तरह से सोने-चांदी में भारी गिरावट दिखाई दी, उससे निवेशक अभी संभले ही नहीं थे कि हाल ही में घोषित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ने वैश्विक व्यापार जगत को हिला दिया है। सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, भारत से आयातित वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ को शून्य करने और रूसी तेल खरीद कम करने का वादा किया है। यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मिश्रित परिणाम ला सकता है, जहां निर्यात को बढ़ावा मिलेगा लेकिन कृषि प्रधान देश भारत में, कृषि के क्षेत्र में चुनौतियां अवश्य सामने आएंगी।

माना जाता है कि यह समझौता जुलाई 2025 से चले टैरिफ युद्ध का परिणाम है, जब अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ लगाया था। इस समझौते के बाद अब कुल प्रभावी टैरिफ 18 प्रतिशत रहेगा, जो वियतनाम (20 प्रतिशत) और चीन (34 प्रतिशत) से बेहतर है। समझौते के दावों के अनुसार भारत ने अमेरिकी ऊर्जा, रक्षा, कृषि उत्पादों पर 500 अरब डॉलर की खरीद का वचन दिया है, जिसमें पेट्रोलियम, डेयरी और नट्स शामिल हैं। हालांकि, पूर्ण विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है, केवल सोशल मीडिया पोस्ट और अधिकारियों के बयानों पर ही तमाम खब्बरें और विश्लेषण आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि यह समझौता भारत के निर्यात को बढ़ावा अवश्य दे सकता है। खासकर वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग उत्पादों में। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अमेरिकी बाजार में प्रवेश से भारत की जीडीपी में 0.6 प्रतिशत वृद्धि से 7.4 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। सीईए वी। अनंता नागेश्वरन के अनुसार यह समझौता निवेशकों का भरोसा बढ़ाएगा और रुपये को स्थिर भी कर सकेगा। हालांकि, अमेरिकी आयात बढ़ने से व्यापार अधिशेष कम हो सकता है और ऊर्जा आयात बिल बढ़ सकता है क्योंकि रूसी तेल सस्ता था। कुल मिलाकर, लघु अवधि में सकारात्मक लेकिन दीर्घकालिक असंतुलन का खतरा हो सकता है। फिलहाल सरकार ने इस समझौते को लेकर किसी भी तरह की औपचारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की, जिससे सवाल उठे रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की, जबकि पीएम मोदी ने केवल धन्यवाद दिया। विपक्ष का आरोप है कि संवेदनशील रियायतें, जैसे कि कृषि बाजार खोलना, छिपाई जा रही हैं ताकि किसान आंदोलन न भड़के। यह पारदर्शिता की कमी राष्ट्रीय हितों पर सवाल खड़े करती है, क्योंकि व्यापार संधियों में आमतौर पर पूर्ण खुला. सा किया जाता है। जानकारों के अनुसार, यह रणनीतिक गोपनीयता लगती है लेकिन वहीं ए लो. कतांत्रिक जवाबदेही को कमजोर करती है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे 'सरेंडर 2.0' कहा और आरोप लगाया कि मोदी सरकार दबाव में झुकी और किसानों के हित बेचे। उन्होंने संसद में चर्चा रोकने का आरोप लगाया, जबकि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्ष पर हंगामा करने का इल्जाम लगाया। विपक्ष का मुख्य मुद्दा असमानता है। अमेरिका 18 प्रतिशत टैरिफ रखे, भारत शून्य दे। यह साफ तौर पर 'ट्रंप-निरभरता' है। राजनी. तिक रूप से देखा जाए तो यह मौजूदा बजट सत्र में सरकार को घेरने का हथियार है, लेकिन मूल चिंता कृषि और ऊर्जा सुरक्षा की है।

जानकार मानते हैं कि इस समझौते के कुछ संकेत स्पष्ट हैं। 2025 में 50 प्रतिशत टैरिफ से भारत के निर्यात में गिरावट आई। अगस्त में 6.86 अरब डॉलर से अक्टूबर में 6.30 अरब। ट्रंप की 'आर्थिक ब्लैकमेल' नीति ने रूसी तेल खरीद को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'भारी कीमत चुकाने को तैयार' कहा था। सेवानिवृत अफसरों ने सलाह दी कि बुरा समझौता न करें। यह दबाव रणनीतिक था, चीन के विकल्प के रूप में भारत को मजबूत करना तो ठीक था, लेकिन भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर सवाल भी उठने लगे। अगर शर्तें एकतरफा हों तो समझौता न करना ही बेहतर था। वहीं इस समझौते को लेकर अर्थशास्त्री विभाजित हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, निर्यात 64 प्रतिशत बढ़ सकता है, लेकिन अगर समझौता विफल होता है तो जीडीपी पर 0.7 प्रतिशत नुकसान संभव है।

आशावादी अर्थशास्त्रियों का मानना है किजीडीपी 7.4 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। लेकिन वजाहत हबीब जैसे विशेषज्ञ असमानता पर सवाल उठाते हैं- 0 बनाम 18 प्रतिशत टैरिफ, किस दृष्टि से सही है? एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि डेयरी को 1.03 लाख करोड़ का नुकसान हो सकता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो विनिर्माण को फायदा लेकिन कृषि को खतरा संभव है इसलिए संतुलित सुधार जरूरी हैं। गौरतलब है कि भारत जैसे देश में कृषि क्षेत्र सबसे संवेदनशील है। समझौते के मुताबिक अमेरिका बादाम, सोयाबीन तेल, कपास और डेयरी निर्यात बढ़ाएगा। डेयरी में, वर्तमान 60 प्रतिशत टैरिफ कम होने से कीमतें 15 प्रतिशत गिर सकती हैं, जिससे किसानों को 1.03 लाख करोड़ का वार्षिक नुकसान हो सकता है। आयात 25 मिलियन टन बढ़ सकता है, 1-2 गाय वाले छोटे किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। अमूल जैसे कोऑपरेटिव भी प्रभावित होंगे। पूर्व व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि इससे किसान का विरा. ेध भड़क सकता है। वहीं सकारात्मक पक्ष इस बात का दावा भी कर रहे हैं कि प्रोसेस्ड एग्री निर्यात बढ़ सकता है, लेकिन इस क्षेत्र में संरक्षण जरूरी है। यह आम नागरिकों की आजीविका को जोखिम में डालता सकता है, जहां 80 प्रतिशत कृषि छोटे किसानों पर निर्भर। भू-रणनीतिक की दृष्टि से यह समझौता जरूरी था, क्योंकि चीन के मुकाबले भारत को मजबूत करना, एक अच्छी रणनीति अवश्य है लेकिन यह आर्थिक रूप से असंतुलित है। एक ओर टेक्सटाइल और फार्मा आदि क्षेत्रों में निर्यात अवश्य बढ़ेगा, लेकिन 'बाय अमेरिकन' की नीति से घरेलू उद्योग अवश्य दब सकते हैं। कृषि में अमेरिकी सब्सिडी उत्पाद सस्ते आयात से ग्रामीण संकट बढ़ा सकते हैं। ऐसे में पारदर्शिता की कमी जनता के बीच विश्वास घटाती है। आत्मनिर्भर भारत के लिए यह अवसर अवश्य हो सकता है लेकिन ध्यान रहे कि देश की आर्थिक नीति की सुरक्षा के लिए सावधानी अवश्य बरतनी होगी, कोई भी देश सर्वोच्च नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कितना सेहतमंद है बोतलबंद पानी

**स्पष्ट है कि शुद्ध और स्वच्छ जल के नाम पर बिकने वाला बोतलबंद पानी लोगों और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। साथ ही प्लास्टिक की बोतल के निर्माण के दौरान होने वाली अतिरिक्त जल की बर्बादी से भूजल स्तर में कमी हो रही है। पेयजल का कोई सुरक्षित विकल्प खोजना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।**



भारत में पानी की गुणवत्ता का हमारे स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। यदि पेय जल प्रदूषित हो तो यह जहर के समान हो जाता है। वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण इस हद तक बढ़ गया है कि ज्यादातर जल स्रोत प्रदूषित हो गए हैं। समूचा विश्व जल संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में सभी लोगों को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल मिल पाना अपने आप में एक चुनौती हो गई है।

कुछ सालों पहले से बोतलबंद पानी दुनिया भर के बाजारों में बिकना शुरू हुआ। जिसे कंपनियों ने यह कहकर बेचना शुरू किया था कि यह स्वच्छ, शुद्ध और खनिज युक्त है। जिसे वास्तविकता मान कर लोग इसे धड़ल्ले से खरीदने लगे हैं, पर क्या वास्तव में बोतलबंद पानी खनिज युक्त होता है और क्या यह हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है? पहले तो यह स्पष्ट करते चलें कि बाजार में बिकने वाला हर बोतलबंद पानी मिनरल वॉटर नहीं होता है। मिनरल वॉटर वह पानी होता है जो ऐसे प्राकृतिक स्रोतों से भरा जाता है जहां के पानी में कई लाभदायक खनिज तत्व पाए जाते हैं। यह स्वास्थ्यवर्धक लवणों, खनिजों से भरपूर और ऑक्सीजन युक्त होता है। जो स्वाद में अच्छा और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। बाजार में उपलब्ध अधिकतर बोतलबंद पानी पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर होता है। पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर नल से आने वाला सामान्य पानी होता है जिसे फिल्टर से छान कर, रिवर्स ऑस्मोसिस, ओजोन ट्रीटमेंट आदि से साफ करके पैक कर दिया जाता है। इसी प्रकार, लोगों में आरओ सिस्टम को लेकर भ्रांति है कि इससे नितांत शुद्ध व स्वच्छ जल मिलता है, किंतु वास्तव में आरओ सिस्टम से गुजरा हुआ पानी भी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। कारण, क्योंकि आरओ सिस्टम में लगे फिल्टर कुछ दिनों बाद ही पानी को साधारण तरीके से फिल्टर करने लगते है। बोतलबंद पानी को लेकर अमेरिका में हुई रिसर्च से पता चला है कि बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के खतरनाक कण मिल रहे हैं। अमेरिकी संस्था नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल के अनुसार बोतल बनाने में एन्टिमनी का उपयोग किया जाता है। इस वजह से बोतलबंद पानी को अधिक समय तक रखने पर उसमें एन्टिमनी की मात्रा घुलती जाती है। इस रसायन युक्त पानी को पीने से कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं। स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के वैज्ञानिकों ने दुनियाभर में बोतलबंद पानी पर शोध कर बताया है कि भारत सहित दुनियाभर में मिलने वाले बोतलबंद पानी में 93 फीसदी तक प्लास्टिक के महीन कण देखे गए हैं। इसके अतिरिक्त जिन प्लास्टिक की बोतलों में मिनरल या फिल्टर वॉटर बिकता है वे पॉलीएथिलीन टेरीथेलेट PET की बनी होती हैं।

# नेपाल : मधेश के हाथ में होगी सत्ता की चाबी



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल का चुनाव कई मायनों में बड़ा दिलचस्प है। यूं कहें तो नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वहीं पुराना राग ही है। नेपाली कांग्रेस जो इस बार पूर्व महामंत्री गगन थापा के नेतृत्व में अपने पुराने दावे और वादों के साथ मैदान में हैं। पार्टी के नए सभापति गगन थापा ने तो पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा को टिकट से ही वंचित कर दिया। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है। इन तीन पुरानी पार्टियों के इतर इस बार पूरे नेपाल में चुनाव मैदान में उतरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लोग भरोसे की .ष्टि से जरूर देख रहे हैं। नेपाल के पहाड़ी लोगों को इस पार्टी से परिवर्तन की अनुभूति की आश है। लेकिन इसका भी कोई क्लीयर एजेंडा नहीं दिख रहा, हां इस पार्टी में जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग और काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह सहित ढेर सारे युवाओं के आ जाने से इस पार्टी को युवा मतदाताओं पर भरोसा ज्यादा है। नेपाल में सत्ता आती जाती रही है लेकिन समस्याएं जस की तस है। बेरा. ेजगारी,पलायन, मंहगाई, भ्रष्टाचार सब बेकाबू है। इस सबसे युवा ही ज्यादा प्रभावित और आक्रोशित हैं। जैसा कि दिख रहा है,यदि युवाओं का फैसला एक तरफा हुआ तो संभव है परिणाम चौंकाने वाला हो। लेकिन यह भी संभव है कि सत्ता की चाभी मधेश के हाथ में हो।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ था। इसके अध्यक्ष रवि लामी छाने नेपाल के पत्रकार रहें हैं। इनका टीवी टाक शो



नेपाल में काफी लोकप्रिय रहा है। पिछले चुनाव में पश्चिम नेपाल में इस पार्टी को अच्छी खासी सफलता मिली थी। एक दर्जन से अधिक सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार कामयाब हुए थे। ओली सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री थे। बतौर गृह मंत्री उनकी पहचान एक सख्त मंत्री की थी। उन्हें अमरीकी नागरिक विवाद में पद और प्रतिनिधि सभा से त्यागपत्र देना पड़ा था। बाद में इस विवाद के सुलझ जाने पर वे प्रतिनिधि सभा में वापस आए और फिर गृहमंत्री बने। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। कई बड़े अफसरों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर वे सुर्खियों में रहे। हालांकि उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। प्रचंड और ओली के अलग होने के बाद जब नेपाली कांग्रेस और ओली की सरकार बनी तो इस सरकार में रवि लामी छाने शामिल नहीं हुए। इस बीच वे खुद धोखाधड़ी के बड़े लपेटे में आ गए। उन्हें जेल जाना पड़ा। अभी वे जमानत पर हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पूरी तरह रवि लामी छाने के नेतृत्व और जेन जी आंदोलन के नायकों के के भरोसे है।

काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह जब मेयर थे तब अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाए हुए थे, वे कभी कभी हिंदुत्व की भी बात करते हैं। ग्रेटर नेपाल के नक्शे में भारत के सीमावर्ती हिस्से को दर्शाया गया है। यदि उनके राजनीति का केंद्र बिंदु यही है तो समझा जा सकता है कि सत्ता में आने पर इस पार्टी का भारत से कैसा रिश्ता हो सकता है। यह चुनाव शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म ष्हामी नेपालष के संचालक सुडान गुरूंग और वालेन शाह की अग्निपरीक्षा है। वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ झापा क्षेत्र संख्या पांच से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सुडान गुरूंग कुछ बड़ा करने के लिए गोरखा क्षेत्र संख्या एक से चुनाव लड़ रहे हैं। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की बात करें तो यहां का चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। सुडान ओली के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के किंगमेकर की भूमिका में थे। पिछले कई चुनावी निराशाओं से थे के यहां के लोगों को इस बार सुडान से उम्मीद है। कुछ समय पहले तक सुडान की प्राथमिकता में राजनीति नहीं थी। जेन-जी आंदोलन ने अचानक उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिला दी। आंदोलन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में जुड़े सुडान, आंदोलन खत्म होते-होते सत्ता समीकरण में 'किंगमे. कर' की भूमिका तक पहुंच गए। सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार और मंत्रियों की नियुक्ति में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका रही। जिस तेजी से वे राष्ट्रीय राजनीति में उभरे, उसी तेजी से आगे बढ़ पाएं तो नेपाल की राजनीति में यह एक परिवर्तन होगा जो नेपाल के मिजाज को रेखांकित करेगा।

झापा क्षेत्र संख्या पांच से वालेन शाह केपी शर्मा ओली के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। पिछले दिनों नेपाल के एक बड़े गुटखा व्यवसाई द्वारा गिफ्ट की गई मंहगी डिफेंडर गाणी को लेकर वे सुर्खियों में थे।अब उनके खिलाफ चुनाव आयोग में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज की गई है। वालेन शाह पर चुनावी आचार संहिता, प्रचलित कानूनों और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। नेपाल के चुनाव में इस बार मधेश मुद्दा गायब है। लेकिन यह भी सच है कि मधेश फतह किए बिना किसी भी पार्टी के लिए सत्ता की कुर्सी आसान नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी इसी के दृष्टिगत मधेश में अपेक्षाकृत अच्छे और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर मैदान में उतारा है। अब वे कितना कामयाब हो पाएंगे, यह आकलन अभी मुश्किल है। नेपाल के मधेश क्षेत्र का 23 जिला भारत सीमा से सटा है। यहां की करीब 90 लाख की आबादी नेपाली भाषा के साथ हिंदी भाषी भी है। ए लोग खुद को भारत के करीब जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। पूर्व में यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम को था। तब मधेश से मधेशी उम्मीदवार ही चुनाव जीतते थे, वे चाहे जिस दल के हों। लोकतांत्रिक संविधान लागू होने के बाद इसका सीमांकन उत्तर दक्षिण की ओर कर दिया गया। इसके पीछे का मकसद यही था कि नेपाल की राजनीति में मधेश का वर्चस्व कम किया जाए। इस सीमांकन के खिलाफ मधेश में आंदोलन भी खूब हुआ लेकिन कोई असर नहीं डाल सकता। नए सीमांकन का नतीजा यह हुआ कि मधेशी उम्मीदवारों को पहाड़ के वोटरों पर निर्भर रहना मजबूरी हो गया। इसी तरह पहाड़ी उम्मीदवार को मधेश के वोटरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसा हो जाने से पहाड़ और मधेश का भेद जरूर समाप्त हो गया लेकिन मधेश के नेताओं और मधेश आधारित राजनीतिक दलों का अस्तित्व भी समाप्त हो गया।राजशाही खत्म होने के बाद ढेर सारे मधेशी दलों का उदय हो गया था। ये दलें मधेशी समस्याओं के समाधान के नाम पर चुनाव जीतते रहे और इसी आधार पर भारत से भी निकटता बनाए रहे। मधेशी दलों ने मध. ेश और यहां के नागरिकों के भलाई के लिए तो कुछ नहीं किया,हां सत्ता की मलाई काटने के लिए वैचारिक रूप से अपने विरोधी दलों की सरकारों में मंत्री और अन्य उच्च पद जरूर हासिल करते रहे। नेपाल के विकास में मधेश का भी उतना ही योगदान है जितना पहाड़ी समाज का लेकिन सरकारी तौर पर इनकी उपेक्षा हर क्षेत्र में होती रही। राजशाही के जमाने से आज की लोकतांत्रिक सरकार में भी। मधेश के लोगों को लो. कतंत्र और संविधान से काफी अपेक्षाएं थीं लेकिन इन्हें परिवर्तन की जरा भी अनुभूति नहीं हुई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पश्चिम बंगाल। नादिया में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई के दौरान दस्तावेज की व्यवस्था करते लोग।

## अमेरिका के तीन जनवरी के हमले की जांच कर रहा वेनेजुएला

**कराकास।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैद्रीनो लोपेज ने कहा है कि प्रशासन अमेरिका के तीन जनवरी के सैन्य अभियान से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रहा है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया था। लोपेज ने अपने बयान में यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जांच किस तरह की या किस स्तर की है लेकिन उन्होंने यह इशारा किया कि इस जांच से देश को सेना की बदलाव योजना को समझने, उसका आंकलन करने और उसमें जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सैन्य अभियान में बेहद उच्च गुणवत्ता की तकनीक का इस्तेमाल हुआ था। लोपेज ने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रीय गरिमा दिवस पर दिया।

## न्यूजीलैंड में अंतर्राष्ट्रीय अभियान में 4.2 टन की कोकीन जब्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार की एजेंसियों ने फ्रांस के अधिकारियों के साथ मिलकर फ्रेंच पोलिनेशिया में एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अभियान के तहत 4.24 टन कोकीन जब्त की है। न्यूजीलैंड सीमा शुल्क सेवा, न्यूजीलैंड रक्षा दल (एनजेडडीएफ) और सरकारी संचार सुरक्षा ब्यूरो (जीसीएसबी) ने अमेरिका की ड्रग एनफोर्समेंट एजेंसी (डीईए) की सहायता से फ्रांसिसी अधिकारियों के साथ समन्वय कर सोमवार को एक जहाज को रोका और उस पर मौजूद 4-24 टन कोकीन को जब्त किया।

# भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद: रूस

### कहा: इसमें कुछ भी गलत नहीं, भारत ने तेल खरीद रोकने की आधिकारिक जानकारी नहीं दी

**मास्को।** रूस ने कहा कि भारत किसी भी देश से क्रूड आयल खरीदने के लिए पूरी तरह आजाद है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस कभी भी भारत का एकमात्र एनर्जी पार्टनर नहीं रहा है। अगर भारत तेल की खरीद किसी और देश से करता है, तो इसे गलत नहीं माना जाना चाहिए।

पेस्कोव ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी आफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई है। उन्होंने एक दिन पहले भी यही बात कही थी कि नई दिल्ली से ऐसा कोई मैसेज नहीं आया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत, अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीद रोकने को तैयार हो गया है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत भारतीय सामानों पर लगने वाला टैरिफ 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने दावा किया कि इसके बदले में भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से

■ भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी आफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई



जुड़ी टैरिफ की रुकावटें भी कम करेगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को रूस और भारत के बीच हाइड्रोकार्बन व्यापार जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा भारत की रूसी हाइड्रोकार्बन की खरीद दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। यह वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने में मदद करती है। हम अपने भारतीय साझेदारों के साथ निकट सहयोग जारी रखने के लिए तैयार हैं। इस बीच रूस के एनर्जी एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के लिए रूसी तेल को पूरी तरह छोड़कर किसी और देश का तेल लेना आसान नहीं है। नेशनल एनर्जी सिक्योरिटी फंड के विशेषज्ञ इगोर युशकोव ने बताया कि अमेरिका जो तेल बेचता है, वह हल्का होता है, जबकि रूस, भारत को भारी और सल्फर वाला यूराल्स क्रूड सप्लाई करता है जिसका इस्तेमाल भारतीय रिफाइनरियां करती हैं।

उन्होंने कहा कि अगर भारत अमेरिका से हल्का तेल खरीदेगा, तो उसे दूसरे तेलों के साथ ब्लेंड (मिक्स) करना पड़ेगा, ताकि मशीनें ठीक से चल सकें। ऐसा करने पर भारतीय कंपनियों की लागत बढ़ जाएगी। यानी कि भारत को अमेरिकी तेल खरीदना ज्यादा महंगा पड़ेगा। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता है। भारत अपनी कुल जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। वहीं भारत सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और तेल खरीद से जुड़े सभी फैसले राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर किए जाते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार के लिए 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना मेन टारगेट है।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार नहीं डालेंगे फिलिस्तीन के विरोधी गुट

**गाजा।** फलस्तीन के विरोधी गुटों ने इजरायल की मांग के बावजूद अपने हथियार अपने पास रखने का फैसला किया है। पीआईजे ने बुधवार को यह जानकारी देते कहा सभी विरोधी गुटों के बीच सहमति है कि वे फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास ही रखेंगे। पीआईजे के उप-महासचिव मोहम्मद अल-हिन्दी ने एक बयान में कहा कि विरोधी गुटों के बीच आम सहमति है कि हम फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास रखेंगे। हमने इन हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में मध्यस्थों के साथ अपना लचीलापन साझा किया है।

### नाइजर की सेना ने एक हफ्ते में मारे 47 आतंकवादी

**नियामे।** नाइजर के रक्षा और सुरक्षा बलों ने बुधवार को कहा कि उन्होंने 26 जनवरी से एक फरवरी के बीच पूरे देश में लक्षित हवाई हमलों और लगातार जमीनी अभियानों के जरिए 47 आतंकवादियों को ढेर किया और 21 अन्य को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रीय टेलीविजन टेली साहेल पर प्रसारित एक साप्ताहिक सूचना बुलेटिन के अनुसार, इन अभियानों के दौरान बड़ी मात्रा में उपकरण भी बरामद किए गए, जिनमें हथियार, गोला-बारूद, वाहन और ईंधन शामिल हैं।

### ताइवान की सीमा के नजदीक दिखे चीनी सैन्य जहाज और विमान

**ताइपे।** ताइवान के वायु क्षेत्र के पास गुरुवार को 12 चीनी विमान उघन भरते नजर आए जबकि क्षेत्रीय जलक्षेत्र के पास सात नौसैनिक जहाजों को देखा गया। ताइवान की रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि गुरुवार की सुबह छह बजे तक तक 12 उड़ानों को देखा गया, जिनमें से 11 ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। मंत्रालय ने कहा कि हमने स्थिति की निगरानी की और इसका जवाब दिया है।

# डोभाल की बैकडोर वार्ता के बाद अमेरिकी ट्रेड डील

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने स्पष्ट किया था भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितम्बर की शुरुआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दीं।

इसी सिलसिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल को वाशिंगटन भेजा गया। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में डोभाल ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति



■ भारतीय विदेश मंत्री ने कहा था- भारत झुकेगा नहीं, ट्रम्प के हटने का इंतजार करेंगे

डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम सख्त रुख अपनाती है, तो भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार भी कर सकता है। भारत इससे पहले भी अमेरिका की मुश्किल सरकारों का सामना कर चुका है। पीएम मोदी पिछले साल सितम्बर में चीन दौरे पर गए थे, वहां उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल ने यह भी कहा था कि भारत चाहता है कि ट्रम्प और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ खुलेआम बयान देना बंद करें, ताकि रिश्ते दोबारा पटरी पर आ सकें। उस वक्त भारत ट्रम्प के बयानों से नाराज था, क्योंकि अगस्त में ट्रम्प ने भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत टैक्स लगा दिया था। ट्रम्प ने भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड' (मरी हुई) कहा था और आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में मदद कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल की इस बातचीत के कुछ ही दिनों बाद हालात बदलते दिखने लगे। 16 सितम्बर को ट्रम्प ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर फोन किया और उनके काम की तारीफ की। इसके बाद साल के अंत तक दोनों नेताओं के बीच चार बार और फोन पर बातचीत हुई। इसी दौरान दोनों देश टैक्स कम करने वाले समझौते की तरफ बढ़ते रहे। ट्रम्प ने सोमवार यानी 2 फरवरी को अचानक सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की है और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील हो गई है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि इसके बदले भारत अमेरिका से 500 अरब डालर का सामान खरीदेगा, वेनेजुएला से तेल लेगा और अमेरिकी सामान पर टैक्स पूरी तरह खत्म करेगा। हालांकि भारत सरकार ने इन बातों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और कोई लिखित समझौता भी सामने नहीं आया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऐलान से नई दिल्ली में कई बड़े अधिकारी भी चौंक गए। यहां तक कि जो लोग ट्रेड बातचीत में शामिल थे, उन्हें भी उस दिन मोदी और ट्रम्प की काल के बारे में पहले से जानकारी नहीं थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लगातार अमेरिका से रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहा था।

## रूस, यूक्रेन और अमेरिका के बीच 314 कैदियों की अदला-बदली पर बनी सहमति

**अबू धाबी।** रूस, यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों ने 314 युद्धबंदियों की अदला-बदली करने पर सहमति व्यक्त की है। अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकोफ ने गुरुवार को यह महत्वपूर्ण घोषणा की। पिछले पांच महीनों में दोनों देशों के बीच यह अपनी तरह का पहला कैदी विनिमय समझौता है। अबू धाबी में इन दिनों चल रही शांति वार्ता का एक बड़ा परिणाम माना जा रहा है। विटकोफ ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता दो दिनों तक चली 'विस्तृत और उत्पादक' शांति वार्ता के बाद हासिल हुई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हालांकि यह एक सकारात्मक कदम है, लेकिन पूर्ण शांति की दिशा में अभी भी 'महत्वपूर्ण कार्य' किया जाना शेष है। उन्होंने संकेत दिया कि आगामी हफ्तों में और अधिक प्रगति की उम्मीद है और चर्चा जारी रहेगी। गौरतलब है कि अबू धाबी में अमेरिका की मध्यस्थता में चल रही इस वार्ता का दूसरा दौर बुधवार को शुरू हुआ था। इससे पहले 24 जनवरी को आयोजित पहले दौर की बैठक बिना किसी ठोस समझौते या संयुक्त बयान के समाप्त हो गई थी।

## अमेरिका राजी, मस्कट में शुक्रवार को होगी ईरान से बैठक

**काहिरा।** ईरान और अमेरिका के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच दोनों देश शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में वार्ता करने पर सहमत हो गए हैं। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कुछ दिनों से वार्ता के स्थान और एजेंडे को लेकर दोनों पक्षों में सार्वजनिक मतभेद सामने आ रहे थे, जिससे आपसी गहरे मतभेद उजागर हुए थे। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि वार्ता शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे मस्कट में होगी।

उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए ओमान का आभार भी जताया। इसके तुरंत बाद कई पश्चिमी मीडिया संस्थानों ने बताया कि कम से कम नौ पश्चिम एशियाई देशों के हस्तक्षेप और आग्रह के बाद अमेरिका ने ओमान में वार्ता के लिए सहमति दे दी है। इस घोषणा से पहले अमेरिकी मीडिया में खबर आई थी कि स्थान और प्रारूप को लेकर मतभेदों के कारण वार्ता रद्द भी हो सकती है। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच शुक्रवार को तुर्की के इस्तांबुल में बैठक करने पर सहमति बनी थी, जिसमें कुछ पश्चिम एशियाई देशों को पर्यवेक्षक के रूप में शामिल होना

■ इस घोषणा से पहले अमेरिकी मीडिया में खबर आई थी कि स्थान और प्रारूप को लेकर मतभेदों के कारण वार्ता रद्द भी हो सकती है

था। ईरान ने मंगलवार को कथित तौर पर प्रस्ताव दिया था कि वार्ता को ओमान स्थानांतरित किया जाए और इसे केवल परमाणु मुद्दों पर केंद्रित द्विपक्षीय प्रारूप में आयोजित किया जाए। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सिओस ने दो अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि अमेरिका ने ईरान की इस शर्त को खारिज कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हमने उनसे कहा कि या तो मूल व्यवस्था पर बात होगी या फिर कुछ नहीं, और उन्होंने कहा कि फिर कुछ नहीं। अधिकारी ने यह भी कहा कि यदि ईरान मूल व्यवस्था पर लौटता है तो अमेरिका आने वाले दिनों में वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन चेतावनी दी कि यदि किसी समझौते तक नहीं पहुंचा गया तो अमेरिका अन्य विकल्पों पर विचार कर सकता है, जिनमें सैन्य कार्रवाई भी शामिल है। इस नाजुक कूटनीतिक प्रयास की पृष्ठभूमि में क्षेत्र में सैन्य तनाव भी तेजी से बढ़ा है।

## अमेरिका अखबार में छंटनी: शशि थरूर के बेटे की नौकरी गई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मशहूर अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने बुधवार को 800 पत्रकारों में से 300 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। इसमें सीनियर कालमिस्ट ईशान थरूर भी शामिल हैं।

वे कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बेटे हैं। ईशान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि वाशिंगटन पोस्ट ने इंटरनेशनल टीम के कई शानदार पत्रकारों के साथ उन्हें भी नौकरी से निकाल दिया है। यह न्यूज रूम के लिए बेहद दुखद दिन है। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने बताया कि जेफ बेजोस की कंपनी पिछले कई सालों से घाटे में चल रही थी। इस छंटनी में स्पोर्ट्स सेक्शन पूरी तरह बंद कर दिया गया है, हालांकि कुछ रिपोर्टर फीचर्स डिपार्टमेंट में

■ वाशिंगटन पोस्ट ने 300 स्टाफ को निकाला, स्पोर्ट्स सेक्शन बंद, भारत में पूरी टीम खत्म

शिफ्ट होकर स्पोर्ट्स की कल्चर कवरेज जारी रखेंगे। लोकल न्यूज सेक्शन छोटा हो जाएगा, बुक्स सेक्शन बंद हो जाएगा और डेली न्यूज पाडकास्ट 'पोस्ट रिपोर्ट्स' भी खत्म हो जाएगा। वाशिंगटन पोस्ट ने मिडिल ईस्ट, इंडिया और आस्ट्रेलिया से भी रिपोर्टर और एडिटर निकाल दिए हैं। ईशान थरूर ने एक पोस्ट में खाली पड़े न्यूज रूम की तस्वीर साझा करते हुए छंटनी को बुरा दिन बताया। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने कर्मचारियों से कहा कि अखबार पाठकों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है।

# बलूचिस्तान में पाक सेना का ऑपरेशन खत्म

### 216 लड़ाके ढेर करने का दावा, 50 से ज्यादा नागरिक-सैनिक हताहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को जानकारी दी कि अशांत बलूचिस्तान प्रांत में विद्रोहियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 216 विद्रोही मारे गए हैं। हालांकि, कई दिनों तक चले इस खूनी संघर्ष में 36 आम नागरिकों और सेना के 22 जवानों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी।

सेना की मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान दावा किया कि 26 जनवरी को शुरू किया गया 'रद-उल-फितना-1' नाम का यह आपरेशन अब सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। सेना ने बताया कि पंजगुर और हरनाई जिले के बाहरी इलाकों में विद्रोहियों के छिपे होने की पक्की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने

■ इसके बाद सुरक्षा बलों ने वहां कार्रवाई शुरू की

वहां कार्रवाई शुरू की। सेना ने विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला बोला, जिसमें शुरुआत में 41 विद्रोही मारे गए। बाद में सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई और सफाई अभियान के दौरान कुल 216 विद्रोहियों को मार गिराया गया। सेना का दावा है कि इस कार्रवाई से विद्रोही नेटवर्क के नेतृत्व, उनके कमांड स्ट्रक्चर और काम करने की क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। इस बीच, पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता मुहम्मद काशिफ ने बताया कि पांच दिनों तक बंद रहने के बाद बलूचिस्तान में रेल सेवा फिर से बहाल कर दी गई है। हमलों के दौरान कई जगहों पर रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा था, जिससे सुरक्षा कारणों से क्वेटा से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई थी। अब मरम्मत के बाद यातायात सामान्य हो रहा है। उधर, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया। इसमें सरकार से मांग की गई कि वह विद्रोही और उसे मदद देने वालों के खिलाफ एक सख्त और आक्रामक राष्ट्रीय रणनीति अपनाए। गौरतलब है कि ईरान और अफगानिस्तान सीमा से सटा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसा का केंद्र रहा है। यहां बलूच विद्रोही अक्सर 60 अरब डालर वाले चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सी-पैक) प्रोजेक्ट्स को निशाना बनाते हैं।

### पाक के डिप्टी स्पीकर रहे कासिम सूरी यूएस में चला रहे टैक्सी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पीटीआई के वरिष्ठ नेता कासिम खान सूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। कभी पाकिस्तानी संसद के सत्र की अध्यक्षता करने वाले सूरी ने खुलासा किया है कि वे अपना पेट भरने के लिए इन दिनों अमेरिका में उबर टैक्सी चला रहे हैं। हाल ही में पीटीआई की अमेरिकी शाखा के साझा किए गए एक वीडियो में सूरी ने अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा है। सूरी का आरोप है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थन करने की वजह से उन्हें राजनीतिक उत्पीड़न झेलना पड़ा।

## अमेरिकी कोर्ट का फैसला ओरेगन में बिना वारंट अप्रवासी को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे आईसीई ऐजेंट

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में एक फेडरल जज ने बुधवार को अहम फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि ओरेगन में अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंटों को बिना वारंट के अप्रवासी लोगों को गिरफ्तार करना बंद करना होगा, जब तक कि उनके भागने की संभावना न हो। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज मुस्तफा कसुभाई ने इस मामले में शुरुआती रोक लगा दी है। यह फैसला एक प्रस्तावित क्लास-एक्शन मुकदमे के बाद आया है। यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के उस तरीके के खिलाफ था, जिसमें वे अप्रवासी को देखते ही पकड़ लेते थे। आलोचकों ने इसे 'पहले गिरफ्तार करो, बाद में सही ठहराओ' वाली नीति बताया है।

# अमेरिका रूस के परमाणु हथियारों पर कोई सीमा नहीं

### ये वे दो देश हैं, जिनके पास परमाणु हथियारों के वैश्विक भंडार का बहुतायत: एंटोनियों गुटेरेस

**नई दिल्ली।** पांच फरवरी की आधी रात न्यू स्टार्ट संधि की समाप्ति अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर क्षण है जो शीत युद्ध के बाद पहली बार अमेरिका और रूस के बीच एक अनियंत्रित परमाणु हथियारों की शृंखला या होड़ की संभावना को जन्म देती है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि आधी सदी से भी अधिक समय में पहली बार, हम एक ऐसी दुनिया का सामना कर रहे हैं, जहां रूसी संघ और अमेरिका के सामरिक परमाणु शस्त्रागार पर कोई भी बाध्यकारी सीमा लागू नहीं है। ये वे दो देश हैं, जिनके पास परमाणु हथियारों के वैश्विक भंडार का बहुतायत है। पांच दशकों से ज्यादा समय में पहली बार, दुनिया की दो परमाणु महाशक्ति के पास मौजूद लंबी दूरी के परमाणु हथियारों पर कोई आधिकारिक सीमा नहीं है। यह स्थिति 1972 के बाद से



■ इसने स्थिरता कायम की और जब इसे अन्य उपायों के साथ जोड़ा गया तो इसने विनाशकारी गलतफहमी को रोका

नहीं देखी गई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और सोवियत नेता लियोनिद ब्रेझनेव ने मॉस्को में ऐतिहासिक हथियार नियंत्रण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। शस्त्र नियंत्रण के दशकों के प्रयासों पर विचार करते हुए गुटेरेस ने कहा कि शीत युद्ध के दौरान और उसके बाद के समय में इन सरकारों के बीच परमाणु शस्त्र नियंत्रण ने तबाही रोकने में मदद की। इसने स्थिरता कायम की और जब इसे अन्य उपायों के साथ जोड़ा गया तो इसने विनाशकारी गलतफहमी को रोका। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने राष्ट्रीय शस्त्रागारों से हजारों परमाणु हथियारों की कटौती को सुगम बनाया। महासचिव ने अमेरिका-रूस से राजनयिक बातचीत करने की अपील की, ताकि बिना रोक-टोक के दुनिया में परमाणु विस्तार की वापसी रोकी जा सके। अनिश्चितता के इस समय में भी हमें उम्मीद ढूंढ़नी चाहिए। यह तेजी से बदलते माहौल के लिए एक शस्त्र नियंत्रण प्रणाली को पुर्नस्थापित करने और बनाने का मौका है। रूस ने कुछ समय के लिए मौजूदा स्थिति बनाए रखने की इच्छा जताई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन संधि खत्म होने के बाद एक और साल तक 'न्यू स्टार्ट' की सीमाओं का पालन करने को तैयार हैं, बशर्ते अमेरिका भी ऐसा करे। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 29 जनवरी को कहा कि अमेरिका ने अभी तक इस प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं दिया है। गुटेरेस ने आखिर में कहा कि दुनिया अब रूसी गणराज्य और अमेरिका से उम्मीद कर रही है कि वे अपनी बातों को कार्रवाई में बदलें। गुटेरेस ने आगे कहा कि मैं दोनों देशों से आग्रह करता हूं कि वे बिना किसी देरी के बातचीत की मेज पर लौटें और एक ऐसे ढांचे पर सहमत हों जो सत्यापन योग्य सीमाओं को बहाल करे, जोखिमों को कम करे और हमारी साझा सुरक्षा को मजबूत करे। चीन ने अमेरिका से बातचीत की अपील की है।





